आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

अखिलेश यादव बोले, डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 15 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 65 www.janexpresslive.com/epaper



मोदीजी का कॉन्फिडेंस खत्म: राहुल 12

# पंकज चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

- विनोद तावड़े और पीयूष गोयल ने की घोषणा, योगी रहे मौजूद

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके नाम की घोषणा की। हालांकि शनिवार को एकमात्र नामांकन होने की वजह से पहले ही उनके नाम पर औपचारिक मुहर लग गई थी। लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विवि कैंपस के सभागार में इसकी घोषणा की गई। इस मौके पर केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश चुनाव अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने पंकज चौधरी की जीत की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



### राजनीतिक सफर की शुरुआत में ही बने गए थे डिप्टी मेयर

गोरखपुर के घंटाघर हरबंश गली स्थित घर में 20 नवंबर 1964 में जन्मे पंकज चौधरी ने एमपी इंटर कॉलेज और गोरखपुर विश्वविद्यालय से स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण की। औद्योगिक घराने में जन्मे पंकज चौधरी ने राजनीति में कदम रखा और नगर निगम गोरखपुर में 1989 में पार्षद बने और डिप्टी मेयर बने। महराजगंज में पंकज के लिए राजनीतिक जमीन उनके भाई स्वर्गीय प्रदीप चौधरी ने तैयार की। वह महराजगंज के पहले जिला पंचायत अध्यक्ष थे। वे ही पंकज को अपने साथ लाए और उन्हें स्थापित किया। पंकज ने भी अपनी राजनीतिक समझ से धीरे-धीरे अपनी पहचान बना ली। राम लहर में 1991 में पहली बार भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। उसके बाद से वह महराजगंज के ही होकर रह गए। अब तक दो बार ही (1999 और 2009 के लोकसभा चुनाव) में ही पंकज को हार का सामना करना पड़ा। पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में पहली बार केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री बने और तीसरे कार्यकाल में भी उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी मिली।

### सरकार व संगठन मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे: योगी

भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के औपचारिक एलान के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी के नए अध्यक्ष का स्वागत किया और कहा कि अब सरकार व संगठन मिलकर आगे बढ़ेंगे और उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो प्रदेश की पहचान बदलनी शुरू हुई। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ जिससे निवेशकों ने प्रदेश की ओर देखना शुरू किया। हमें केंद्र से पूरा सहयोग मिलता रहा। हमने जब भी केंद्र से यूपी के विकास को लेकर कोई मांग की वो पूरी हुई। प्रदेश में पहली बार निवेशकों के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। विकास की इसी नीति और बदलाव के कारण यूपी बीमारू राज्यों की श्रेणी से बाहर आया और अब विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है जबकि पहले यूपी की पहचान दंगों से होती थी। उन्होंने कहा कि 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो प्रदेश की पहचान बदलनी शुरू हुई। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ जिससे निवेशकों ने प्रदेश की ओर देखना शुरू किया। हमें केंद्र से पूरा सहयोग मिलता रहा। हमने जब भी केंद्र से यूपी के विकास को लेकर कोई मांग की वो पूरी हुई। प्रदेश में पहली बार निवेशकों के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। विकास की इसी नीति और बदलाव के कारण यूपी बीमारू राज्यों की श्रेणी से बाहर आया और अब विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है जबकि पहले यूपी की पहचान दंगों से होती थी। आज यूपी की पहचान विकास और विरासत के साथ होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी में सैकड़ों वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर के लिए भूमि पूजन समारोह किया। राम मंदिर का उद्घाटन हुआ और अभी 25 नवंबर को ध्वजारोहण समारोह कर राम मंदिर के पूर्ण होने का एलान किया। यह भाजपा की सरकार में ही संभव हो सका है कि अब उत्तर प्रदेश की पहचान विकास, विरासत और अच्छी कानून व्यवस्था के कारण होती है। आज सबसे ज्यादा हाईवे उत्तर प्रदेश में हैं। सबसे ज्यादा मेट्रो रेल संचालित करने वाला उत्तर प्रदेश है। पहले प्रदेश में तीन से चार घंटे ही बिजली आती थी पर अब प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश बन चुका है।

### अब तक के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

- **माधव प्रसाद त्रिपाठी-** 1980-1984 (4 वर्ष)
- **कल्याण सिंह-** 1984-1990 (6 वर्ष)
- **राजेंद्र कुमार गुप्ता-** 1990-1991 (1 वर्ष)
- **कलराज मिश्र-**1991-1997 (6 वर्ष)
- **राजनाथ सिंह-** 25 मार्च 1997- 3 जनवरी 2000 (2 वर्ष 10 माह)
- **ओमप्रकाश सिंह-** 3 जनवरी 2000-17 अगस्त 2000 (7 माह)
- **कलराज मिश्र-** 17 अगस्त 2000-24 जून 2002 (1 वर्ष 10 माह )
- **विनय कटियार-** 24 जून-2002-18 जुलाई 2004 (2 वर्ष)
- **केशरीनाथ त्रिपाठी-** 18 जुलाई 2004- सितंबर2007 (3 वर्ष 2 माह)
- **रमापति राम त्रिपाठी-** सितंबर 2007-12 मई 2010 (2 वर्ष 8 माह)
- **सूर्य प्रताप शाही-** 12 मई 2010 - 13 अप्रैल 2012 ( 1 वर्ष 11 माह)
- **लक्ष्मीकांत वाजपेयी-** 13 अप्रैल 2012 - 8 अप्रैल 2016 (4 वर्ष)
- **केशव प्रसाद मौर्य-** 8 अप्रैल 2016-31अगस्त 2017 (1 वर्ष 5 माह)
- **महेंद्र नाथ पांडेय-** 31 अगस्त 2017- जुलाई 2019 (1 वर्ष 11 माह)
- **स्वतंत्र देव सिंह-** जुलाई 2019- 25 अगस्त 2022 (3 वर्ष 1 माह)
- **चौधरी भूपेंद्र सिंह-** 25 अगस्त 2022- अब तक (तीन वर्ष से अधिक)

### शुद्ध नीयत से की जा रही है एसआईआर

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस समय प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया की जा रही है। यह मतदाताओं को जोड़ने के लिए शुद्ध नीयत से किया जा रहा काम है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम मतदाताओं के पास जाएं और उनके नाम जोड़ने में मदद करें साथ ही यह भी ध्यान रखें कि फर्जी मतदाता न जुड़ जाएं। ऐसे लोग भी हैं जो असम के हैं लेकिन मतदाता हैं यूपी के। हमारा उद्देश्य है कि फर्जी मतदाता न जुड़ पाएं और हमारे वोटर कम न होने पाएं। ये इसलिए जरूरी है कि जब साफ-सुथरी मतदाता सूची तैयार हो जाएगी तो कार्यकर्ताओं का तीन चौथाई काम पूरा हो जाएगा। विधानसभा चुनाव में एक चौथाई काम करना होगा और भाजपा की तीन चौथाई सीटें सुनिश्चित हो जाएंगी।

### 'कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हर चुनौती को पूरा करेंगे'

यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा- भाजपा ने मुझे 26 साल की उम्र में पहली बार महराजगंज से चुनाव लड़ाया। न पार्टी छोड़ी, न ही संसदीय क्षेत्र छोड़ा। एक ही पार्टी और एक ही क्षेत्र से सात बार सांसद रहा। अब बड़ी चुनौती है। सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इसे पूरा करेंगे। किसी भी पार्टी के 4 स्तंभ होते हैं- 1. कार्यालय, 2. कोष, 3. कार्यक्रम और 4. कार्यकर्ता। पंकज चौधरी ने कहा कि प्रदेश भर के देवतुल्य कार्यकर्ताओं का स्नेह मिला, उससे मैं गदगद और अभिभूत हूं। भारत के सबसे बड़े प्रदेश यूपी को राजनीति का केंद्र माना जाता है। मैं अध्यक्ष पद से गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और संघ परिवार का आभार कि मेरे ऊपर विश्वास जताया। हमारी पार्टी में कोई वाद नहीं चलता है- न परिवारवाद, न जातिवाद। गलत के सामने हार न मानने की जिद में मैं राजनीति में आया। गोरखपुर में डिप्टी मेयर के चुनाव में सिविल कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ा। सात महीने में फिर डिप्टी मेयर बना।

### आज अयोध्या में सबसे भव्य मंदिर बन गया: योगी

योगी ने कहा- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 11000 करोड़ का व्यापार हुआ। यह तब हुआ, जब कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार आया। पीएम मोदी का मार्गदर्शन मिला। कोई सोच सकता था कि अयोध्या में राम मंदिर बनेगा। आज कोई राम भक्त पर सवाल नहीं उठा सकता है। आज तो अयोध्या ने सबसे भव्य मंदिर बन गया है। राम मंदिर में ध्वजारोहण भी हो गया है। विरासत को संरक्षण मिलने से गौरव की अनुभूति हो रही है। काशी कॉरिडोर बना है। नैमिष सहित अन्य तीर्थ स्थल का कायाकल्प किया है।

### डबल इंजन सरकार ने यूपी को आगे बढ़ाया: योगी

योगी ने कहा- एक अनुभवी कार्यकर्ता को दायित्व मिलने के बाद सरकार ओर संगठन मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विकसित यूपी के संकल्प को पूरा करेंगे। नई चुनौती सामने है, आज पूरी दुनिया का नजरिया भारत और भारतवासी के प्रति बदला है। जो लोग भारत को नजरअंदाज करते थे, उन्हें अब भारत में दुनिया का नेतृत्व नजर आ रहा है। उन्होंने कहा- यूपी में जो भी परिवर्तन करने में सफल हुए, वह डबल इंजन सरकार की ताकत और एक-एक कार्यकर्ता की ताकत की देन है।

### चुनाव की औपचारिकता की गई पूरी

दरअसल प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में चौधरी का नाम पहली बार चर्चा में आया था, लेकिन इसे लोग इस आधार पर खारिज कर रहे थे सीएम और अध्यक्ष एक ही क्षेत्र से नहीं हो सकता है। हालांकि शुक्रवार को चौधरी के नाम और तेजी से सामने आया, लेकिन नामांकन दाखिल होने तक भी सियासी गलियारों में कई नाम चर्चा में रहे। भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के इतिहास के लिहाज से देखा जाए तो लक्ष्मीकांत बाजपेयी के चुनाव के बाद यह पहला मौका है,जब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए चुनाव की औपचारिकता की जा रही है।

# बीए-बीएड के कूट-रचित दस्तावेजों का बड़ा खेल!

## एक ही नामांकन नंबर पर दो-दो पहचान, नियुक्ति पर सवालों का पहाड़

- मार्कशीट में धर्मपाल, आरटीआई में धर्मवीर... जन्मतिथि भी अलग
- शिक्षा विभाग की जांचों में गोलमोल जवाब, जिले में मचा प्रशासनिक हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। संभल/मुरादाबाद**



शिक्षा विभाग में फर्जी मार्कशीट और कूट-रचित बीएड डिग्री के सहारे प्रवक्ता पद पर हुई कथित नियुक्ति ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। पूरा मामला अब बड़े प्रशासनिक घोटाले की ओर इशारा कर रहा है, जिसमें बीए की मार्कशीट, बीएड की डिग्री, जन्मतिथि, यहां तक कि पूरा नाम-सब कुछ संदिग्ध! सबसे बड़ा सवाल-एक ही नामांकन संख्या (886985) और रोल नंबर (52264) पर दो अलग-अलग व्यक्ति कैसे? बीए तृतीय वर्ष (1991), एस.एम. डिग्री कॉलेज चंदौसी की मार्कशीट पर नाम धर्मपाल सिंह, जन्मतिथि 21-03-1971, जबकि आरटीआई के जवाब में आया, धर्मवीर सिंह, वही नामांकन संख्या, वही रोल नंबर, जन्मतिथि 19-03-1971। यही नहीं, कॉलेज रिकॉर्ड में बीए उत्तीर्ण करने वाला असली छात्र धर्मवीर सिंह बताया गया है। साक्ष्यों में सामने आया कि नियुक्ति के लिए प्रस्तुत बीएड की डिग्री- हस्तलिखित, जबकि 1994 बैच की बाकी सभी बीएड डिग्रियाँ कंप्यूटराइज्ड हैं। उसी बैच के विद्यार्थियों ने भी साफ कहा, 'ऐसा कोई व्यक्ति न परीक्षा में दिखा, न प्रैक्टिकल में। यानी जिस व्यक्ति की बीए भी प्रमाणित नहीं, उसकी बीएड डिग्री भी सवालों में।

### सबसे बड़ा प्रश्न, यदि बीए ही उत्तीर्ण नहीं, तो स्थानांतरण पत्र कैसे जारी हुआ?

शिक्षा विभाग की चुप्पी और बार-बार गोलमोल जवाबों ने पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बना दिया है। डीआईओएस, जेडी और निदेशालय स्तर पर जारी भ्रमित करने वाले उत्तरों से मामला और उलझता जा रहा है।

### जनता और पत्रकारों की प्रतिक्रिया, 'यह सिर्फ फर्जीवाड़ा नहीं, पूरा नेटवर्क है!'

स्थानीय लोगों और शिक्षा जगत में चर्चा है कि इस मामले में कई अधिकारी व कर्मचारी शामिल हो सकते हैं, वरना—हस्तलिखित बीएड, दो अलग-अलग तिथियाँ, दो अलग नाम... और फिर भी नियुक्ति—यह बिना संरक्षण संभव नहीं!

### मामला अब बड़े खुलासे की ओर, प्रशासन पर बढ़ा दबाव

जिलाधिकारी कार्यालय से जांच भले शुरू हुई हो, लेकिन आगे न बढ़ने पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि इतनी गंभीर शिकायतें वर्षों से लंबित हैं, तो कहीं विभाग के भीतर ही 'सुरक्षा कवच' तो नहीं? यह पूरा प्रकरण शिक्षा विभाग के भीतर दस्तावेजों की सत्यता, नियुक्तियों की शुचिता और प्रमाण पत्रों की जांच प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। अगर यह फर्जीवाड़ा सिद्ध होता है, तो यह प्रदेश में शिक्षक नियुक्तियों के सबसे बड़े घोटालों में से एक साबित हो सकता है।

### शिक्षा विभाग की जांचों में 'मानवीय भूल' की आड़?

कथित आरोपी पर आरोप है कि उसने किसी धर्मेंद्र कुमार यादव के दस्तावेजों का भी उपयोग किया। पहली जांच में यह सामने आया, लेकिन बाद में शिक्षा निदेशक ने इसे 'मानवीय भूल' बताकर आगे बढ़ा दिया। दूसरी और तीसरी जांच में तो बीए और एमए के दस्तावेजों की जांच ही नहीं की गई! जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद भी मामला आगे नहीं बढ़ा। शिक्षा निदेशक का बयान और भी चौंकाने वाला 'जांच नहीं, सिर्फ सुनवाई की थी। 'विभाग के भीतर सवाल उठ रहा है कि बिना जांच किए किस आधार पर सुनवाई?

# 'जनसंख्या संतुलन व सामाजिक संरचना के संरक्षण को सरकार प्रतिबद्ध'

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

देवभूमि उत्तराखंड के विकास के साथ ही सांस्कृतिक मूल्यों, जनसंख्या संतुलन और सामाजिक संरचना के संरक्षण के प्रति सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड की नीतियां और नवाचार आज अन्य राज्यों के लिए आदर्श बन कर विकसित भारत की दिशा तय करने में भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ''विकसित भारतः 2047, विकास भी, विरासत भी'' थीम पर आयोजित तीन-दिवसीय 47वीं आल इंडिया पब्लिक रिलेशन कांफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री धामी ने सहस्त्रधारा रोड स्थित होटल एमराल्ड ग्रैंड में आयोजित कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए देशभर से आए जनसंपर्क विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं युवा प्रतिभाओं का स्वागत किया और कहा कि इस वर्ष की थीम ''पीआर विजन फार 2047'' विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि अब पब्लिक रिलेशन केवल सूचना संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का एक



महत्वपूर्ण और प्रभावी अंग है। वर्तमान डिजिटल युग में, सूचना की प्रचुरता है, वहीं दूसरी ओर गलत सूचनाओं की चुनौती भी है। ऐसे में सरकार और जनता के बीच सही, समयबद्ध और भरोसेमंद संवाद स्थापित करना जनसंपर्क की बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे प्राकृतिक आपदा एवं सामरिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में संवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन, सुशासन, धार्मिक एवं पर्यटन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भविष्य की पीआर प्रणाली को तेज, तकनीकी रूप से सक्षम और जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील बनाना होगा, ताकि सरकार और जनता के बीच साझेदारी और विश्वास का संबंध स्थापित हो सके।

### 'सामाजिक समरसता बनाए रखने की आवश्यकता'

देहरादून में ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कान्फ्रेंस के उद्घाटन में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार जनसंख्या संतुलन और सामाजिक संरचना के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के महत्व पर जोर दिया और कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। सीएम धामी ने सामाजिक समरसता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### कई विषयों पर विशेषज्ञ सत्र

15 दिसंबर तक चलने वाली 47वीं आल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कांफ्रेंस का आयोजन पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी आफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन में उत्तराखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा, मीडिया व जनसंपर्क की भूमिका, तकनीक, जीएसटी, एआइ, साइबर क्राइम, मिस इन्फार्मेशन और अंतरराष्ट्रीय जनसंपर्क जैसे विषयों पर सत्र होंगे। इसमें रूस से आए प्रतिनिधियों की सहभागिता सम्मेलन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देगी।

### सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को राष्ट्रीय सम्मान

कान्फ्रेंस के उद्घाटन के अवसर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को पीआरएसआई द्वारा सुशासन में उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, परमार्थ निकेतन से अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पाठक, देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया, रूसी प्रतिनिधि माइकल मस्लोव, दाव्यदेंको यूलिया, अन्ना तलानीना उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि पब्लिक रिलेशन संकट के समय एक सक्षम कमांड सेंटर की भूमिका निभाने के साथ-साथ, देश के लिए सकारात्मक नैरेटिव गढ़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की 25 वर्षों की यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024-25 में लगभग 3.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने जा रहा है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है और बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक कमी आई है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे, रोपवे परियोजनाएं तथा हवाई अड्डों के विस्तार जैसे कार्य विकास को नई गति दे रहे हैं। शीतकालीन यात्रा की पहल के माध्यम से वर्षभर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में हासिल उपलब्धियां राज्य के पारदर्शी, प्रभावी और जन भागीदारी आधारित शासन का प्रमाण हैं।

# यूपी में बन रही थीं नकली दवाइयां

## 2.30 करोड़ की क्रीम मिली, लगाने से कैंसर और त्वचा की गंभीर बीमारी का खतरा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली दवाइयां बनाने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव मीरपुर हिन्दू, लोनी, गाजियाबाद, यूपी निवासी गौरव भगत और निर्मल विहार, सभापुर, दिल्ली निवासी श्रीराम उर्फ विशाल गुप्ता के रूप में हुई है। आरोपी यूपी स्थित लोनी के मीरपुर हिन्दू गांव में त्वचा रोगों में इस्तेमाल होने वाली बेटनोवेट-सी क्रीम, क्लोप-जी क्रीम और स्किन शाइन क्रीम बना रहे थे। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 2.30 करोड़ रुपये की नकली दवाइयों के अलावा पैकिंग मेटेरियल, मशीन, कच्चा माल व अन्य सामान बरामद किया है। पूरे देश में आरोपी इन दवाइयों को अपने नेटवर्क से सप्लाई करवा रहे थे। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अभी कई गिरफ्तारियां होना बाकी है। इनकी तलाश में दिल्ली-एनसीआर के अलावा दूसरे स्थान पर छापेमारी की जा रही है। बरामद नकली दवाइयों के इस्तेमाल से कैंसर जैसे रोग होने की संभावना रहती है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि इंस्पेक्टर मनजीत सिंह और एएसआई कंवरपाल की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली दवादयां बनाकर बेच रहे हैं। टीम ने आरोपियों की जानकारी जुटाना शुरू कर दी। इस बीच टीम को खबर मिली कि गिरोह की सप्लाई दिल्ली के सदर बाजार स्थित तेलीवाड़ा में भी है। टीम ने वहां से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। जानकारी जुटाने के बाद टीम ने सबसे पहले श्रीराम उर्फ विशाल गुप्ता को दबोच लिया। इसकी निशानदेही पर भारी मात्रा में बेटनोवेट-सी और क्लोप-जी क्रीम बरामद की गई। जांच के दौरान पता चला कि बरामद सभी दवाइयां फर्जी हैं। इनका इस्तेमाल त्वचा रोग और स्पोर्ट्स इंजुरी में किया जाता है। आरोपी विशाल गुप्ता से पूछताछ की गई। विशाल ने खुलासा किया कि बरामद सभी फर्जी दवाइयों को लोनी, गाजियाबाद के मीरपुर-हिन्दू में बनाया जा रहा है। जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने मीरपुर में छापेमारी कर वहां से गौरव भगत नामक आरोपी को दबोच लिया। इनकी फैक्टरी से भारी मात्रा नकली दवादयां और कच्चा माल व मशीन बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह लोग पिछले कई साल से यहां पर नकली दवाइयां बनाने का काम कर रहे थे। इनका नेटवर्क उतर-भारत के कई राज्यों में फैला हुआ है। यह लोग क्रीम बनाकर होलसेलर को बेचते हैं। इसके बाद होलसेलर से सप्लायर इनको देशभर में पहुंचा देते हैं। आरोपियों ने करोड़ों का मुनाफा कमाया है।

### आरोपियों के पास से बरामद सामान...

- 1200 ट्यूब बेटनोवेट-सी क्रीम
- 2720 ट्यूब क्लोप-जी क्रीम
- 3770 ट्यूब स्किन शाइन क्रीम
- 22000 क्लोप-जी की खाली ट्यूब
- 358 किलोग्राम कच्चा माल
- भारी मात्रा में अन्य केमिकल व मशीनें।

### नकली दवाइयों से कैंसर और त्वचा की गंभीर बीमारी का खतरा

बरामद सभी दवाइयां डॉक्टर की बिना पर्ची के ओपन काउंटर से नहीं ली जा सकती हैं, यदि इन दवाइयों को नकली बनाया जा रहा है तो यह एक गंभीर विषय है। इनके नकली होने पर बेहद गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इससे त्वचा के गंभीर रोग की संभावना बढ़ जाती है।

-डॉ. एस.सी भरिजा, त्वचा रोग विशेषज्ञ, गंगाराम अस्पताल

# यूपी: बीएड योग्यता वाले शिक्षकों को करना होगा ब्रिज कोर्स

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में जारी आदेश के क्रम में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तैनात बीएड योग्यता धारी शिक्षकों को छह महीने का ब्रिज कोर्स कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे लगभग 33 हजार शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। पूर्व में परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 के लिए बीएड योग्यता को अमान्य कर दिया गया है। इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने अंशुमान सिंह बनाम नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन व अन्य में 8 अप्रैल 2024 को आदेश जारी किया था। इसमें वर्तमान में तैनात शिक्षकों को छह महीने के ब्रिज कोर्स कराने का आदेश दिया था। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को निर्देश जारी करके बीएड योग्यता धारी शिक्षकों को यह कोर्स कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बीएड योग्यता धारी शिक्षकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा छह महीने का ब्रिज कोर्स ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग विधि से कराया जा रहा है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 25 दिसंबर तक किए जाएंगे। उन्होंने सभी बीएड योग्यता धारी शिक्षकों के इस कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी बताया है कि इस ब्रिज कोर्स को निर्धारित समय पर न पूरा करने वाले बीएड योग्यता धारी शिक्षकों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया जाएगा।

# जनपद में विक्रय केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया उर्वरक : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

किसानों द्वारा लगातार उठाई जा रही खाद की समस्या पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनपद के समस्त साधन सहकारी समितियों एवं अन्य निजी बिक्री केंद्रों जैसे एग्री जंक्शन, आईएफएफडीसी, डीसीडीएफ, पीसीएफ कृषक सेवा केंद्रों आदि को 2,190 मैट्रिक टन अर्थात् लगभग 40,000 बोरी यूरिया उर्वरक का आवंटन कर दिया गया है, जो बांदा रैक पॉइंट तथा पीसीएफ बफर गोदाम से बिक्री केंद्रों को भेजी गई है। इसके अतिरिक्त 16 निजी बिक्री केंद्रों एग्री जंक्शन, आईएफएफ डीसी बिक्री केंद्रों आदि को भी इफको की यूरिया उपलब्ध कराने के लिए कंपनी को निर्देशित किया गया है ताकि उन किसानों को भी खाद मिल सके जो किसी कारण से समिति के सदस्य नहीं हैं या अभी तक फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं करा सके हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी किसान गेहूं समेत रबी की अन्य खड़ी फसलों में टॉप ड्रेसिंग के लिए वैज्ञानिकों द्वारा संस्तुत मात्रा में उर्वरक प्रयोग करें। जिन्होंने मिट्टी का परीक्षण कराया है, वह मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गई उर्वरक मात्रा का प्रयोग करें। बताया कि इस रबी सीजन में अब तक 2580 मैट्रिक टन यूरिया समितियों व अन्य सहकारी बिक्री केंद्रों से वितरित की जा चुकी है। समितियों पर यूरिया खाद की उपलब्धता बनी रहेगी। इसके लिए शासन की योजनानुसार एक रैक यूरिया दो तीन दिनों में जिले को प्राप्त होने वाली है, जिसे सीधे सहकारी समितियों पर भेजा जाएगा ताकि किसान समय से खाद का उपयोग कर सकें। बताया कि जनपद में उर्वरकों के वितरण पर सतत् निगरानी रखने के लिए कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, उर्वरक निरीक्षकों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी प्रेक्षक के रूप में लगाई गई है, जो निरीक्षण व भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि उर्वरक पीओएस मशीन से जोत बही के अनुसार मिले। साथ ही प्रत्येक विक्रय केन्द्र पर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड का भी अवलोकन करेंगे। बताया कि यदि उर्वरक वितरण में कहीं पर टैगिंग, ओवर रेटिंग व काला बाजारी का प्रकरण प्रकाश में आने पर संबंधित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने जनपद के किसानों से अपील की है कि वह अपनी फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरकों का क्रय एवं प्रयोग करें। आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का प्रयोग करने पर खेती की लागत में वृद्धि होगी तथा मिट्टी एवं पर्यावरण के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। बताया कि अंधाधुंध उर्वरक प्रयोग न केवल कीट व्याधियों को आमंत्रित करता है, वरन अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता को भी प्रभावित करता है। अतः जैविक खाद के साथ ही रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग निर्धारित मात्रा में ही किया जाय। संतुलित उर्वरक के प्रयोग से जहां अपेक्षित फलोत्पादन प्राप्त होता है, वहीं पर्यावरण व स्वास्थ्य की रक्षा भी होती है।

## राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप का भव्य समापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद में आयोजित 52वीं सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप (ज़ोन-बी) का समापन अत्यंत रोमांचक और यादगार क्षणों के साथ संपन्न हुआ। दो दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित आयोजन ने जनपद के खेल प्रेमियों को थ्रिलिंग अनुभव दिए और जिले को राज्य स्तरीय कबड्डी मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई। सभी मुकाबले भागवत प्रसाद मेमोरियल अकैडमी, श्रीनाथ विहार, चिल्ला रोड के खेल मैदान में आयोजित किए गए, जहाँ हर मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। रेड, सुपर टैकल और आखिरी पलों तक चले मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा।

समापन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक (ऱ्स्क) शिव राज ने विशिष्ट अतिथि (त्व्हद्दह्यह्ल श्द्ध ॥श्ठ्ठश्ह्) के रूप में शिरकत की। उनके साथ जनपद के कई प्रख्यात एवं गणमान्य नागरिकों ने भी फाइनल मुकाबला देखा और खिलाड़ियों की सराहना की।

प्रतियोगिता में विजेता टीम ÷ङ्कर्ड्ड÷ ने पूरे जोश, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया। टीम का खेल न केवल तकनीकी रूप से मजबूत रहा, बल्कि उसमें स्पोर्ट्समैन स्पिरिट साफ झलकती रही, जिसके लिए उन्हें सभी दर्शकों और अधिकारियों से भरपूर सराहना मिली।

जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अंकित कुशवाहा, सचिव कमल यादव एवं कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने संयुक्त रूप से कहा कि इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि खेल भावना, आपसी सम्मान और अनुशासन पूरे टूर्नामेंट में सर्वोपरि रहे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन जनपद के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और जिले में कबड्डी के भविष्य को नई दिशा देगा।पहला सेमी फाइनल मुकाबला गौतम बुद्ध नगर 1/ह्य यूपी पुलिस के मध्य खेला गया जिसमें गौतम बुद्ध नगर ने फाइनल में प्रवेश किया। वही इस चैंपियनशिप का दूसरा मुकाबला गाजियाबाद 1/ह्य मेरठ के मध्य खेला गया

समापन अवसर पर यह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया कि जीत-हार से ऊपर खेल भावना रही, और यही इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप की सबसे बड़ी जीत साबित हुई।

इस समापन दिवस के अवसर पर जेपी पावर डीन कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, शिव शरण कुशवाहा चेयरमैन भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी, राम लखन कुशवाहा, चंद्रलेखा कुशवाहा,राजकुमार राज,चंद्र मौली भारद्वाज,नितिन द्विवेदी,अमित सेठ भोलू विकल्प शर्मा, संजय गुप्ता,कुक्कू माली, संजय काकोनिया, राजेंद्र अवस्थी, महेश साहिल, रेहान अली आदि मौजूद रहे।

## नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई निशुल्क चिकित्सीय सुविधा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



ग्राम पंचायत सगवारा में समाजसेवी पादुमनारायन पांडेय, श्री मां सेवा संस्थान व जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों का निःशुल्क परीक्षण कर चश्मों व आई ड्राप का वितरण किया गया। साथ ही मोतियाबिंद की समस्या वाले मरीजों को चिन्हित कर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चिकित्सालय भेजा गया।

समाजसेवी पदुमनारायन पांडेय ने बताया कि उन्होंने अपने संकल्प एक कदम गांव की ओर अभियान के तहत नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जानकीकुंड अस्पताल के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम ने सभी नेत्र रोगियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया तथा चश्मों का भी वितरण किया। इस दौरान गंभीर समस्या (मोतियाबिंद आदि) वाले नेत्र रोगियों चिन्हित कर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए बस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। श्री मां सेवा संस्थान की प्रबंधक संजुला पांडेय ने कहा कि नेत्र परीक्षण शिविर के माध्यम से ऐसे जरूरतमंद लोगों को सुविधा मिल रही है, जो चिकित्सालय तक नही पहुच पाते है। शिविर के माध्यम से ऐसे लोगों को गांव में ही सुगमता से इलॉज मिल जाता है। संस्थान के अध्यक्ष शशांक मिश्रा ने कहा सुदूर गांवों में रहने वाले जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। नेत्र परीक्षण शिविर में जानकीकुंड नेत्र चिकित्सालय के सीनियर नेत्र सहायक उमाशंकर शुक्ल, नेत्र सहायक विनय यादव, चश्मा विभाग के ब्रजेश यादव व काउंसलर दिलीप कुमार ने सेवाएं दी।

इस मौके पर रामनारायण पांडेय, जितेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, शालू केशरवानी, बृजेश पांडेय, बाबूलाल द्विवेदी, व्योमनाथ पांडेय, सूरज सिंह चैहान, संजीव सिंह, अनिल अग्रवाल, ओम प्रकाश, आदित्य पटेल, आदित्य जायसवाल, लोकेंद्र नाथ पांडेय, रामनिरंजन द्विवेदी, उदित-नारायण मिश्रा, रामानंद मिश्रा, जमुना, रामबालक, वीरेन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## विजेता प्रतिभागियों को आभास महासंघ ने किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के सपहा गांव में आभास महासंघ द्वारा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल, प्रमाण पत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया। विचार संगोष्ठी में महासंघ के पदाधिकारियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सील्ड, प्रमाण पत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय सपहा कक्षा सात की छात्रा सुधा यादव ने प्रथम प्राथमिक विद्यालय सपहा कक्षा पांच की छात्रा नव्या सिंह ने द्वितीय व उच्च प्राथमिक विद्यालय सपहा कक्षा सात की छात्रा शिवानी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों प्रतिभागियों सहित अन्य बच्चों को आईटी कम्प्यूटर के डायरेक्टर रामकुमार, महासंघ के प्रेमचंद वर्मा व बाबूलाल यादव द्वारा सील्ड, प्रमाण पत्र व पेन देकर सम्मानित किया।

## सीएमओ डा0 गीतम सिंह ने नव निहाल बच्चे को दो बूंद पोलियो ड्राप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

पोलियो से बचाव के लिये 15 दिसम्बर से शुरू होकर 19 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान के तहत डोर टू डोर पोलियो टीमें जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो ड्रॉप पिलाईंगी। इस अभियान की शुरुआत जिला महिला अस्पताल से मुख्य चिकित्साधिकरी गीतम सिंह ने नव निहाल को दो बूंद पोलियो ड्राप पिलाकर की। इस मौके पर महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधिक्षक डा0 के0एस0मिश्रा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 चतुर्भुज राजपूत, डिप्टी सीएमओ डा0 बीपी सिंह, जिला टी0बी0 अधिकारी डा0 आर के यादव, जिला मलेरिया अधिकारी डा0 राजीव शाक्य, प्रभारी पीजीसी साधना चौरसिया, सरफराज खान, भैय्या अग्रवाल, जिला समनवयक यूनीसेफ के मानीटर मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में हुआ मरीजों का निशुल्क उपचार

**जन एक्सप्रेस/बाँदा** चिल्ला रोड स्थित आराध्या नर्सिंग होम में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक चले इस शिविर में सैकड़ों गरीब मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया ।आराध्या नर्सिंग होम की डाक्टर अंकिता सिंह ने बताया कि जनपद के गरीब मरीजों को ध्यान में रखते हुए इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था इस शिविर में महिलाओं से सम्बंधित बीमारियों और सर्दी जुकाम हुखार डायरिया शुगर बीपी आदि के एक सैकड़ा से ज्यादा मरीजो का उपचार हुआ है ।इस शिविर में पर्चे की कोई फीस नहीं ली गई, मरीजों को जांच में 50 प्रतिशत और दवाओं में 20 प्रतिशत कई छूट दी गई है ।इस अवसर पर डाक्टर अंकिता सिंह ने कहा है कि वो प्रति दिन आराध्या नर्सिंग होम में 11 बजे से एक बजे तक बैठती है और वो मरीजों से फीस नहीं लेतीं जो लोग आज शिविर में नहीं आ सके वो कभी भी 11 बजे से एक बजे के बीच आ सकते हैं ।इस शिविर मे डाक्टर अंकिता सिंह के साथ यशवंत यादव, रचना वर्मा,ऋतुराज,रज़िया,सावित्री,मिलन,भरत पटेल,विपिन,वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## धर्मनगरी में 17 से शुरु होगा गायत्री साधकों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भगवान श्रीराम की तपोभूमि पर देश भर के परिजनों के सहयोग से श्रद्धा संवर्धन विराट 151 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 17 से 20 दिसंबर तक आयोजित होगा। इसकी तैयारियों में सभी जिम्मेदारी बांटी जा चुकी है। फूल व पौधों के बीच हर्बल वातावरण के बीच हवन यज्ञ तैयार हो रहे हैं। इसमें कई गायत्री साधक व आरएसएस के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

रविवार को अक्षय वट यज्ञ स्थल कामतन मार्ग पर कार्यक्रम संयोजक गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ. रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि यह चार दिवसीय कार्यक्रम होगा। प्रथम दिवस- 17 दिसंबर विराट कलश यात्रा निकलेगी। इसमें 25 झांकिया, ध्वज पूज्य संतो के निशान, विद्यालयों के घोष, हाथी-थोड़े के साथ स्मरणीय कलश बाबा समापन पर युग संदेश केसाथ दस स्कूलों के बच्चे भी शामिल होंगे। द्वितीय दिवस 18 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से देश आवाहन विराट 151 कुंडीय यज्ञशाला में हवन पूजन फिर शाम तीन बजे से युग संदेश गीत संगीत अतिथियों का बौद्धिक होगा। तृतीय दिवस 19 दिसंबर को प्रातः आठ बजे से यज्ञोपवीत आदि संस्कार, विराट 24000 वेदीय दीप महायज्ञ, सायं तीन बजे सुगम संगीत युग संदेश के लिए मुख्य वक्ता विश्वप्रसिद्ध, विश्व धर्म सम्मेलन के भारतीय प्रतिनिधि अनेक सम्मानों से सम्मानित अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रमुख डॉक्टर चिन्मय पंड्या प्रतिकुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के द्वारा और मंत्रियों तथा अनेक राज नेताओं की उपस्थिति रहेगी। चतुर्थ दिवस 20 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से यज्ञ हवन के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति तथा दोपहर एक बजे शांति कुंज के संतों की विदाई एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। यह यज्ञ सार्वजनिक सर्व कल्याण के लिए आयोजित है। जिसमें सभी जाति वर्ग के लोग बिना किसी भेदभाव के निशुल्क भाग ले सकते हैं। संस्कार करा सकते हैं तथा इस पावन यज्ञ में आहुतियां देकर अपने तथा राष्ट्र कल्याण के लिए देव शक्तियों से प्रार्थना करेंगे। इस मौके पर अतुल सिंह, केशव शिवहरे आदि मौजूद रहे।

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर स्लीपर टुरिस्ट बस ने बुलेरो को मारी टक्कर,चार की मौत

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



बुन्देलखण्ड एक्स्प्रेस वे पर आंध्रप्रदेश से आ रही डबल डेकर स्लीपर टुरिस्ट बस ने मौदहा के इचौली ग्राम के पास पीछे से जबरदस्त टक्कर मारदी। हादसे में बुलेरो सवार चार सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। जिसमें तीन भाईयों की मौके पर जबकि एक की बांदा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि सुबह 9 बजे के करीब माँ की अस्थियाँ विसर्जित करने इलाहाबाद जा रहे चार सगे भाईयों की बुलेरो यूपी 95 जे-2519 को आन्ध्रप्रदेश से आ रही डबल डैकर स्लीपर टुरिस्ट बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि बुलेरो सवार महोबा खन्ना के ग्राम घोड़ी निवासी सगे भाई 65 वर्षीय सिद्धगोपाल पुत्र मैयादीन, जबकि 40 वर्षीय रामसहोदर पुत्र छोटेलाल,वही 55 वर्षीय घनश्याम पुत्र छोटेलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बचे हुये 35 वर्षीय सोनू पुत्र प्यारे लाल चौथे भाई की इलाज के दौरान बांदा अस्पताल में मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही सीओ मौदहा ने कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी हाउस भिजवाने के साथ ही जख्मियों को सीएचसी मौदहा से बांदा रेफर किया गया है। सीओ मौदहा ने बताया कि हादसे की वारदात को अंजाम देने वाली बस को कब्जे में लेकर जरुरी कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## ठंड के चलते विद्यालय के समय में परिवर्तन की मांग

**जन एक्सप्रेस/बांदा** शीत लहर के चलते बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा संचालित विद्यालयों में ठंड को देखते हुए शिक्षकों ने समय परिवर्तन की मांग जिलाधिकारी से की है ।विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी एवं अटेवा के जिला संरक्षक मंडल अजय कुमार साहू ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वर्तमान समय में शीतलहर एवं ठंड बढ़ गई है जिसको देखते हुए विद्यालयो में छोटे-छोटे बच्चों को भारी ठंड का सामना करना पड़ रहा है ।प्रदेश के कुछ जिलों में समय परिवर्तन भी कर दिया गया है ।इसलिए हमारे जनपद में भी प्रातः 10.00 बजे से लेकर विद्यालय खोलने की हेतु आदेशित करने का कष्ट करें। कड़ाके की ठंड से बच्चों को बचाने हेतु समय परिवर्तन बहुत जरूरी है।

## आयोजित हुआ निरंकारी इंग्लिश मीडियम जोनल स्तरीय समागम

**जन एक्सप्रेस । बाँदा**



रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन,अलीगंज,शास्त्री नगर जनपद में एक विशाल जोनल स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन भोपाल से पधारे अशोक जुनेजा (केन्द्रीय प्रचारक) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें शहर के अलावा हमीरपुर,महोबा,चित्रकूट,अतर्रा, बबेरू,भरूआ-सुमेरपुर,बिवांर,मौदहा आदि शाखाओं से बच्चों,बहनों और महापुरूषों ने भाग लिया।इस समागम में उपस्थित विशाल संत समूह को संबोधित करते हुए भोपाल से पधारे अशोक जुनेजा ने कहा कि- संत निरंकारी मिशन प्रकृति के अन्दर समस्त मानव जाति को एक सूत्र में पिरोकर अपना परिवार मानता है। निरंकारी मिशन प्रकृति को 9 भागों में बाँटकर इनको बनाने वाले सर्वशक्तिमान निरंकार प्रभु को इन सबके बीच उपस्थित रहते हुए इसकी रजा में रहना ही भक्ति है।निरंकारी मिशन का आधार ब्रम्हज्ञान है। ब्रम्हज्ञानी सतगुरु के प्रत्येक वचन को इलाही फरमान मानता है।जहाँ गुरु का गुरुसिख सत्संग को प्राथमिकता देता है वहीं सांसारिक विचारधारा के लोग आध्यात्मिक कार्यों को रोककर या देरी से जाने का कारण अपने दुनियावी कार्यों को करते हैं। जैसे दक्षिण भारत में कुछ विशेष लोग होते हैं जिन्हें हिन्दी समझ में नहीं आती, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि आपको हिन्दी समझ में नहीं आती फिर भी आप सत्संग में समय से आते हैं और पूरे समय रहते हैं, तो उनका उत्तर था कि गुरु का आदेश है,और गुरु के आदेश को मानना ही भक्ति है। ये संसार निरंकार प्रभु की छाया है, जैसे किसी व्यक्ति को किसी गाड़ी में बैठकर अपनी यात्रा को तय करना होता है तो उसे अपनी छाया को नहीं कहना पड़ता कि तुम भी साथ बैठो, छाया तो साथ-साथ चलती है। इसी प्रकार यदि इस निराकार प्रभु परमपिता परमात्मा को हर समय अपने एहसास में रखते हैं तो यह समाज, संसार या हमारी सांसारिक जिम्मेदारी स्वतः पूरी हो जाती है। इस निराकार प्रभु का स्वभाव है सबसे प्रेम, सदभाव एवं भाईचारा स्थापित करना न कि किसी से नफ़रत करना। किसी भी जीवात्मा से नफरत करना अर्थात निरंकार से नफरत करना है। इसलिए गुरुसिख हमेशा प्रकृति के प्रत्येक वस्तु, व्यक्ति में इनके ही दर्शन करके अपनी भक्ति को पूर्णता की ओर ले जाता है, जैसे सम्पूर्ण अवतारवाणी में कहा है कि ये नौ चीजें दृश्यमान है, इनको कहते माया है। दशवां ब्रम्ह इनसे न्यारा, इनके बीच समाया है। समागम में होने वाली समस्त सेवायें निरंकारी सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा सम्पन्न करायी गईं, सत्संग के बाद सभी श्रद्धालु भक्तों ने लंगर (प्रसाद) ग्रहण किया।

### अभिभावक संवाद एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी के माध्यम से बीएसए ने किया शिक्षा के प्रति जागरूक

**चित्रकूट** मानिकपुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़चपा में रविवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बी.के. शर्मा की उपस्थिति में अभिभावक संवाद एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ माता सरस्वती का पूजन-अर्चन कर किया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसकी सभी ने सराहना की। गोष्ठी में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने कहा कि वर्तमान में जनपद में बेसिक शिक्षा की धारा सुचारू रूप से संचालित है, इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। कहा कि माता-पिता ही बच्चों की प्रथम पाठशाला होती है। अतः अभिभावकों का शिक्षा के प्रति जागरूक होना अतिआवश्यक है। विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक परिवेश के लिए प्रधानाचार्य समेत समस्त स्टॉप के कर्मठता एवं लगनशीलता की सराहना करते हुए बीएसए ने अन्य विद्यालयों के शिक्षकों को प्रेरणा लेने की बात कही।

## पैरों की सुस्ती, थकान और दर्द को मिटाता है पिंडली शक्ति विकासक क्रिया- योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी कर्वी चित्रकूट योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि अत्यधिक काम का बोझ, मानसिक तनाव, भाग दौड़ और अनियमित दिनचर्या के कारण पैरों में सुस्ती, थकान और दर्द बना रहता है। जिससे राहत के लिए पिंडली शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास करना चाहिए। योगाचार्य ने बताया कि पैरों के सर्वोत्तम स्वास्थ्य के लिए खासकर पिंडलियों के लिए पिंडली शक्ति विकासक सूक्ष्म क्रिया बहुत ही उपयोगी सिद्ध योग है। इसके अभ्यास से पैरों का दर्द मिटता है व स्फूर्ति बनी रहती है। इसके अलावा घुटने, जंघा व पिंडलियों साथ ही फेफड़े पुष्ट और मजबूत बनते हैं। पिंडली की मांसपेशियां निचले पैर के पिछले हिस्से में होती है, जो घुटनों के नीचे से शुरू होकर टखने तक फैलती है। यह दो मांसपेशियों से बनी होती है।



पिंडली की मुख्य हड्डी टिबिया और इसके समानांतर पतली फिबुला हड्डियां होती हैं। यह मांसपेशियां चलने, दौड़ने, कूदने, पैर मोड़ने और सीधे खड़े होने में मदद करती हैं। बताया कि यह योग ब्रह्मचर्य व्रत में सहायक है। इसे करने के लिए साम्यावस्था में खड़े होते हैं तथा अंगूठा मुट्ठी के अंदर बंद करके दोनों हाथों को जमीन से समांतर कंधों के सामने फैलाते हैं।

## दो बूंद पोलियों की ड्राप पिलाकर पालिकाध्यक्ष ने किया अभियान का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

रविवार को सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का शुभारम्भ मालती बासू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा पीपीसी स्थित बूथ में नवजात शिशुओं को दो बूंद पोलियों की ड्राप पिलाकर किया गया।

डा. विजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सघन पल्स पोलियो अभियान रविवार को बूथ दिवस एवं 15 से 19 दिसंबर तक तक घर-घर भ्रमण कार्यक्रम चलाया जायेगा। 22 दिसंबर 25 को बूथ एवं घर-घर कार्य के दौरान पोलियो ड्राप से छूटे हुये बच्चों को बी टीम द्वारा पोलियो ड्राप पिलायी जायेगी। इस हेतु पूरे जनपद में 1018 बूथ बनाये गये है. 37 ट्रांजिट टीम एवं घर-घर भ्रमण हेतु 634 टीमें बनायी गयी हैं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाडी व शिक्षा विभाग तथा स्वैच्छिक संगठन के कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक लगाये गये हैं।जिले में रविवार 14 दिसम्बर 2025 को 0-5 वर्ष के नौनिहालों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाई गयी। बूथ दिवस हेतु 110737 बच्चों को पोलिया ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। माता-पिता से अपील की गयी की वह 0-5 वर्ष के बच्चों को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं। पोलियों की बीमारी से भारत मुक्त हो चुका है लेकिन



पोलियो का वायरस पड़ोसी देशों में विद्यमान होने के कारण एहतियात के तौर पर हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। डा. विजय शंकर केसरवानी,जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 293615 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाया जाना है। आप सभी जनपद वासियों से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अपील करता है कि हमारी पोलियो टीम को सहयोग दें तथा अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दवा पिलाने का कष्ट करें ताकि हम अपने देश को पोलियो मुक्त रख सकें।इस मौके पर डा. किशन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पुरूष चिकित्सालय, डा. सुनीता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय,डा. आरएन प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. विजय शंकर केसरवानी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. श्याम सिंह जाटव, एसएमओ डब्लूएचओ, डा. नीरज गौतम, डा. मो. आरिफ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, अर्बन हेल्थ पोस्ट, कुशल यादव डीपीएम एनएचएम, श्रीमती राधा शर्मा, एआरओ (आरआई), संदीप पराशर, क्कार्डिनेटर जेएसआई, प्रेम पाल यूएचसी एनयूएचएम एवं अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025






**देशभर में अगले हफ्ते से कड़ाके की सर्दी...**

अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसंबर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी... पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ में 'अवैध बार राज' बेखौफ

## आबकारी-पुलिस की सरपरस्ती? 24 घंटे की दिखावटी कार्रवाई, फिर वही अवैध शराबखोरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में कानून व्यवस्था अब सिर्फ कागज़ों तक सिमट कर रह गई है। आलमबाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत एलडी चौकी के पीछे मॉडल शॉप की आड़ में कई रेस्टोरेंट खुलेआम अवैध बार के रूप में संचालित किए जा रहे हैं। न कोई बार लाइसेंस, न आबकारी विभाग की अनुमति–फिर भी दिन-रात शराब परोसी जा रही है, मानो यहां शासन-प्रशासन का कोई भय ही न हो। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन रेस्टोरेंटों में खाना कम और शराब ज्यादा परोसी जाती है। हालात ऐसे हैं कि रेस्टोरेंट नहीं, बल्कि शराबखोरी के अड्डे बन चुके हैं।

### 24 घंटे की 'खानापूर्ति', फिर अवैध धंधा शुरू

सूत्र बताते हैं कि कभी-कभार शिकायत के बाद दिखावटी कार्रवाई की जाती है–दुकान बंद कराई गई घंटे बाद मामला ठंडे बस्ते में अगले दिन फिर वही शराबखोरी यानी कार्रवाई नहीं, मैनेजमेंट किया जा रहा है।



### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, फिर भी मौन

रेस्टोरेंटों के अंदर शराब परोसने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। इसके बावजूद न तो ठोस छापेमारी हुई, न लाइसेंस निरस्तीकरण और न ही मुकदमा दर्ज। अब सवाल यह नहीं कि अवैध बार चल रहे हैं–सवाल यह है कि इन्हें चलाने की इजाज़त कौन दे रहा है

### लाइसेंस शून्य, शराब सप्लाई फुल–कानून ताक पर

मॉडल शॉप से सटे कई रेस्टोरेंटों के पास
- बार लाइसेंस नहीं
- आबकारी विभाग की अनुमति नहीं
- किसी भी प्रकार का वैधानिक परमिट नहीं

इसके बावजूद टेबल-कुर्सी लगाकर ग्राहकों को बैठाया जाता है और खुलेआम शराब परोसी जाती है। यह सीधा-सीधा उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता का उल्लंघन है मारपीट, हंगामा, महिलाओं-बच्चों में डर स्थानीय लोगों के अनुसार इन अवैध बारों के कारण रोजाना झगड़े और मारपीट रात में शराबियों का उत्पात महिलाओं और बच्चों का सड़क पर निकलना मुश्किल हो चुका है। इसके बावजूद आलमबाग पुलिस और आबकारी विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

### मुख्यमंत्री और डीजीपी से सवाल

- क्या बिना पुलिस-आबकारी की मिलीभगत इतना बड़ा अवैध कारोबार संभव है?
- आबकारी निरीक्षक और संबंधित थाना प्रभारी पर कार्रवाई कब?
- क्या प्रशासन किसी बड़ी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है?
- यह मामला अब सिर्फ अवैध शराब का नहीं, बल्कि प्रशासनिक संरक्षण का प्रतीक बन चुका है।
- अगर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो इसके गंभीर परिणामों की पूरी जिम्मेदारी पुलिस और आबकारी विभाग की होगी।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल पत्रकार की शिकायत पर एसीपी आदेश पर इटौंजा पुलिस ने दर्ज़ किया मुक़दमा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत महोना रोड तिकुनिया मार्केट मरघट के पास बीते गुरुवार की शाम लगभग 4:30 बजें महोना से कवरेज करके इटौंजा वापस आते समय इको वैन चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमें विधान केसरी अखबार पत्रकार पीयूष द्विवेदी व निष्पक्ष प्रतिदिन अखबार राममोहन गुप्ता बुरी तरह घायल हो गए। उन्होंने ने लापरवाही से इको वैन गाड़ी चला कर टक्कर मार देने की रिपोर्ट इटौंजा थाना पर दर्ज कराई है। वहीं एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव ने दरोगा को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही हैं। वहीं घायल पत्रकार पीयूष द्विवेदी तथा राममोहन गुप्ता ने बताया कि वह महोना से एक आग की घटना की कवरेज करके लौट रहे थे, तभी इटौंजा महोना मार्ग सड़क मरघट के निकट तिकुनिया के पास वह अपने साइड में जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार से इको वैन चालक ने लापरवाहीं से गाड़ी चलाकर टक्कर मार दी थी।इसके बाद वह फरार हो गया था, रविवार को पीयूष द्विवेदी व राममोहन गुप्ता ने इटौंजा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। वहीं पीयूष द्विवेदी ने यह भी बताया कि वैन चालक इटौंजा निवासी अरविंद गुप्ता पुत्र स्व गिरिजा गुप्ता चला रहे थे, उनके साथ एक व्यक्ति और बैठा था। इटौंजा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले में जांच कर रही हैं।

# हाईवे पर गाड़ियों और गोवंश पर लगाए जाएंगे चमकदार टेप

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। कोहरे और ठंड के मौसम में सड़क हादसों को रोकने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर में एक विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत टोल प्लाजा से गुजरने वाली गाड़ियों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर आने वाले गोवंश व अन्य पशुओं के सींग पर निशुल्क रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाएंगे। यह टेप हेडलाइट की रोशनी पड़ते ही दूर से चमकने लगते हैं, जिससे कम दृश्यता की स्थिति में भी वाहन और पशु आसानी से नजर आ सकेंगे। एनएचएआई के दिल्ली स्थित मुख्यालय से मुख्य महाप्रबंधक (टोल) अब्दुल बासित द्वारा जारी पत्र में सभी टोल प्लाजा ऑपरेटरों को इस अभियान को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि कोहरे के कारण नेशनल हाईवे पर विजिबिलिटी काफी कम हो जाती है, जिससे विशेषकर टोल प्लाजा क्षेत्रों में पीछे से टक्कर लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे स्थानों पर वाहन धीमी गति से चलते हैं, जबकि पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। यह अभियान न्यूनतम दो से तीन सप्ताह तक चलेगा।

# यूपी के नए कैप्टन हैं पंकज चौधरी, दो-तिहाई बहुमत से 2027 में बनेगी सरकार : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी यूपी के नए कैप्टन हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में दो-तिहाई सीटों पर जीत हासिल करेगी। पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप नई गति के साथ सरकार व संगठन मिलकर विकसित यूपी के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। सीएम राम मनोहर लोहिया विधि विवि में नए प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के निर्वाचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में साढ़े तीन वर्ष से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए हर कार्यक्रम को गति देने में योगदान दिया। कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनावी लड़ाई बूथ पर होती है इसलिए वह सबसे मजबूत होना चाहिए। एक जिले के दौरे का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि विरोधियों द्वारा भरी गई मतदाता सूची में कुछ बांग्लादेशियों के भी नाम थे। एक जिले में ऐसा फॉर्म भरा गया जहां मतदाता की आयु 20 वर्ष, पिता की 30 और बाबा की आयु 40 साल है।



### फर्जी वोट पर करें आपत्ति

एसआईआर को लेकर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ से फर्जी नाम पर आपत्ति दर्ज कराएं। नाम जोड़ने व काटने के लिए समय है। अभी तीन चौथाई मेहनत करेंगे तो चुनाव में सिर्फ एक चौथाई मेहनत ही करनी पड़ेगी। एसआईआर के जो प्रपत्र जमा नहीं हो पाए, युद्ध स्तर पर उन्हें जमा कराइए।

### परिवर्तन करने में हुए सफल, बिना भेदभाव युवाओं को दी नौकरी

योगी ने कहा कि साढ़े 8 वर्ष में यूपी में हम जो परिवर्तन करने में सफल हुए हैं वह पीएम मोदी के मार्गदर्शन और हर एक कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है। यूपी को बीमारू राज्य से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया। आज यूपी दंगा, माफिया व अपराधमुक्त होकर पर्यटन, निवेश के लिए देश के बेहतरीन राज्यों में शामिल है। हमने बिना भेदभाव पौने नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। डेढ़ करोड़ से अधिक नौजवानों को परंपरागत उद्यम में नौकरी व रोजगार से जोड़ा। निवेश, सुरक्षा, कानून के राज से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजनाएं धरातल पर उतरीं।

### 25 को आएंगे पीएम

सीएम ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी कार्यक्रम है। राजधानी में बने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की 65-65 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है। संग्रहालय भी है। इसका उद्घाटन व रैली लखनऊ में होगी। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। कार्यकर्ताओं से कहा कि एसआईआर पूरा कराएं, फिर अयोध्या में रामलला और यहां राष्ट्र प्रेरणा स्थल का दर्शन कराएंगे।

# कार्यकर्ता ही बीजेपी की असली पूंजी : पंकज चौधरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की कमान आज पंकज चौधरी को सौंप दी गई।लखनऊ में हुए कार्यक्रम में उनकी ताजपोशी हुई है। नवनिर्वाचित बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा में ही यह संभव है, जहां मुझ जैसे कार्यकर्ता को ये पद मिला है।भाजपा में कोई वाद नहीं है, न परिवारवाद है और न जातिवाद है। भाजपा सभी जाति और धर्मों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।उन्होंने कहा कि संगठन चलाने के लिए चार चीजें बहुत अहम होती हैं जिसमें कार्यालय, कार्यक्रम, कार्यकर्ता और कोष बहुत जरूरी है।बीजेपी के पास ये चारों चीजें हैं। अब इन चारों चीजों के साथ मुझे रूल नहीं करना है बल्कि अपना रोल अदा करना है।संगठन का जो भी आदेश होगा, वो हमारी जिम्मेदारी होगी। कार्यकर्ताओं की तरफ मुखातिब होते हुए कहा कि आप मेरे लिए सर्वोपरि हैं,आपके लिए लड़ूंगा, अड़ूंगा और बात भी सुनूंगा। कार्यकर्ताओं के लिए दिन-रात मौजूद रहुंगा। उ कार्यकर्ता कभी भूतपूर्व नहीं होता है, इसलिए कार्यकर्ता ही असली पूंजी है।नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा, 'मैं नेतृत्व शब्द के मायने साफ करना चाहता हूं।केवल आदेश देना ही नेतृत्व नहीं, आपके, सरकार के बीच समन्वय की जिम्मेदारी मेरी है। बीजेपी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी होगी कि वह सरकार के कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाएं। सभी के राजीतिक अनुभव का लाभ लिया जाएगा।बात सुनना और समाधान देना ही नेतृत्व है। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय भावुक भी हूं।यह सफर आज इस पड़ाव तक आ पहुंचा है। शीर्ष नेतृत्व के साथ संघ परिवार का स्नेह, मार्गदर्शन मिलता रहा है। भूपेंद्र चौधरी का कार्यकाल विशिष्ट रहा है।हम उनके प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।संगठन को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे। मैं गोरखपुर से आता हूं। गोरखपुर का नाम सुनकर लोक पीछे हट जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। सीएम के काम की वजह से अब लोग सम्मान से देखते हैं। मुख्यमंत्री ने इस प्रदेश का कायाकल्प किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व लेते हुए मैं रोमांचित और गौरवान्वित हूं।केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।अब उनका काम पहले से ज्यादा बढ़ गया है।

# अखिलेश यादव बोले, डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा कमजोर, देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था बर्बाद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अब तक के इतिहास में डॉलर के मुकाबले रुपये सबसे ज्यादा कमजोर है। ये दिखाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे मनगढ़ंत हैं। उन्होंने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। महंगाई बढ़ती जा रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग परेशान है। भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। स्थिति यह है कि भाजपा और माफिया एक दूसरे के पूरक हैं। भाजपा ने हर जिले में माफिया पैदा किया है। कफ सिरप माफिया जनता की जान के साथ खेल रहे है।



### अस्पताल में जाकर लिया रामगोविंद का हालचाल

अखिलेश यादव ने रविवार को मैक्स अस्पताल जाकर पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविंद चौधरी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने निशातगंज स्थित कैफी आजमी अकादमी का दौरा भी किया। उनके साथ विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी और महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

# प्रदेश में आज से चलेगी पछुआ हवा

## 42 जिलों के लिए जारी हुआ घने कोहरे का अलर्ट, पूर्वानुमान जारी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश का ज्यादातर हिस्सा ठंड के साथ कोहरे के साए में लिपटा हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में एक बार फिर हवा का रुख बदलेगा। सोमवार से प्रदेश में पछुआ हवाएं चलेंगी। इसके असर से प्रदेश भर में दिन व रात के तापमान में क्रमशः गिरावट आएगी और साथ ही कोहरे का घनापन भी कम होगा। मौसम विभाग की ओर से सोमवार को प्रयागराज, मिर्जापुर, आगरा व इटावा जिलों के लिए अध्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के 42 जिलों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट है। रविवार को सुबह घने कोहरे की वजह से आगरा और प्रयागराज में दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वहीं अलीगढ़ में 30 मीटर, वाराणसी, बलिया, सोनभद्र और मुरादाबाद में दृश्यता 50 मीटर तक सिमट गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से प्रदेश में धीमी पछुआ हवाएं चलेंगी। इनकी रफ्तार क्रमशः बढ़ेगी और पारे में गिरावट के साथ ही कोहरे का असर कम होगा।

### अत्यंत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

प्रयागराज, मिर्जापुर, आगरा, इटावा एवं आसपास इलाकों में।

### 42 जिलों में है घने कोहरे का येलो अलर्ट

कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास इलाकों में।

# आप सांसद संजय सिंह का आरोप, स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से हो रही खुली लूट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि यूपी में जनता से स्मार्ट मीटर के नाम पर खुली लूट की जा रही है। सरकार का यह आदेश जनविरोधी है। वे पार्टी प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, आप स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकार के इस तुगलकी फरमान का विरोध करती है। वह इस मामले में सड़क से संसद और जरूरत पड़ी तो न्यायालय तक लड़ाई लड़ेगी। स्मार्ट मीटर के नाम पर लाखों उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। कहा, सरकार बताए कि जब 4जी मीटर ही लगाने थे, तो 2018 में 2जी मीटर क्यों लगाए गए? आखिर 959 करोड़ रुपये जनता की गाढ़ी कमाई का हिसाब कौन देगा? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने टेंडर 8415 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से किया जबकि मीटर 6016 रुपये में लगाए जा रहे हैं। यह साफ घोटाला है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

# नगर विकास मंत्री ने किया महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का शिलान्यास

- समाज के शैक्षिक व सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: शर्मा
- सामाजिक समरसता और नवनिर्माण का केंद्र बनेगा धर्मशाला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कानपुर नगर के रायपुरवा क्षेत्र में निर्माणाधीन महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह भवन हरिजन सहायक समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों सहित समस्त समाज के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति देना है।इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि सामाजिक भवन समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। महर्षि वाल्मीकि जैसे महान ऋषि और समाज सुधारक के नाम पर निर्मित भवन सामाजिक नवनिर्माण का सशक्त माध्यम बनेगा और समाज को नई दिशा प्रदान करेगा। भवन के पूर्ण होने के बाद विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, तथा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, मार्गदर्शन कक्षाएं और शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इससे समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और उनका आत्मविश्वास सुदृढ़ होगा। शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की प्रगति की नींव होते हैं। इस भवन के माध्यम से संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियों से समाज के होनहार बालक-बालिकाओं का भविष्य उज्ज्वल बनेगा और वे प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई द्वारा भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई 25 लाख की सहयोग राशि की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए ऐसे सहयोग समाज सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के लिए पहल प्रेरणादायी है। प्रदेश सरकार सर्वसमावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस तरह के सामाजिक भवन सामाजिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामूहिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।मंत्री श्री ने भवन निर्माण से जुड़े सभी पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन आने वाले समय में समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और सामाजिक सद्भाव को और अधिक सुदृढ़ करेगा।इस अवसर पर कानपुर नगर की मेयर प्रमिला पांडेय, महिला कल्याण एवं बाल विकास, पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

# कृषि मंत्री ने की 'किसान पाठशाला की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

कृषि भवन में कृषि मंत्री, सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी,किसान पाठशाला की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 12 दिसंबर को बाराबंकी के ग्राम दौलतपुर में पद्मश्री कृषक रामशरण वर्मा के प्रक्षेत्र से शुभारम्भ किए गए इस कार्यक्रम के सफल आयोजन और क्रियान्वयन की रणनीति तय करना तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देना था। मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के कारण यह कार्यक्रम और महत्वपूर्ण हो जाता है। हम सभी का दायित्व है कि इसका आयोजन प्रदेश भर में सही ढंग से किया जाए। इस वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश की 21,000 ग्राम पंचायतों में कराने हेतु समस्त जनपदीय मंडलीय कार्यालयों को निर्देशित कर दिया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु मंत्री ने जनपदीय उप कृषि निदेशक एवं मंडलीय संयुक्त कृषि निदेशकों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन शासन द्वारा जारी शासनादेश एवं निदेशालय द्वारा प्रेषित निर्देशों के क्रम में जनपद के अंदर स्थित पैक्स सोसायटी, किया जाए।

# लविवि : विकसित भारत युवा लीडर्स डिबेट में मुस्कान पांडे रहीं अव्वल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय विकसित भारत यंग लीडर्स डिबेट कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम के लिए लविवि को नोडल केंद्र व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके. शर्मा को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। आयोजन लविवि और युवा कल्याण मंत्रालय की ओर से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कुल दस ट्रैक रखे गए, जिनमें प्रत्येक ट्रैक से तीन-तीन प्रतिभाशाली युवाओं का चयन किया गया। यहां लविवि की छात्रा मुस्कान पांडे (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने इनोवेशन विद ट्रेडिशन ट्रैक में पहला स्थान हासिल किया। चयनित प्रतिभागी अंतिम चरण में 10, 11 व 12 जनवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विकसित भारत की संकल्पना पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रतिनिधि अजय कश्यप व उप्र शासन की ओर से निदेशक युवा कल्याण संजय सिंह व उप-निदेशक अजात शत्रु शाही मौजूद रहे।

# दुधवा नेशनल पार्क के लिए किफायती जंगल सफारी टूर पैकेजों का ऐलान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दुधवा नेशनल पार्क की हरियाली, रोमांच से भरे जंगल सफारी अनुभव और दुर्लभ वन्य जीवों की झलक को पर्यटक पहले से कहीं अधिक आसान और किफायती तरीके से देख सकेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी ने सैलानियों, परिवार के सदस्यों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक रात, दो दिन के पांच विशेष बजट पैकेज तैयार किए हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्यूपीएसटीडीसी की ओर से तैयार टूर पैकेज पर्यटकों को दुधवा नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता को करीब से अनुभव करने का मौका देगा। यह बजट पैकेज उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म, जंगल सफारी और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देगा। लखनऊ के होटल गोमती से 15 दिसंबर से शुरू होने वाले इस टूर पैकेज से संबंधित विशेष जानकारी यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट् से प्राप्त होगी। राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी द्वारा तैयार श्दुधवा बजट पैकेजश् अधिकतम आठ यात्रियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेम्पो ट्रैवलर से सफर की शुरुआत होगी, जिसका प्रति व्यक्ति किराया 6,175 रुपए होगा। दो दिनी यात्रा के पहले दिन लखनऊ स्थित होटल गोमती से सुबह 8 बजे टेम्पो ट्रैवलर यात्रियों के साथ दुधवा के लिए रवाना होगा। दोपहर 1:30 बजे दुधवा पहुंचकर होटल में लंच और रात 8 बजे रात्रि भोजन के बाद पर्यटक आराम करेंगे। दूसरे दिन सुबह 6-10 बजे तक पर्यटक जंगल सफारी का आनंद लेंगे। तत्पश्चात सुबह 11 बजे वापसी के लिए लखनऊ रवाना होंगे। दंपति के साथ पांच वर्ष आयु तक के बच्चे मुफ्त में सफर कर सकते हैं। स्टैंडर्ड जंगल सफारी पैकेज अंतर्गत चार यात्रियों का दल सेडान कार से होटल गोमती से दुधवा के लिए रवाना होगा। एक रात और दो दिन वाले सफर में प्रति व्यक्ति किराया 6,500 रुपए होगा। इस पैकेज में भी पहले दिन पर्यटक दोपहर 12 बजे दुधवा होटल पहुंचेंगे और दिन-रात के भोजन उपरांत आराम करेंगे। अगले दिन सुबह 6 बजे से 10 बजे तक जंगल सफारी का आनंद लेंगे और नाश्ते के बाद लखनऊ के लिए वापस लौट जाएंगे।यूपीएसटीडीसी द्वारा तैयार 'प्रीमियम वाइल्ड लाइफ एक्सपीरियंस' पैकेज छह पर्यटकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस पैकेज के लिए प्रति व्यक्ति किराया 6,000 रुपए 5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देने होंगे। इनोवा से लखनऊ से रवाना दल दोपहर 12 बजे दुधवा पहुंचेगा। लंच के बाद पर्यटकों का दल गाइड के साथ फॉरेस्ट वॉक करते हुए व्याख्या केंद्र का भ्रमण करेगा। अगले दिन सुबह 6-10 बजे तक जंगल सफारी का आनंद लेने के बाद वापस लखनऊ लौट जाएंगे। लखनऊ से दुधवा तक का यह पैकेज विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेम्पो ट्रैवलर से सफर के दौरान दो शिक्षक और एक स्टाफ साथ रहेंगे। अन्य पैकेज की तरह दुधवा पहुंचने के बाद विद्यार्थी लंच करेंगे और खेल सहित अन्य गतिविधियों में शामिल होंगे।



# मूक हत्यारा हाईपर टेंशन

**जीवनशैली, काम का बढ़ता दबाव और जरूरत से अधिक महत्वाकांक्षी होना 20 से 30 आयु वर्ग के युवाओं में ब्रेन हैमरिज का कारण बन रहा है. ब्रेन स्ट्रोक के मामले पहले बुजुर्ग अवस्था में देखे जाते थे क्योंकि इसके लिए उच्च रक्तचाप और मधुमेह मुख्य कारण होते थे. हाल ही में ऐसे मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है जिन्हें बहुत कम उम्र में ब्रेन हैमरिज का सामना करना पड़ता है और ऐसा उस जीवन शैली के कारण होता है जिसे वे अपनाते हैं. भारत में ब्रेन स्ट्रोक के मामले सालाना प्रति एक लाख लोगों पर 100 से 150 के बीच होते हैं जिनमें से 15 से 20 फीसदी मामले 30 से कम उम्र के युवाओं के हैं.**

मानसिक तनाव, कामकाज के अधिक दबाव, अनियमित दिनचर्या, प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण, अच्छी नींद का अभाव, गैर स्वास्थ्य और गलत समय पर खानपान की आदतें, व्यायाम का अभाव और जेनिटिक कारण ब्रेन हैमरिज का कारण बन रहे हैं. इन सभी के चलते कम उम्र में ही उच्च रक्तचाप और मधुमेह का शिकार होना पड़ता है जो ब्रेन स्ट्रोक का कारण बनता है. उच्च रक्तचाप मस्तिष्क में रक्तसाव का मुख्य कारण होता है. कई बार मरीजों को उच्च रक्तचाप का पता नहीं होता और इसलिए उन्हें इस बात का अहसास तक नहीं हो पाता कि वे एक टाइम बम लिए बैठे हैं जो फटने के इंतजार में हैं. कई बार उच्च रक्तचाप भी अधिक मानसिक दबाव को नहीं दर्शाता और यही तनाव बढ़ने पर खतरनाक साबित हो जाता है.

हालिया एक मामले में प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा की तैयारी कर रहे एक 22 वर्षीय युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसे बेहद उच्च स्तर का हाईपर टेंशन था. उसे अर्धबेहोशी की हालत में सिर के पिछले हिस्से में दर्द की शिकायत के साथ लाया गया था. सीटी स्कैन में उसके मस्तिष्क के आधार वाले हिस्से में बड़े रक्तसाव का पता चला. कई सप्ताह के इलाज के बाद उसके उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सका. मरीज के शरीर के एक हिस्से में अभी भी कमजोरी है. अस्पताल में सप्ताह में ऐसे चार पांच मामले आते हैं जो युवाओं में ब्रेन स्ट्रोक से संबंधित होते हैं. हाईपर टेंशन एक मूक हत्यारा है और इसका एक सामान्य रास्ता यही है कि केवल उतना ही दबाव लें जितना संभाल सकें. दवाओं या जीवन शैली में बदलाव के जरिए उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करना ब्रेन स्ट्रोक से बचने में बड़ी भूमिका अदा कर सकता है. जीवनशैली में सुधार का मतलब है कि नियमित रूप से व्यायाम करना और स्वस्थ खानपान की आदतें अपनाना. आज के कामकाज के माहौल में तनाव और प्रतिस्पर्धा शामिल है. इसलिए लोगों को तनाव को कम करने के लिए रोजाना कुछ ऐसा हटकर करना चाहिए जिससे तनाव कम हो. इसके लिए अपना कोई शौक अपनाएं या कुछ देर के लिए ध्यान लगाएं. मधुमेह और हाईपर टेंशन के कारण रक्त वाहिनियों के भीतर एथेरोमा जैसे कुछ तत्वों का जमाव हो जाता है और वाहिकाएं कमजोर पड़ने लगती हैं. एथेरोमा के जमाव के कारण रक्त वाहिकाएं संकरी हो जाती हैं जिससे मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति में कमी आती है और अंतत- मस्तिष्क उत्तक नष्ट हो जाते हैं. रक्त वाहिनियों के कमजोर पड़ने से मस्तिष्क के भीतर ही रक्त वाहिनियां फट जाती हैं जिससे रक्त का थक्का जम जाता है और ये सब मिलकर ब्रेन स्ट्रोक का कारण बनते हैं.

# मोनोपॉज महिलाओं को अनिद्रा से बचाता है योग

रजोनिवृत्ति को हासिल कर चुकी महिलाओं को योग अनिद्रा की समस्या से निजात दिलाने में सहायक हो सकता है. एक नए शोध में यह बात कही गयी है. रजोनिवृत्ति के दौरान कई महिलाओं को ठंडा गरम लगने, रात में पसीना आने, वजन बढ़ने और मुहांसों की समस्या से जूझना पड़ता है. शोधकर्ताओं ने पाया है कि 12 सप्ताह तक योग प्रशिक्षण हासिल करने और बाद में घर पर उसका नियमित अभ्यास करने से अनिद्रा की समस्या से छुटकारा मिलता है. शोध रिपोर्ट की मुख्य लेखिका और अमेरिका में ग्रुप हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ जांचकर्ता कैथरीन न्यूटन ने बताया, ''ठंडा गरम महसूस होने और रात में पसीना आने की समस्या को हार्मोन थेरेपी से दूर किया जा सकता है लेकिन आजकल बहुत कम महिलाएं ही हार्मोन थेरेपी लेती हैं.'' शोध में यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि क्या योग, कसरत या मछली का तेल इन लक्षणों को दूर करने में सहायक हो सकता है. शोध के बाद पाया गया कि योग रजोनिवृत्ति के चरण में पहुंच चुकी महिलाओं को अनिद्रा की बीमारी से बचाता है.



# अपनी त्वचा को यूं खूबसूरत रखें...

अपनी त्वचा की खूबसूरती किसे अच्छी नहीं लगती लेकिन इसे बरकरार रखने के लिए मशक्कत भी करनी पड़ती हैं तो आप भी इनका ध्यान रखें. साफ, स्वस्थ और चमकदार त्वचा से हमारा कॉन्फीडेंस बढ़ता है. लेकिन प्राकृतिक रूप से त्वचा को स्वस्थ रखना आसान नहीं है. हालांकि ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं जो हमारे सिस्टम को साफ रखते हुए त्वचा को खूबसूरत बनाते हैं. स्किन ट्रीटमेंट और फेसपैक के साथ ही हम क्या खाते हैं, यह भी बहुत महत्वपूर्ण है. इसलिए साफ और दमकती त्वचा पाने के लिए खाएं हेल्दी फूड

**चुकंदर (बीटरूट)** - यह हमारे शरीर के जहरीले तत्वों को साफ करता है, रक्त और लिवर को साफ करता है और फ्री रेडिकल्स का सामना करता है. इसके साथ ही, चुकंदर में पोटैशियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, फाइबर और विटामिन ए, बी और सी पाया जाता है.

**अनार (पॉमग्रेनेट)** - यह फल वर्ष भर उपलब्ध रहता है और आप इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सकती हैं. यह हमें फ्री रेडिकल्स से बचाता है और खून साफ करता है. अनार एंटीऑक्सीडेंट फल है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और रक्त संचार को बेहतर बनाता है.

**सौंफ (फेनल)** - सौंफ में दो जबर्दस्त गुण पाये जाते हैं; पहला, यह एंटीऑक्सीडेंट और डिटॉक्सिफायर है. साथ ही, यह त्वचा को टोन करता है और रक्त संचार बेहतर बनाता है. दूसरा, यह त्वचा को हाइड्रेट और मॉइश्चराइज्ड करता है.

**पिपरमिंट (एक किस्म का पुदीना)** - मिंट या पुदीना स्ट्रेस कम करता है और श्वास संबंधी परेशानियों को दूर करता है. पिपरमिंट त्वचा को सूद करता है और उपचारात्मक गुणों के कारण विभिन्न प्राकृतिक दवाइयों में इसका प्रयोग किया जाता है.

**लाल अंगूर (रेड ग्रेप्स)** - इनमें एंटी इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टी पाई जाती है और ये एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो सिस्टम और रक्त को साफ करने में मदद करते हैं. साथ ही, स्वस्थ त्वचा देने में सहायक होते हैं.

**टमाटर** - टमाटर का इस्तेमाल कर अपनी त्वचा को सूर्य की किरणों से बचाएं. ये एक्ने को कम करता है और त्वचा की ऑयलीनेस को भी घटाता है. टमाटर सनबर्न को ठीक करने में भी सहायक है.

**मिल्क सब्स्टीट्यूट** - त्वचा की समस्याओं से बचने के लिए सुझाव दिया जाता है दूध से परहेज करें लेकिन आप इसके न्यू ट्रियंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स को एब्जॉर्ब करने के लिए इसके विकल्प प्रयोग कर सकती हैं. लैक्टिक एसिड और एंजाइम्स त्वचा को इम्प्रूव करते हैं.

**बेरीज** - एंटीऑक्सीडेंट्स आमतौर पर गहरे रंग के स्ट्राबेरीज जैसे ब्लूबेरी, मलबेरी और स्ट्राबेरी में पाये जाते हैं. यह खाने की ललक को कम करता है जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है.





# दिल की बीमारी का इलाज है सरसों का तेल

खाने में सरसों तेल का इस्तेमाल स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है और दिल की बीमारी के जोखिम को 70 प्रतिशत कम कर सकता है. एक सरसों प्रोत्साहक इकाई ने यह जानकारी दी है. सरसों शोध एवं संवर्धन कन्सोर्टियम (एमआरपीसी) के अनुसार सरसों का तेल दिल की बीमारी के जोखिम को कम करता है और संतुलित आवश्यक फैटी एसिड अनुपात से जीवन की गुणवत्ता बढ़ता है. एमआरपीसी एक सहायतार्थ सरकार के द्वारा मान्यताप्राप्त शोध संगठन है जिसका ध्येय भारत में सरसों फसल की उपज में सुधार लाना है. एमआरपीसी ने एक बयान में कहा, हम भारतीयों को सरसों तेल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करके वैश्विक हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाना चाहेंगे क्योंकि यह स्वास्थ्य में सुधार लाने और हृदयरोग के जोखिम को 70 प्रतिशत कम करने में मदद कर सकता है जैसा कि जर्नल ऑफ प्रिवेन्टिव कार्डियोलॉजी के अध्ययन में कहा गया है.

# 14 कारण क्यों खाएं खीरा

**दुनिया में चार सबसे ज्यादा उगाई जाने वाली सब्जियों में से खीरा एक है. आइए जानते हैं 14 कारण कि क्यों रोज खाएं खीरा... अगर नियमित रूप से खीरे का सेवन किया जाए तो यह कई बीमारियों को दूर करता है. खीरे का इस्तेमाल लोग अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए भी करने लगे हैं. खीरा गुणकारी है. इसलिए इसे पश्चिमी देशों में सुपरफूड तक कहा जाता है. लेकिन सड़कों व गली-मौहल्लों में गर्मियों के दिनों में कटा हुआ खीरा खाना बीमारी को बुलावा देना है. इसलिए साफ सुथरा खीरा खाएं और स्वस्थ रहें. दुनिया में चार सबसे ज्यादा उगाई जाने वाली सब्जियों में से खीरा एक है.**



1. **पानी की कमी को पूरा करने वाला** - खीरे में 90 फीसद पानी होता है. खीरा खाने के बाद शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाता है. यह शरीर में पानी का एक तरह से पुन: चक्रण करता है.
2. **ठंडक पहुंचाता है** - खीरा शरीर को अंदर और बाहर दोनों से ठंडक पहुंचाता है. खीरा खाने से हार्टबर्न की अवस्था में आराम मिलता है. सूर्य की गर्मी से झुलसी त्वचा (सनबर्न) पर खीरा लगाने से ठंडक मिलती है.
3. **टाक्सिक निकालता है** - खीरे में पानी अत्यधिक होता है. खीरा अधिक खाने पर विषैले पदार्थ टाक्सिक बाहर निकलते हैं. कुछ लोगों का मानना है कि रोज खीरा खाने से गुर्दे की पथरी खत्म हो जाती है.
4. **रोजमर्रा की जरूरत के विटामिन मुहैया कराने वाला** - रोजाना जिन विटामिन की जरूरत होती है, वे खीरा में हैं. प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व दैनिक दिनर्चया के लिए विटामिन ए, बी और सी की जरूरत है. खीरे के छिलके में विटामिन सी होता है. इसे खाना भी फायदेमंद होता है. अगर सब्जियों के जूस में खीरा का भी रस निकालते हैं तो यह और भी फायदेमंद है.
5. **त्वचा के लिए जरूरी खनिज मुहैया करवाने वाला** - खीरा में पौटेशियम, मैगनीशियम और सिलीकान अत्यधिक मात्रा में होता है. यह खनिज त्वचा के लिए बहुत जरूरी हैं.
6. **खाना पचाने वाला व वजन कम करने में मददगार** - खीरे में पानी अत्यधिक होता है और कैलोरी कम होती है. इसलिए वजन कम करने के इच्छुक लोगों के लिए खीरा वरदान है. सूप और सलाद में खीरा खाएं. खीरा में फाइबर होते हैं जो खाना पचाने में मददगार होते हैं. कब्ज से परेशान हैं तो रोजाना खीरा खाएं. यह कब्ज के लिए दवाई का कार्य करता है.
7. **आंखों के लिए लाभकारी** - खीरे को स्लाइस की तरह काटकर आंखों की पलक के ऊपर पर रखें. इससे आंखों को ठंडक मिलती है. खीरा की तासीर जलन कम करने की होती है.
8. **कैंसर से लड़ता है** - खीरा खाने से कैंसर होने की आशंका कम रहती है. खीरे में साइकोइसोलएरीक्रिस्रोल, लैरीक्रिस्रोल और पाइनोरिस्रोल तत्व होते हैं. ये तत्व सभी तरह के कैंसर के रोकथाम में कारगर हैं.
9. **मधुमेह, कोलस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर नियंत्रक** - खीरा के रस में वो तत्व हैं जो पैनक्रियाज को सक्रिय करते हैं. पैनक्रियाज सक्रिय होने पर शरीर में इंसुलिन बनती है. इंसुलिन शरीर में बनने पर मधुमेह से लड़ने में मदद मिलती है. खीरा खाने से कोलस्ट्रोल का स्तर कम होता है. इससे हृदय संबंधी रोग होने की आशंका कम रहती है. खीरा में फाइबर, पोटैशियम और मैगनीशियम होता है जो ब्लड प्रेशर दुरुस्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं. खीरा उच्च और निम्न ब्लड प्रेशर दोनों में ही एक तरह से दवा का कार्य करता है.
10. **मुंह को ताजगी देता है** - खीरा खाने से मसूड़ों की बीमारी कम होती हैं. खीरे के एक टुकड़े को जीभ से मुंह के ऊपरी हिस्से पर आधा मिनट तक रोकें. ऐसे में खीरे से निकलने वाला फाइटोकैमिकल मुंह की दुर्गंध को खत्म करता है.
11. **बालों और नाखून के लिए लाभकारी** - खीरे में मौजूद तत्व सीलिशिया बालों और नाखूनों में चमक लाता है और इन्हें मजबूत करता है. सल्फर और सीलिशिया के कारण बाल तेजी से बढ़ते हैं.
12. **जोड़ों की दवा और गठियाबाय में आरामदायक** - खीरे में सीलिशिया प्रचूर मात्रा में होता है. इससे जोड़ों को मजबूती मिलती है और टिशू परस्पर मजबूत होते हैं. गाजर और खीरे का जूस एकसाथ निकालकर पीने पर गठियाबाय रोग में मदद मिलती है. इससे यूरिक एसिड का स्तर भी कम होता है.
13. **सरदर्द व खुमारी से उबरने में मददगार** - अगर सुबह उठने पर सिर में दर्द या खुमारी की शिकायत हो तो सोने से पहले खीरा खाएं. खीरा में विटामिन बी, शूगर और इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं. ये शरीर के लिए पौष्टिक तत्व हैं और सरदर्द व खुमारी से उबरने में मदद करते हैं.
14. **गुर्दे को आकार में रखता है** - खीरे के कारण शरीर में यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रहता है जिससे गुर्दे अपने सही आकार में रहते हैं.



# दीया मिर्ज़ा

## ने फैमिली के साथ सेलिब्रेट किया 44वां बर्थडे, केरल के प्राकृतिक नजारों को बेटे संग एंजॉय करती दिखीं एक्ट्रेस



एक्ट्रेस और पर्यावरण संरक्षण की प्रमुख आवाज़ों में शामिल दीया मिर्ज़ा ने 9 दिसंबर को अपना 44वां जन्मदिन मनाया। एक्ट्रेस ने अपना यह बर्थडे बिना किसी तामझाम के फैमिली के साथ और नेचर के बीच सेलिब्रेट किया, जिसकी कई तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं।इस साल जन्मदिन मनाने के लिए दीया ने केरल के खूबसूरत प्राकृतिक स्थलों को चुना। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें हरियाली, शांत वातावरण और प्रकृति के प्रति उनका प्यार झलक रहा है।

तस्वीरों में वह बेहद खुश और सहज दिख रही हैं। इस दौरान वह येलो ड्रेस में बर्थडे का जश्न मनाती नजर आईं।पति वैभव रेखी और बेटे अव्यान के साथ बिताए छोटे-छोटे पल भी उन्होंने साझा किए।कुछ क्लिप्स में वह अपने बेटे के साथ प्रकृति में टहलती दिखीं। वहीं, कई फोटोज में दीया रेड ड्रेस में भी काफी कूल लगीं। इस दौरान उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी और सुकून देखने को मिल रहा है।

इन फोटोज को शेयर करते हुए दीया ने कैप्शन में लिखा-परिवार के साथ सबसे शानदार जन्मदिन का जश्न। धीमा, ध्यान से, बस जादुई !काम के मोर्चे पर दीया मिर्ज़ा एक नई दिशा में कदम रखने की तैयारी कर रही हैं। वह बच्चों के लिए एक नई बुक सीरीज़ लिखने जा रही हैं, जिसकी पांच किताबें 2026 में रिलीज़ होंगी। इस नए अध्याय के अलावा, दीया की शॉर्ट फिल्म 'पंखा' ने हाल ही में All Living Things Environmental Film Festival में Best Indian Short Film का पुरस्कार जीतकर उनके करियर में एक और उपलब्धि जोड़ दी है।

## ब्लॉकबस्टर के बाद बैक टू बैक 4 फ्लॉप, फिर धुरंधर के 'रहमान डकैत' को मिला ऐश्वर्या राय का साथ




बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कई बड़े बदलाव पिछले कुछ समय में देखने को मिले हैं. जो एक्टर 2000 की शुरुआत में फ्लॉप हो रहे थे उनका अब जलवा देखने को मिल रहा है और उनकी फिल्में भी शानदार परफॉर्म कर रही हैं. अगर इस साल को ही देख लें तो अक्षय खन्ना ही कई मौकों पर विलेन के रोल में नजर आए हैं और उन्हें दोनों ही फिल्मों में इस रोल में काफी पसंद भी किया गया है. दोनों ही फिल्मों में वे लीड एक्टर पर भी भारी पड़ते नजर आए हैं. चाहें छावा फिल्म में औरंगजेब का किरदार हो या फिर धुरंधर फिल्म में रहमान डकैत का रोल हो, अक्षय खन्ना ने अपनी शानदार एक्टिंग से फिल्म में जान फूंक दी.मगर एक समय ऐसा था जब अक्षय खन्ना की फिल्में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही थीं. करियर की शुरुआत में उनकी दूसरी ही फिल्म बॉर्डर एक बड़ी हिट रही थी और फिल्म में अक्षय के किरदार को भी काफी पसंद किया गया था. लेकिन इसके बाद एक्टर की फिल्में लगातार फ्लॉप होने लग गई थीं. ऐसे में ऐश्वर्या राय के साथ एक्टर की फिल्म आई और एक्टर को इसका फायदा भी मिला.

**लगातार 4 फ्लॉप्स का किया सामना**

अक्षय खन्ना की दूसरी फिल्म एक मल्टीस्टारर पैट्रिऑटिक फिल्म थी. इस फिल्म ने काफी अच्छा कलेक्शन किया था और अब तो इसका भी दूसरा पार्ट ढाई दशक के बाद आ रहा है. वहीं इसके बाद उनकी 4 फिल्में आई थीं और चारों ही फ्लॉप रही थीं. 1997 से 1999 के बीच उनकी फिल्म आ अब लौट चलें, लावारिस, डोली सजाके रखना और मोहब्बत रिलीज हुई थी. इन चारों ही फिल्मों को फैंस ने सिनेमाघरों में नकार दिया था और इनका कलेक्शन अच्छा नहीं रहा था.

**ऐश्वर्या राय संग की म्यूजिकल फिल्म और बनी बात**

इसके बाद एक्टर ने ऐश्वर्या राय के साथ म्यूजिकल ड्रामा फिल्म ताल में काम किया और बात बन गई. फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था.

रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी और फिल्म का कलेक्शन 50 करोड़ रुपए के आस-पास रहा था. फिल्म बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. इस फिल्म के सारे गीत बड़े हिट रहे थे और आज भी खूब सुने जाते हैं. फिल्म के गानों के बोल आनंद बक्शी ने लिखे थे.

## ऑडियंस को तरसी Kapil Sharma की फिल्म किस किस को प्यार करूं 2, पहले पार्ट से रह गई कोसों दूर




बॉलीवुड फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में रिलीज कर दी गई है. ये फिल्म 10 साल के अंतराल के बाद आई है. जब 10 साल पहले ये फिल्म आई थी तो उस समय कपिल शर्मा का रौला ही अलग था. उनका शो कॉमेडी नाइट्स विद कपिल काफी हिट रहा था और ये वो दौर था जब दुनियाभर की जनता कपिल शर्मा की दीवानी बन गई थी. ऐसे वक्त में उन्होंने किस किस को प्यार करूं फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था और उनका ये डेब्यू फैंस को काफी रास भी आया था.

अब फिल्म का दूसरा पार्ट भी सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया गया है. लेकिन अब देखने वाली बात ये है कि इसे लेकर फैंस के बीच वैसा क्रेज नजर नहीं आ रहा है. फिल्म की कमाई के आंकड़े आ रहे हैं जो कोई खास संकेत नहीं दे रहे हैं. आइए जानते हैं कि फिल्म ने रिलीज के ओपनिंग डे पर कितना कलेक्शन किया है.

**कपिल शर्मा की फिल्म को कैसी ओपनिंग मिली ?**

किस किस को प्यार करूं फिल्म की बात करें तो इस फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं. फिल्म ने ओपनिंग डे पर निराश किया है. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म शुरुआत में ही ढलान की ओर जाती नजर आ रही है. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 30 करोड़ रुपए का बताया जा रहा है. बजट के हिसाब से फिल्म की कमाई काफी अच्छी नहीं गई है. पहले दिन फिल्म ने मात्र 1.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है. मतलब कि कपिल शर्मा की फिल्म 2 करोड़ का कलेक्शन करने में भी हांफती नजर आई है.

**पहले पार्ट के मुकाबले फुस्स हुई फिल्म**

इस फिल्म की बात करें तो 10 साल पहले जब इसका पहला पार्ट आया था तो फिल्म को ताबड़तोड़ ओपनिंग मिली थी. इसका कलेक्शन शानदार रहा था और सभी को चौंकाते हुए फिल्म ने ओपनिंग डे पर 10 करोड़ रुपए की कमाई कर ली थी.

लेकिन रिलीज के दूसरे दिन इस फिल्म के कलेक्शन में कोई धार नजर नहीं आई है. ऐसे में ये आंकड़े इस फिल्म के लिए चिंता का विषय बन चुके हैं.



### महज तीन महीनों में टूटी

# निवेथा पेथुराज

## की सगाई? इंस्टाग्राम से तस्वीरें डिलीट

साउथ एक्ट्रेस निवेथा पेथुराज एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनके प्रोफेशनल नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ से जुड़ी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्ट्रेस ने अपनी सगाई के महज तीन महीने बाद ही अपने रिश्ते से दूरी बना ली है। यही कारण है कि उनकी शादी टूटने की खबरें जोर पकड़ रही हैं।

**नवंबर में किया था सगाई का ऐलान**

करीब दो साल तक फिल्मों और सोशल मीडिया से दूर रहने के बाद निवेथा ने इसी नवंबर में अचानक इंस्टाग्राम पर वापसी की थी, जहां उन्होंने अपनी सगाई की जानकारी दी थी और अपने मंगेतर राजहित इब्रान से मिलवाया था, जो दुबई में रहने वाले एक बिजनेसमैन हैं। लेकिन अब हालात बिल्कुल बदलते नजर आ रहे हैं।



**इंस्टाग्राम से गायब हुईं सगाई की तस्वीरें — क्या हुआ सब ?**

सोशल मीडिया पर सतर्क फैंस ने सबसे पहले नोटिस किया कि निवेथा के अकाउंट से सगाई की सारी तस्वीरें हटा दी हैं।रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि निवेथा और राजहित ने एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया है। दोनों की साथ वाली तस्वीरें भी डिलीट बताई जा रही हैं।हालाँकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह कोई तकनीकी समस्या है या फिर दोनों ने सचमुच ये कदम उठाया है। निवेथा की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**क्या फिल्मों में वापसी भी टल जाएगी ?**

निवेथा भले ही पर्दे से दूर रही हों, लेकिन उनकी लोकप्रियता कम नहीं हुई है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या वह जल्द फिल्मों में वापसी करेंगी या निजी कारणों से फिर से ब्रेक लेंगी ?

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# यूजीसी-एआईसीटीई युग का अंत, ज्ञान-महाशक्ति भारत का आरंभ


**छात्रों के लिए यह परिवर्तन एक नई आशा और नए अवसरों का द्वार खोलता है। अब तक अनेक नियामकों की जटिल प्रक्रियाएँ समय, ऊर्जा और संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी का कारण बनती थीं—जहाँ तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए एआईसीटीई और सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए यूजीसी से अलग-अलग स्वीकृतियाँ लेनी पड़ती थीं। एकल खिड़की प्रणाली के लागू होने से अनुमोदन प्रक्रिया तेज़ होगी, पाठ्यक्रम अधिक लचीले बनेंगे और गुणवत्ता मानकों का समान रूप से पालन सुनिश्चित होगा। बहु-विषयक शिक्षा को वास्तविक अर्थों में बढ़ावा मिलेगा।**

*मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का उनका संकल्प अटल है। 12 दिसंबर 2025 को कैबिनेट द्वारा स्वीकृत विकसित भारत शिक्षा अधिक्षण विधेयक के माध्यम से उच्च शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस विधेयक के तहत यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई जैसे बिखरे हुए नियामक ढाँचों को समाप्त कर एकल और सशक्त उच्च शिक्षा नियामक की स्थापना की जा रही है। यह क्रांतिकारी कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकसित भारत @2047' की परिकल्पना को ठोस आधार प्रदान करेगा, जहाँ शिक्षा केवल डिग्री अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बनेगी। वर्षों से चली आ रही पुरानी व्यवस्था में नियमों की टकराहट, स्वीकृतियों में अनावश्यक विलंब और गुणवत्ता की असमानता ने छात्रों की प्रतिभा को सीमित किया था; एकल नियामक इन सभी बाधाओं को समाप्त कर सुशासन, पारदर्शिता और निर्णायक नेतृत्व की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह विधेयक, जिसे पहले हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया (एचईसीआई) के नाम से जाना जाता था, अब विकसित भारत शिक्षा अधिक्षण के रूप में नई पहचान और व्यापक दृष्टि के साथ सामने आया है। इस नए आयोग की तीन प्रमुख भूमिकाएँ होंगी—विनियमन, प्रत्यायन और व्यावसायिक मानकों का निर्धारण। विनियमन के माध्यम से संस्थानों के संचालन, पाठ्यक्रम संरचना और नीतियों में एकरूपता आएगी, जिससे नवाचार और अकादमिक स्वतंत्रता को नई ऊर्जा मिलेगी। प्रत्यायन व्यवस्था कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता का पारदर्शी मूल्यांकन एवं रैंकिंग सुनिश्चित करेगी, जिससे छात्रों को सूचित और सही निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। वहीं, व्यावसायिक मानक शिक्षण, तकनीकी शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण में समानता और उत्कृष्टता स्थापित करेंगे। यह समग्र सुधार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना को साकार करता है, जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और वैश्विक मानकों पर विशेष बल दिया गया है। मोदी सरकार की यह नीति इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि यह भावनात्मक नारेबाज़ी नहीं, बल्कि चरणबद्ध, संतुलित और व्यावहारिक सुधारों पर आधारित है। मेडिकल और विधि शिक्षा को नए नियामक के दायरे से बाहर रखकर सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि प्रत्येक क्षेत्र की अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और संरचनाओं का सम्मान किया जाएगा। वर्तमान में फंडिंग से जुड़ी स्वायत्तता मंत्रालयों के पास बनाए रखना और भविष्य में इसे आयोग के अधीन लाने की संभावना रखना—यह दूरदर्शी और सावधानीपूर्ण दृष्टिकोण सरकार की नीति-निर्माण में परिपक्वता को दर्शाता है। अतीत की सरकारें सुधारों की घोषणाएँ तो करती रहीं, लेकिन ज़मीनी अमल में इच्छाशक्ति का अभाव साफ दिखाई देता था; इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से लेकर विकसित भारत शिक्षा अधिक्षण विधेयक तक सुधार केवल काग़ज़ों में नहीं, बल्कि वास्तविकता में उतरते दिख रहे हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों की अभूतपूर्व वृद्धि, सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में निरंतर बढ़ोतरी और अनुसंधान बजट में रिकॉर्ड इज़ाफा—ये सभी उपलब्धियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि मोदी सरकार भारत के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाने के मिशन पर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**व्यापार-व्यवसाय का नियमित ऊर्जा आडिट किया जाना चाहिए ताकि ऊर्जा के दुरुपयोग का ठीक से पता चल सके और ऊर्जा-सक्षम उपकरणों का उपयोग सुझाया जा सके। उपकरणों को अपग्रेड करना तथा ऐसी प्रणाली लागू करना जो अपशिष्ट औद्योगिक ऊर्जा का उपयोग कर सके लाभकर सिद्ध होगा। आज जान बूझकर ऊर्जा का कम-से-कम उपयोग करने को प्रोत्साहित करने की जरूरत है ताकि खर्च में कमी हो, अपशिष्ट कम पैदा हो, पर्यावरण की रक्षा हो और भविष्य के लिए ऊर्जा-सुरक्षा भी हो सके। कम-से-कम ऊर्जा सेवाओं का लाभ लेना और ऊर्जा का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए हरित अभियांत्रिकी के तौर-तरीके अपनाने होंगे।**

# ऊर्जा-संकट से बचने लिए जरूरी है ऊर्जा संरक्षण



गिरीश्वर मिश्र

**ऊर्जा का उत्पादन और उपयोग एक बहुआयामी प्रश्न है जिसके साथ राजनैतिक मुद्दे, तकनीकी विकास, आर्थिक प्रगति, पर्यावरण के सरोकार महत्वपूर्ण रूप से जुड़े हुए हैं। साथ ही उपभोक्ता व्यवहार जटिल होता है और व्यक्तित्व, सामाजिक मानक, ऊर्जा-संरक्षण के प्रति अभिवृत्ति, आरामदायक जीवन शैली की पसंद, ऊर्जा-सुरक्षा की चेतना, पर्यावरण के प्रति मैत्री आदि पर निर्भर करता है।**

ऊर्जा के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। भौतिक नियम बताता है कि ऊर्जा न पैदा की सकती है न समाप्त; उसका सिर्फ़ रूपांतरण ही होता है। मानव जीवन की सारी गतिविधियाँ इस मायावी ऊर्जा पर ही टिकी हुई हैं। ऊर्जा ही अपना रूप बदल-बदल कर हमारी कल्पनाओं को साकार करती है। सामान्यतः अदृश्य-सी रहने वाली ऊर्जा हमारे दृश्य जगत को रचते हुए हर जगह हावी है। ऊर्जा के नए-नए स्रोत खोजे जाते रहे हैं जो आणविक ऊर्जा तक पहुँचे हैं। ईंधन से भोजन बनाने में ही नहीं उसके लिए प्रयोग में आने वाली सामग्री हम तक पहुचे इसके लिए हर कदम पर जरूरी मशीन, उर्वरक, पानी सबके लिए अलग-अलग तरह से ऊर्जा की ज़रूरत पड़ती है। ऐसे ही परिवहन, मौसम से सुरक्षा और वस्तुओं के निर्माण के लिए भी ऊर्जा आवश्यक है। दरअसल, आधुनिक जीवन शैली, पारिस्थितिकी, प्रदूषण और ऊर्जा के उपयोग के प्रश्न आपस में बुरी तरह से गुँथे हुए हैं। विकास के साथ प्रति व्यक्ति ऊर्जा की माँग बढ़ रही है। समृद्ध देशों में जीवन स्तर को उन्नत रखने के लिए अधिकाधिक ऊर्जा चाहिए, उभरते देशों में कृषि अर्थ व्यवस्था से औद्योगिक व्यवस्था की तरफ़ आगे बढ़ने में भी ऊर्जा चाहिए। परंतु यह भी जरूरी है कि उन 80 प्रतिशत लोगों के साथ मिल कर काम किया जाय जिनके पास केवल एक चौथाई संपत्ति है। ऊर्जा की समस्या वैज्ञानिक, तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कई जटिल समस्याओं का परस्पर गुँथा समूह है। भारतवर्ष की विशालकाय जनसंख्या और आर्थिक गतिविधि में तेजी के कारण यहाँ ऊर्जा की माँग निरंतर बढ़ती जा रही है। आज भारत विश्व में ऊर्जा की खपत की दृष्टि से तीसरे स्थान पर है। परंतु हमारा बुनियादी ढांचा कमजोर पड़ रहा है जिसके चलते बिजली आपूर्ति में बड़ी बाधा पहुँचती है और उसका दुरुपयोग भी होता है। साथ ही देश में ऊर्जा की ग़रीबी भी बनी हुई है। दुर्बल वर्ग के लोगों को बिजली और अन्य आधुनिक ऊर्जा के संसाधन अभी भी उपलब्ध नहीं हो सके हैं। यह भी गौरतलब है कि जीवाश्म ऊर्जा (फॉसिल फ्यूल) के अत्यधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन की मात्रा भी तेजी से बढ़ रही है। इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव है और वह ख़तरनाक साबित हो रहा है। भारत की ऊर्जा मुख्यतया जीवाश्म ईंधन यानी कोयला, तेल तथा गैस आदि से उपलब्ध होती है। आज देश में बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत कोयले पर टिका है। आयात और घरेलू आपूर्ति में कमी के चलते यह अब बड़ा मंहगा पड़ रहा है। इस पर निर्भरता, ऊर्जा की बढ़ती मांग, अन्य देशों पर निर्भरता, पुराने क़िस्म का ढाँचा और नवीकरण की संभावना वाले ऊर्जा स्रोतों को अपनाने में धीमी गति ने देश के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। इनसे ऊर्जा-सुरक्षा, विकास के टिकाऊपन और पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी समस्याएं जन्म ले रही हैं। सौर ऊर्जा और पवन



**इस बात को साबित कर रही है ऊर्जा के मुद्दे आधुनिक समाज में ऊर्जा के वितरण, उपलब्धता और आपूर्ति के साथ उसके टिकाऊपन और स्वच्छ यानी प्रदूषणमुक्त ऊर्जा स्रोत की तलाश तकनीकी उन्नति के साथ ही हमारे संस्कार और व्यवहार पर भी निर्भर करेगा।**

ऊर्जा में निवेश तो बढ़ा है फिर भी कच्चे तेल और कोयले के आयात के कारण आर्थिक दबाव बहुत ज़्यादा बना हुआ है। आज आवश्यकता है कि नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार हो और ऊर्जा का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाय। देश को अपने संसाधनों की खोज बढ़ानी होगी ताकि ऊर्जा की दृष्टि से आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। बिजली के ट्रांसमिशन और वितरण के नेटवर्क को अविलंब सुधारना होगा ताकि ऊर्जा चोरी और दुरुपयोग की रोकथाम हो सके। विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समस्या अगले सौ वर्षों में मानवता की शीर्ष दस समस्याओं में से एक गंभीर समस्या बनेगी। वह मानवता के सम्मुख खड़ी समस्याओं में विकटतम हो रही है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि पिछले खाड़ी युद्धों और सद्यः चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में ऊर्जा का प्रश्न भी मौजूद है। बढ़ती जनसंख्या से ऊर्जा की ज़रूरतें निरंतर बढ़ रही है। नवीकरणीय ऊर्जा समस्या से निपटने की एक अच्छी युक्ति है। सौर ऊर्जा मानव जाति की सभी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त भी है। इस विशाल ऊर्जा स्रोत का दोहन एक समाधान है। ऊर्जा संरक्षण के प्रश्न पर विचार करते हुए कम खर्चीले और प्रदूषणमुक्त ऊर्जा स्रोतों की खोज जारी है। हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा के उपयोग की दिशा में प्रगति हुई है। ऊर्जा संकट का एक व्यवहारिक पक्ष भी है। इस संकट का समाधान ऊर्जा-संरक्षण के लिए जरूरी अभ्यास की अपेक्षा करता है। आदतों में बदलाव द्वारा ऊर्जा के उपभोग में कमी लाकर ऊर्जा के दुरुपयोग को नियंत्रित और कम किया जा सकता है। इस दृष्टि से विभिन्न कार्यों के लिए कम ऊर्जा की खपत वाली ऊर्जा-सक्षम तकनीकों का अवलंबन भी कारगार साबित होगा। ऐसे कदम उठाने का पर्यावरणीय लाभ भी मिलेगा। ग्रीन हाउस गैस के उत्पादन पर नियंत्रण होगा और दूसरे प्रदूषकों, जो जलवायु-परिवर्तन को तीव्र करते हैं और प्राकृतिक आवास का क्षरण करते हैं उनसे रक्षा भी होगी। इससे घर या व्यापार हर क्षेत्र में खर्चे में कमी आएगी। ऊर्जा संरक्षण के लिए संसाधन-प्रबंधन की सख़्त ज़रूरत है। हमें वर्तमान ऊर्जा-संसाधनों का विस्तार करना होगा और ऊर्जा-सुरक्षा को सुनिश्चित करना होगा। इन सब उपायों से आयातित ऊर्जा पर हमारी निर्भरता घट सकेगी। वस्तुतः ऊर्जा-संरक्षण का लक्ष्य अपने व्यवहार-बर्ताव में बदलाव तथा विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी के विकास द्वारा पाया जा सकता है। उदाहरण के लिए घर में बिजली का उपयोग अपनी आवश्यकता के अनुसार किया जाना चाहिए। कमरे से बाहर जाते समय ध्यान से स्विच ऑफ़ कर देने की आदत बिजली बिल में बड़ी बचत ला सकता है। प्राकृतिक प्रकाश का अधिकाधिक उपयोग करना भी प्रभावी उपाय है। ऊर्जा की किफायत वाले एलएडी बल्व लगाने से लगभग 75 प्रतिशत ऊर्जा की बचत होती है। इसी तरह विभिन्न उपकरणों के उपयोग के तरीकों को भी सुधारना होगा। जब उपकरण को उपयोग में न ला रहे हों तो अनप्लग कर देना, स्वचालित ऑफ़ होने की व्यवस्था रखना बहुत लाभकर होता है। हीटिंग और कूलिंग के लिए प्रोग्राम वाली थर्मोस्टेट की व्यवस्था महत्वपूर्ण होती है। आज यातायात में भी ऊर्जा की बड़ी खपत होती है। इसलिए कोशिश की जानी चाहिए कि कम से कम ड्राइव करें। इसकी जगह पैदल चलना, साइकिल का उपयोग, परिवहन के जन-माध्यम (जैसे- बस, ट्रेन, मेट्रो आदि ) का उपयोग बड़ी कारगार पहल हो सकती है। निजी वाहनों का कम से कम उपयोग किया जाना चाहिए। इससे सड़कों पर वाहनों की अतिरिक्त भीड़ जिससे जाम लगता है और प्रदूषण होता है घटेगी। वाहन को अनावश्यक तेज या कम गति से नहीं चलाना चाहिए।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 21:20 तक |
| नक्षत्र: | चित्रा 11:03 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | शोभना, 12:28 |
| सूर्योदय: | 07:10 |
| सूर्यास्त: | 17:21 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 08:26-09:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:55-12:36 |

## जन एक्सप्रेस

### पी लिया सिगरेट !

*संसद परिसर में आखिर ।*
*पी लिया सिगरेट ।।*
*उड़ रहा मजाक है ।*
*है यही अपडेट ।।*
*माननीय ये आखिर ।*
*करते गलत काम ।।*
*और भी झल्लाते ।*
*आ जाता जब नाम ।।*
*ठीक नहीं व्यवहार ये ।*
*लग जाए लगाम ।।*
*और चला जाए ।*
*कुछ सुंदर परिणाम ।।*
*जो कानून बनाते ।*
*है उनका ये हाल ।।*
*लोकतंत्र में तय है ।*
*होना ये कमाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ठंड में कमर दर्द के लिए सेंधा नमक का इस्तेमाल करें

**आज** के समय में ज्यादातर लोग काम के कारण घंटों तक बैठें या खड़े रहते हैं। इसके कारण अक्सर लोग कमर दर्द की समस्या से परेशान रहते हैं, खासकर सर्दियों के दौरान। कमर दर्द की समस्या से राहत के लिए अक्सर लोगों को घंटों बैठें रहने, गलत पॉस्चर में बैठने, लगातार खड़े रहने से बचने, हल्की एक्सरसाइज करने और कई तरह के उपायों को अपनाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, कमर दर्द की समस्या से राहत के लिए सेंधा नमक का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, ठंड में कमर दर्द से राहत के लिए सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जा सकता है। सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे मिनरल्स के गुण होते हैं। इससे मांसपेशियों की ऐंठन को कम करने, दर्द को कम करने, ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने और मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।

**हॉट कंप्रेश करें:** इसके लिए सेंधा नमक रूई या एक कपड़े में डाल दें। इसके बाद इसके तवे पर रखकर इसको गर्म कर लें। इसके हल्का गर्म होने पर इससे कमर की सिकाई करें। इससे जोड़ों के दर्द को कम करने और मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।



**पानी में सेंधा नमक मिलाकर नहाएं:** इसके लिए 1 बल्की गर्म पानी में 2 चम्मच सेंधा नमक को अच्छे से मिलाएं। इसके बाद कमर पर इस पानी से 10-15 मिनट तक सिंकाई करें या नहाएं। इससे कमर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने और कमर की सूजन को कम करने में मदद मिलती है।

**तेल में मिलाकर मालिश करें:** इसके लिए 1 कप नारियल तेल या सरसों के तेल में 1 चम्मच सेंधा नमक को मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद इस पेस्ट को कमर पर लगाकर मालिश करें और फिर हल्के गुनगुने पानी से कमर को धो लें या नहा लें।

**सावधानियां:** इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। इससे किसी भी तरह की परेशानी होने या स्किन के सेंसिटिव होने पर इसका इस्तेमाल करने से बचें।

**निष्कर्ष:** कमर दर्द से राहत के लिए सेंधा नमक को हॉट कंप्रेश, तेल में मिलाकर मालिश करने और पानी में सेंधा नमक मिलाकर इससे नहा सकते हैं। इससे कमर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने, मांसपेशियों की ऐंठन को कम करने, रिलैक्स करने और कमर के दर्द को कम करने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, परेशानी होने पर इसके इस्तेमाल से बचें या कमर में अधिक दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# स्वास्थ्य के अधिकार की लड़ाई



डॉ. सत्यवान सौरभ

**स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार लंबी अवधि का कार्य है; परंतु इसकी शुरुआत तत्काल बजट बढ़ाने, निजी अस्पतालों को सख्त नियामक दायरे में लाने, दवाओं की कीमतें नियंत्रित करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य ढाँचे को मजबूत करने से हो सकती है।**

**जब तक आवश्यक दवाओं पर सख्त मूल्य नियंत्रण नहीं होगा तथा जन औषधि प्रणाली का विस्तार नहीं होगा, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार महंगी दवाओं के भार तले दबते रहेंगे। साथ ही, स्वास्थ्य कर्मियों की स्थितियाँ भी इस संकट का एक महत्वपूर्ण पक्ष हैं। अस्थायी नियुक्तियाँ, कम वेतन, कार्यभार का दबाव- ये सभी कारक चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं।**

**भारत** में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा और उसकी दिशा तेजी से बदल रही है। चिकित्सा, जो कभी सार्वजनिक दायित्व और कल्याणकारी राज्य की बुनियादी जिम्मेदारी माना जाता था, अब अधिकाधिक निजी क्षेत्र के हाथों में जाता दिख रहा है। एक ओर, सरकारी स्वास्थ्य ढांचा सीमित बजट, कम मानव संसाधन और कमजोर बुनियादी ढांचे से जूझ रहा है; दूसरी ओर, निजी अस्पतालों और कॉरपोरेट मेडिकल चेन की पहुंच और उसका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। दोनों के बीच आम नागरिक, विशेषकर गरीब-ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदाय, स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत और असमान पहुंच के बोझ तले दब रहे हैं। इसी बदलते परिदृश्य में, यह बहस तेज हो गई है कि क्या स्वास्थ्य को न्यायसंगत और लागू करने योग्य मौलिक अधिकार बनाया जा सकेगा। यह कानूनी के साथ-साथ राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रश्न भी है। भारत में स्वास्थ्य का अधिकार अप्रत्यक्ष रूप से अनुच्छेद 21 के अंतर्गत न्यायालयों द्वारा मान्यता प्राप्त है, पर इसे अभी तक स्पष्ट रूप से स्वतंत्र मौलिक अधिकार नहीं बनाया गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि राज्य अभी तक ऐसी बाध्यकारी जिम्मेदारी स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है जिसमें हर नागरिक को समान, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि देश विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, परंतु स्वास्थ्य पर होने वाला सार्वजनिक व्यय आज भी दुनिया के सबसे कम आंकड़ों में शामिल है। जब राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त बजट नहीं देता, तब स्वाभाविक रूप से रिक्त स्थान निजी क्षेत्र भरता है और यहीं से उत्पन्न होती है अनियंत्रित शुल्क, अनावश्यक चिकित्सा प्रक्रियाएँ और आम व्यक्ति की आर्थिक तबाही। निजीकरण के विस्तार का दूसरा पहलू यह है कि यह केवल स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन तक सीमित नहीं है; यह स्वास्थ्य नीति, दवाओं की कीमतों, बीमा योजनाओं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) की दिशा को भी प्रभावित कर रहा है। जब स्वास्थ्य एक लाभ आधारित उद्योग में बदल जाता है तब उपचार की प्रकृति, लागत, पहुंच और गुणवत्ता सभी बाज़ार के नियमों के अधीन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य का अधिकार कागज़ पर तो हो सकता है पर धरातल पर वह व्यापक रूप से लागू नहीं हो पाता। एक और गंभीर समस्या है क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 2010 का कमजोर क्रियान्वयन। जिन राज्यों में यह लागू भी है, वहाँ भी नियमन और पारदर्शिता कमजोर हैं। मरीज़ों से मनमाना शुल्क, अनावश्यक जाँच की सलाह, महंगे पैकेज और अत्यधिक दरों पर सर्जरी जैसी शिकायतें आम हैं। यह स्थिति तब और जटिल हो जाती है जब मरीज़ की ओर से शिकायत या न्याय पाने की व्यवस्था कमजोर और अप्रभावी हो। इसके साथ ही, भारत में आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर अभी भी कुल स्वास्थ्य व्यय का 40% के आसपास है। यानी मरीज़ों को अपनी जेब से भारी राशि खर्च करनी पड़ती है। आयुष्मान भारत जैसी सरकारी बीमा योजनाओं का उद्देश्य भले आर्थिक सुरक्षा देना हो, पर इनके दायरे में आने वाली प्रक्रियाएँ सीमित हैं और निजी अस्पतालों द्वारा इनका उपयोग कई बार मनमाने ढंग से किया जाता है। बीमा आधारित मॉडल ने स्वास्थ्य खर्च की समस्या को हल नहीं किया है बल्कि कई बार यह निजी क्षेत्र के लिए नया ग्राहक-स्रोत बन गया है। स्वास्थ्य अधिकार को न्यायिक रूप से लागू करना तभी संभव है जब स्वास्थ्य क्षेत्र का ढांचा मजबूत हो। इसके लिए सबसे पहले जरूरी है कि सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को बढ़ाए। प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किए बिना, विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ाए बिना, दवाओं और जांचों को सस्ता किए बिना और स्वास्थ्य संस्थानों में जवाबदेही मजबूत किए बिना, इस अधिकार को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने की कोशिशें बेमानी होंगी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# रोटरी शरद मेले में कला और मनोरंजन का अद्भुत संगम





■ मेले के दूसरे दिन की शाम को आजा नचले' और विविध प्रतियोगिताओं ने बंधाया समा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

रोटरी शरद मेले के दूसरे दिन शनिवार को आयोजन स्थल पर बच्चों और युवाओं ने अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 'आजा नचले' कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने अपने नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनुरिता सक्सेना, रचित अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, डॉ. राहुल, सुरुचि शर्मा रहे। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में रवि अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, उमेश चंद्र, साधना अग्रवाल और कोमल अग्रवाल की देखरेख में प्रतिभागियों ने अद्भुत कलाकारी दिखाई। सीनियर ग्रुप में दिया राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इशिका माथुर द्वितीय, वर्ष तृतीय रही। जूनियर ग्रुप में अम्बिका वर्मा प्रथम, नितिका द्वितीय और रक्षिता राज तृतीय रही।

फायरलेस कुकिंग कार्यक्रम में अरविंद गुप्ता, सुमन गुप्ता, कुलदीप रेखा आनंद, तारा सिंह, परविंदर कौर और डॉ. उमेश ऋचा वार्ष्णेय संयोजक रहे। जूनियर ग्रुप में योग्या सक्सेना प्रथम, समीक्षा एवं अथर्व द्वितीय संयुक्त विजेता रहे। सीनियर ग्रुप में अर्चना प्रथम, निर्भया द्वितीय और साहिल तृतीय स्थान पर रहे।

पेंसिल स्केच कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार धवन, चारु धवन और मनोज मनीषा खंडेलवाल संयोजक रहे। सीनियर ग्रुप में प्रियांशु प्रथम, स्वाति द्वितीय और बबली तृतीय रही। जूनियर ग्रुप में विप्लव प्रथम, महिमा द्वितीय और नीतीशा तृतीय रहे।जुगनू जादूगर कार्यक्रम में रचित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल और संदीप गोयल की देखरेख में जादूगर ने अपने करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे-बड़े सभी दर्शक रोमांचित और हैरान रहे।

रविवार के मुख्य आकर्षण में फैशन शो, 'मेरी आवाज सुनो' और अहसान कुरैशी की कॉमेडी शामिल रहे। मेला का उद्घाटन संजय गंगवार राज्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी ने फीता काटकर किया। रोटरी के मंडलाध्यक्ष राजन विद्यार्थी, पूर्व मंडलाध्यक्ष किशोर कटरु और नव निर्वाचित मंडलाध्यक्ष विनय कृष्णा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रतिभागियों में प्रारुचि सिंह प्रथम, प्रशसिवसिंह द्वितीय तथा आद्या और अनिका संयुक्त तृतीय स्थान पर रही। इस पूरे कार्यक्रम की जानकारी मेला मीडिया प्रभारी- डॉ. एसपीएस संधू ने दी।

## महिला थानाध्यक्ष द्वारा काउंसलरों के सहयोग 12 मामलों में सुलह का प्रयास करके 06 जोड़े की कराई विदाई

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

रविवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना महिला शिल्पी शुक्ला ने परामर्शदाताओं के सहयोग से 12 परिवारिक विवादों में पक्षकारों के मध्य सुलह का प्रयास कर के 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी श्रीमती नीति गुप्ता के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 12 शिकायती प्रार्थना-पत्र में काउंसलरों व महिला आरक्षी सुमन लता के सहयोग से 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है 03 मामले ऐसे थे जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था, दोनों पक्षों की सहमति से सोचने का समय दिया गया, एवं 03 मामले माननीय न्यायालय में लम्बित होने के कारण पक्षकार न्यायालय में उपस्थित होकर मामले का निस्तारण करेगें , पति-पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है।

# पीड़ित और उसके ग्यारह सहयोगियों के मुंशी ने मजदूरी हड़पे लाखों रूपए

### ठग पुत्र पिता दे रहे जान माल की धमकी मामला थाना हैदराबाद का

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में ग्राम लेगड़ीपुर के रहने वाले पीड़ित इन्द्रेश अपने साथ अपने भाई रमाकान्त, देवराज, व रामगोपाल पुत्र श्याम लाल राकेश पुत्र मनोज निवासीगण ग्राम लेगड़ीपुर) (बराती लाल पुत्र रामकुमार,काशीराम पुत्र रामकुमार निवासीगण ग्राम तेतारपुर डीह) अनिल पुत्र रामगोपाल, रमेश पुत्र स्वामीदयाल निवासी ग्राम अचाकापुर थाना कोतवाली फूलबेहड़ जिला खीरी विपिन पुत्र सन्तोष, सन्दीप पुत्र रामू निवासीगण ग्राम भंगहरपुरवा मजरा मकसोहा थाना शारदानगर जिला खीरी। कुछ सभी ग्यारह सहयोगियों का हेड होने के साथ दिनांक 04.जून.2025 सेमाक कंसल्टेंट्स लिमिटेड पलवल हरियाणा में स्कार फोलडींग लाइन का काम करने के लिए मुंशी अवधेश पाल पुत्र सुरेश पाल नन्दलालपुर मोहम्मदाबाद थाना हैदराबाद जनपद लखीमपुर खीरी के साथ गया था अगले दिन दिनांक 05.जून.2025 को काम प्रारंभ किया दो माह काम करने के बाद रक्षा बंधन का त्योहार पड़ने पर पीड़ित 03.अगस्त.2025 को अपने साथियों के साथ घर आया जहां पीड़ित को दो माह की जगह एक माह का रूपया दिया शेष रूपए



अवधेश ने आन लाइन पेमेंट करने की बात कही चार माह से ऊपर हो गये पीड़ित को विपक्षी ने रूपए नही दिया जिस कारण पीड़ित को सहयोगियों द्वारा काफी परेशान किया जा रहा है। काफी प्रयास करने पर विपक्षी अवधेश ने दीपावली पर पूरा पेमेंट दे देंगे अभी ठेकेदार सलमान ने रूपए नही दिया ठेकेदार सलमान से मो0.नं0.7532885011 फ़ोन पर बात करने पर मालूम हुआ की विपक्षी अवधेश को सारा पेमेंट दे दिया जिसका रिकॉर्ड सलमान ठेकेदार ने पीड़ित को दे दिया। पीड़ित कोई वाद विवाद नहीं चाहता था इसलिए पीड़ित विपक्षी अवधेश के घर नंदलालपुर गया जहां विपक्षी अवधेश के माता पिता मिले जिन्होंने रूपए न होने की बात करते हुए मिल चलने पर रूपए दे देंगे लेकिन मिल चलने के बाद पीड़ित पुनः रूपए लेने विपक्षी अवधेश के पिता सुरेश पाल के पास गया जहां सुरेश पाल मो.नं0.7054649663 आमादा फौजदारी होते हुए ऐलानिया कहा एक रूपए नही देंगे अगर पुत्र अवधेश की शिकायत की तो सारा रूपए पुलिस में देकर झूठे केस में फसा देंगे विपक्षी व विपक्षी का पिता काफी सर्कस एव शातिर किस्म के लोग हैं जो कुछ भी कर सकते हैं जो पीड़ित के न्याय हित में नहीं है। भयभीत पीड़ित ने दिनांक 29. अक्टूबर.2025 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी व श्रम आयुक्त से की जिसमें 23. दिसंबर .2025 पेशी की डेट लगी हुई है। शिकायत करने पर 56 हजार आन लाइन देने की बात कही जब की शेष रूपए की बात नकार दिया। लगातार विपक्षी अवधेश व उसके पिता द्वारा झूठ पर झूठ बोलकर जान माल की धमकी दी जा रही है पीड़ित के 1 लाख 85 हजार 5 सौ 75 रूपए विपक्षी के पास शेष है जो विपक्षी देने से इन्कार कर रहा है।इतनी बड़ी रकम आर्थिक तंगी से जूझ रहा पीड़ित अपने सहयोगियों को नहीं दे सकता अगर विपक्षी इसी तरह मूर्ख बनाता रहा तो पीडित आत्महत्या कर लेगा जिसका जिम्मेदार विपक्षी व उसका पिता होगा। क्योंकि पीड़ित हर तरफ़ घिर चुका है दिल्ली देखते हैं पीड़ित को न्याय मिल सकेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

# स्टडी वीजा के नाम पर 9.65 लाख रुपये की ठगी सपनों का सौदा और सिस्टम की खामोशी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

विदेश जाकर बेहतर भविष्य बनाने का सपना आज हजारों युवाओं की आंखों में पलता है। इसी सपने को आधार बनाकर ठगों का एक संगठित तंत्र सक्रिय है, जो स्टडी वीजा के नाम पर न केवल लाखों रुपये ऐंठ रहा है, बल्कि युवाओं के भविष्य और आत्मसम्मान को भी चोट पहुँचा रहा है। पीलीभीत में हाल ही में सामने आए मामले में यह एक बार फिर स्पष्ट हो गया कि भरोसा और अभाव दोनों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

नौगवां पकड़िया निवासी मोहम्मद अरबाज ने जिस भरोसे के साथ अपने पैसे और शैक्षिक दस्तावेज़ सौंपे, उसी भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी फैज मलिक ने उसे 9.65 लाख रुपये की ठगी के साथ-साथ उसके अंकपत्रों में कथित हेराफेरी भी कर दी। युवाओं के सपनों के साथ यह खेल केवल आर्थिक नुकसान ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक क्षति भी पहुंचाता है। इस घटना से यह भी सवाल उठता है कि क्या हमारे सिस्टम और संस्थान युवाओं को सुरक्षित तरीके से विदेश भेजने के लिए पर्याप्त सतर्क हैं। ऐसे एजेंटों और कंपनियों की पहचान और निगरानी के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, और न ही युवाओं को जागरूक किया गया कि बड़े फैसले लेने से पहले सत्यापित एजेंट और अधिकृत दस्तावेज़ ही मान्य हैं।यह मामला यह भी याद दिलाता है कि परिवार और सामाजिक संबंधों पर भरोसा करना हमेशा सुरक्षित नहीं होता। मोहम्मद अरबाज ने पारिवारिक संबंधों के आधार पर फैज मलिक पर भरोसा किया, और यही भरोसा उसके लिए भारी पड़ गया। यह संदेश युवाओं के लिए स्पष्ट है कि पैसा और भविष्य के सपनों का सौदा बिना जांच-पड़ताल किए कभी न करें। पुलिस ने इस मामले में तेजी से कदम उठाकर धोखाधड़ी और धमकी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह स्वागत योग्य है, लेकिन केवल मुकदमा दर्ज करना पर्याप्त नहीं। ऐसे मामलों की जांच, वित्तीय लेनदेन की जांच और कानूनी कार्रवाई समयबद्ध तरीके से होनी चाहिए, ताकि आगे ऐसे अपराधियों को चेतावनी मिले और अन्य युवा सतर्क रहें। यह जिम्मेदारी केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि परिवार, स्कूल और सामाजिक संस्थाओं की भी है कि वे युवाओं को इस तरह की ठगी से बचाने के लिए जागरूक करें और सलाह दें। विदेश जाने का सपना सुनहरा हो सकता है, लेकिन यदि यह सपनों के साथ धोखाधड़ी में बदल जाए तो यह जीवन भर का नुकसान भी साबित हो सकता है। समाज और प्रशासन को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि स्टडी वीजा या अन्य रोजगार/शिक्षा संबंधी मामलों में युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे, और उन्हें अवैध एजेंटों और धोखेबाजों के चंगुल से बचाया जा सके। सपनों का पीछा करें, लेकिन सावधानी और सत्यापन के साथ। विदेश का सपना केवल कागजों और पैसों का खेल नहीं है; यह आपकी मेहनत, विश्वास और सुरक्षा से जुड़ा है।

# जन्मदिन की खुशियां मातम में बदली, महिला और दो बच्चे घायल

### शराब पीकर आए देवर ने मचाया उत्पाद, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खकरा में एक मासूम के जन्मदिन की खुशियां अचानक दुःख में बदल गईं। घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक महिला व उसके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता राम बेटी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 12 दिसंबर को उनके पुत्र कृष का जन्मदिन था। इस अवसर पर घर में परिवार और रिश्तेदार मौजूद थे। जन्मदिन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था, तभी उनके देवर हरीश शराब के नशे में घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। परिवार ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन हरीश और अधिक उग्र हो गए। आरोप है कि राम बेटी ने बीच-बचाव किया तो हरीश ने उनके पुत्र कृष और पुत्री तानिया के साथ मारपीट शुरू कर दी। बच्चों को पीटते देख राम बेटी ने हस्तक्षेप किया, लेकिन इस दौरान हरीश की पत्नी संतोषी ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे राम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। महिला और बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हरीश, संतोषी और एक अन्य आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। घटना के बाद मोहल्ले में लोगों में डर और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय निवासी इसे गंभीर घरेलू हिंसा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नवागत चौकी इंचार्ज सिकंदराबाद ने सम्हाली चौकी की कमान

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



थाना नीमगांव क्षेत्र की चौकी सिकंदराबाद मे विगत दो वर्षो से तैनात चौकी इंचार्ज आशीष शेरावत का पिछले सप्ताह जिले के कप्तान से उनका तबादला लखीमपुर खीरी के लिये कर दिया था। इसके बाद लखीमपुर पुलिस लाइन से उनकी पोस्टिंग चौकी सिकंदराबाद मे कर दी गई है। सिकंदराबाद पोस्टिंग के पश्चात नवागत चौकी मुकेश कुमार ने चार्ज ग्राहक करने के पश्चात पत्रकारो से रूबरू होकर पुलिस का सहयोग बनाये रखने की अपील की है।हालाकि चौकी इंचार्ज मूल रूप से फर्खावाद जिले के मूल निवासी है और वह 1998 बैच के सब इंस्पेक्टर है। हलाकि सुरुआती दौर मे बागपत, गौतमबुद्धनगर, सीतापुर के जिलो मे अपनी सेवाये दे चुके है।इस दौरान फैसल खान,अख्तर अंसारी पंकज शुक्ला,सत्यम मिश्र, श्याम सिंह पत्रकार मौजूद रहे।

# तीन वाहनों की टक्कर मे सात लोग गम्भीर रूप से घायल




**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

थाना नीमगांव क्षेत्र के लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कोरैय्या तालुकेदारी गांव के नजदीक तीन वाहनो की टक्कर मे सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस घटना मे दो ई रिक्सा एक कार की जोरदार टक्कर हो गई ।ग्रामीणो व पुलिस की मदद से सभी घायलो को इलाज हेतु एम्बूलेन्स से बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र भेजा गया जिसमें चार की हालत गम्भीर होने के चलते जिला अस्पताल मोतीपुर रिफर कर दिया गया। घटना स्थल बेहजम चौकी प्रभारी सिद्धान्त पवांर सहित दीवान सुशील कुमार संजय यादव, विकास कुमार मौके पर पहुँच कर सभी छति ग्रस्त हुए वाहनो को रोड से किनारे हटवाकर याता यात शुरू कराया। जानकारी के अनुसार-लखीमपुर की तरफ से जा रहे कार सवार फिरोज (44) पुत्र रहीस, अनुराग (33) पुत्र अनूप सिंह सीमा देवी(55) पत्नी अनूप सिंह निवासी कृष्णा नगर गांधी नगर थाना चकेरी कानपुर।

ई रिक्सा सवार मीना देवी (55) पत्नी कौशल कुमार निवासी छेतौनिया थाना हैदराबाद, गुलफाम (24) पुत्र इरफान निवासी बेहजम थाना नीमगांव, सचिन(18) पुत्र बाबूराम निवासी मल्हपुर गडरिया थाना नीमगांव, मुन्नी देवी(36) पत्नी मुन्नालाल निवासी बेलहरी थाना नीमगांव सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये सभी घायलो को एम्बूलेन्स से बेहजम सामुदाईक स्वास्थ्य केद्र बेहजम लाया गया जहाँ मीना देवी, गुलफाम, सचिन, मुन्नी देवी की हालत गम्भीर होने के चलते जिला अस्पताल मोतीपुर रिफर कर दिया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दुकानदार पर लगाया आभूषण वापस न करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा निवासी माता दीन ने पूरनपुर के एक ज्वेलर्स पर आरोप लगाया कि उसने गिरवी रखी सोने की दो मोहरें अब तक वापस नहीं की हैं।पीड़िता ने बताया कि बर्क 2023 में उन्होंने सोने की दो मोहरें एक लाख रुपये में गिरवी रखी थीं। इसके अलावा दो कंधनी चांदी की और एक जोड़ी आधा तोला सोने के कुंडल गिरवी रखे थे, जिन पर कुल 40 हजार रुपये का ऋण लिया गया। 22 अक्टूबर 2025 को सभी किश्तों का मय ब्याज भुगतान कर दिया, लेकिन दुकानदार ने मोहरें वापस नहीं कीं। पीड़िता ने कहा कि मोहरें मांगने पर दुकानदार ने अभद्रता कर उन्हें दुकान से भगा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चहलकदमी करता दिखा बाघ

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** क्षेत्र के डगा मोड़ के पास शनिवार देर रात करीब नौ बजे एक बाघ सड़क किनारे टहलता हुआ देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाघ आबादी वाले क्षेत्र के काफी करीब पहुंच चुका है। रात के समय ग्रामीणों और राहगीरों में डर का माहौल बना हुआ है। इससे पहले भी माधोटांडा क्षेत्र में टाइगर और अन्य जंगली जानवरों की चहलकदमी देखी जा चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निवेदन किया है कि जंगली जानवरों की निगरानी और सुरक्षा उपाय किए जाएं।

### महिला ने लगाया देवर पर प्रताड़ित करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने देवर पर लगातार मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। महिला अपने पति के घर से बाहर मजदूरी करने के कारण अकेली रहती है और अपनी नाबालिग बेटी के साथ घर संभालती है।पीड़िता ने बताया कि देवर आए दिन उसे धमकाता है और विरोध करने पर गंभीर धमकियां देता है। महिला ने पहले भी डायल 112 और कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने केवल समझा-बुझाकर मामले को टाला। महिला ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ी घटना हो सकती है।

### परेशान ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण की मांग उठाई

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा से किशनपुर जाने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया अधूरी पड़ी होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाखों की लागत से पुलिया निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन कई महीनों से कार्य ठप पड़ा है। आवागमन में असुविधा के कारण लोगों ने खुद ही रास्ता बना लिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुलिया निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

### चाकू के साथ एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** खेरपुर के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े मुन्ने खां को पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपी को कोर्ट के लिए चालान कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मुजफ्फरनगर ने बिजनौर को हराकर जीता राज्य सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप (जोन प्रथम) का खिताब

■ पीलीभीत के ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय रोमांचक प्रतियोगिता संपन्न

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश राज्य सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता (जोन प्रथम) का आयोजन पीलीभीत के स्थानीय ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में आयोजित इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में मुजफ्फरनगर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में बिजनौर को कड़े मुकाबले में 27-21 के अंतर से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया था।





### पुरस्कार वितरण और प्रेरणादायक संबोधन

प्रतियोगिता के समापन समारोह में आजमगढ़ की अपर आयुक्त अर्चना द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता (मुजफ्फरनगर) और उप-विजेता (बिजनौर) टीमों को पुरस्कार वितरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पीलीभीत जैसे छोटे शहर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा, जो जीते वे बेहतर खेलें और जो हारे, वे उनसे भी बेहतर खेलें।

### रोमांचक मुकाबले और सेमीफाइनल का सफर

प्रतियोगिता के पहले दिन 19 मैच खेले गए, जिसमें दर्शकों को रोमांच का अनुभव हुआ। सेमीफाइनल में बिजनौर ने सहारनपुर को, अलीगढ़ ने पीलीभीत को, मुजफ्फरनगर ने आगरा को और शामली ने एटा को 36-27 के अंतर से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इसके बाद फाइनल में मुजफ्फरनगर और बिजनौर के बीच खिताबी मुकाबला हुआ।

### गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति और सम्मान

समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पदमबीर सिंह को शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेमीफाइनल और समापन समारोह में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह, ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष अनिल महेंद्रु और सचिव मनोज गंगवार, ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अमिताभ अग्निहोत्री, विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र छाबड़ा, प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पदमवीर सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी जसवीर सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, संयुक्त बार काउंसिल के महासचिव आनंद मिश्रा, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष डॉ. दिनेश तिवारी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में रामपाल, राकेश, कपिल कुमार और मोहित ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संजय पांडे और प्रशांत शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। अंत में, जिला कबड्डी संघ सचिव गुरमेज सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने पीलीभीत को खेल गतिविधियों के क्षेत्र में एक सशक्त पहचान दी और भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं के प्रति उत्साह बढ़ाने का संदेश भी दिया।

# औरंगाबाद पावर हाउस की बिजली आपूर्ति में नहीं हो रहा सुधार

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सरकार के मंसूबों पर क्षेत्र के बिजली विभाग के कर्मचारी पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हालात यह है कि बीते 30 घंटे से ज्यादा समय से औरंगाबाद पावर हाउस की बिजली आपूर्ति में नहीं हो रहा सुधार,टोलप्लाजा फीडर पर 30 घंटे का ब्लैक आउट अतिरिक्त कार्यभार होने के चलते जेई नहीं ले रहे रुचि जेई उमेश कुमार के खुद के कर्मचारी नहीं उठाते उनका फोन मैगलगंज सरकार के मंसूबों पर क्षेत्र के बिजली विभाग के कर्मचारी पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हालात यह है कि बीते 30 घंटे से ज्यादा समय से औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाला टोलप्लाजा फीडर बंद रहा। किसानों की फसलें बिना पानी के दम तोड़ती हुई दिखाई दे रही हैं।मोहम्मदी डिवीज़न के औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र की विधुत सप्लाई रामभरोसे चल रही है। औरंगाबाद विधुत उपकेंद्र से संचालित होने वाली टोल प्लाजा फीडर की सप्लाई करीब 30 घंटे बाधित रही। बताते चलें औरंगाबाद फीडर का यह कोई नया मामला नहीं है। इसी पावरहाउस से इछ्नाफीडर को दी जाने वाली सप्लाई पिछले एक सप्ताह से 24 घंटो में बमुश्किल 3 से 4 घंटे आपूर्ति हो रही है।आलम यह है कि अतिरिक्त कार्यभार के रूप में तैनात जेई उमेश कुमार के द्वारा इस व्यवस्था को सही कराने में रुचि नहीं ली जा रही है या फिर उनके अधीनस्थ कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन नही कर रहे है। लोगों की माने तो जेई उमेश कुमार के कर्मचारी खुद जेई का ही फोन नहीं उठाते। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र के दर्जनों गांवों की बिजली सप्लाई बाधित है।विधुत कर्मियों से कटौती की जानकारी के लिए फ़ोन करने पर ब्रेकडाउन बता फोन काट देना उचित समझते हैं। अधीक्षण अभियंता गोला से जब इस विषय में बात की गई तो उन्होंने कहा कि सहायक अभियंता मोहम्मदी से जानकारी करने के लिए कहा गया है। विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाला टोलप्लाजा फीडर बंद रहा। किसानों की फसलें बिना पानी के दम तोड़ती हुई दिखाई दे रही हैं।मोहम्मदी डिवीज़न के औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र की विधुत सप्लाई रामभरोसे चल रही है।औरंगाबाद विधुत उपकेंद्र से संचालित होने वाली टोल प्लाजा फीडर की सप्लाई करीब 30 घंटे बाधित रही।बताते चलें औरंगाबाद फीडर का यह कोई नया मामला नहीं है।इसी पावरहाउस से इछ्नाफीडर को दी जाने वाली सप्लाई पिछले एक सप्ताह से 24 घंटो में बमुश्किल 3 से 4 घंटे आपूर्ति हो रही है। आलम यह है कि अतिरिक्त कार्यभार के रूप में तैनात जेई उमेश कुमार के द्वारा इस व्यवस्था को सही कराने में रुचि नहीं ली जा रही है या फिर उनके अधीनस्थ कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन नही कर रहे है। लोगों की माने तो जेई उमेश कुमार के कर्मचारी खुद जेई का ही फोन नहीं उठाते। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र के दर्जनों गांवों की बिजली सप्लाई बाधित है। विधुत कर्मियों से कटौती की जानकारी के लिए फ़ोन करने पर ब्रेकडाउन बता फोन काट देना उचित समझते हैं।अधीक्षण अभियंता गोला से जब इस विषय में बात की गई तो उन्होंने कहा कि सहायक अभियंता मोहम्मदी से जानकारी करने के लिए कहा गया है।

### पड़ोसी देश नेपाल के प्रशिक्षकों द्वारा शाओलिन व मार्सल आर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षु को दो दिवस प्रशिक्षण दिया गया है

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** रविवार को जनपद मुख्यालय के शिक्षक भवन निकट काशी नगर में शाओलिन स्पोर्ट्स ऑफ मार्शल आर्ट्स अकादमी के तत्वाधान में भारत पड़ोसी देश नेपाल के इंटरनेशनल वूशु कोच सांडा व लखनऊ से आए नित्यानंद गुप्ता ने केरल की सुप्रसिद्ध आर्ट्स कलारीपट्टू के नई नई तकनीकी की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। बताते चलें कि प्रशिक्षण दो दिवसीय था जिसमें कल दिनांक 13 दिसम्बर की शाम को सांडा फाइट व सेल्फ डिफेन्स की जानकारी विधिवत् दिया जिससे प्रशिक्षु ने लाभान्वित होकर अपना प्रशिक्षण पूरा किया इतना ही नहीं दूसरे दिन आज दिनांक 14 दिसम्बर 2025 की सुबह केरल की कलारीपट्टू मार्शल आर्ट्स का डेमो देते हुए सभी प्रशिक्षु को प्रशिक्षित किया। जिसमें लखीमपुर के जिला प्रशिक्षक सौरभ राज व विवेक जायसवाल मौजूद रहे साथ ही साथ नेपाल से आए आई जैक चौधरी ने नेपाल में होने वाली फर्स्ट इंडो नेपाल टोंग मू दो ओपेन मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप जो आगामी वर्ष 2026 में धनगढ़ी नेपाल स्पोर्ट्स स्टेडियम 3-5 जनवरी 2026 तक आयोजन किया जाएगा।

# मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का लम्बा खेल: एक ही फोटो से लाखों का घोटाला

- सर्दियों में मिल रहा मजदूरों को गर्मियों का एहसास
- मनरेगा योजना की जमीनी स्तर पर लुटती ईमानदारी
- ग्राम पंचायत बाहरांई में फर्जी फोटो से की गई एनएमएमएस पर उठे सवाल
- विकास खंड रामपुरा की ग्राम पचायतों में फर्जी एनएमएमएस से लाखों का खेल जारी

**जन एक्सप्रेस । उरई/रामपुरा**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद मजदूरी को रोजगार देना है लेकिन जनपद जालौन के रामपुरा विकास खंड में यह योजना अब भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। वहीं विकास खण्ड अधिकारी रामपुरा अपना विकास करने में में लगे है अगर देखा जाए तो रामपुरा क्षेत्र में मनरेगा से हो रहे कार्य के हालात ठीक नहीं है यह बिना काम देखे ही लाखों के खेल हो रहे है ग्राम पंचायत बाहरांई से सामने आई खबरें इस बात की पुष्टि करती हैं कि कैसे अधिकारी और ठेकेदार,प्रधान मिलकर गरीब मजदूरों के अधिकारों का गला घोंट रहे हैं। मनरेगा के तहत अब कार्यस्थल पर मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एन एम एम एस (नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम) ऐप का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इसका उद्देश्य था पारदर्शिता लाना लेकिन ब्लॉक में इसका दुरुपयोग हो रहा है। ग्राम पंचायत बाहरांई में बीडीओ साहब की सह पर मेट मंजू देवी द्वारा वही मजदूरों की एक ही फोटो को बार-बार अलग-अलग तारीखों में अपलोड कर दिया जा रहा है। जबकि शायद साहब ये भूल रहे है कि यह मौसम अब सर्दियों का है जहां सुबह के वक्त लोगों को स्वेटर और जैकेट पहननी पड़ती है लेकिन इस में जो तस्वीर देखी जा रही है शायद पुरानी बताई जा रही है लेकिन यह विषय जांच का है जानकारी के अनुसार कैलाश कुशवाहा के खेत से लल्ला सिंह के खेत तक चकबंदी निर्माण कार्य में पिछले कई दिनों से रोजाना 37 मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज की गई है जबकि मौके पर न तो 37 मजदूर दिखे है बल्कि 10 से 12 मजदूर मौके पर खड़े थे शायद उन्हीं को आगे पीछे खड़ा कर के दो बार में फोटो खींची गई है लेकिन खींची गई फोटो में एक भी



मजदूर के पास स्वेटर या जैकेट नहीं है शायद ठेकेदार और प्रधान द्वारा सर्दी में गर्मी मिले शायद कोई ऐसा इंतजाम किया गया होगा जिससे मजदूरों को गर्मी मिल रही हो और बात करे काम की तो फोटो को इस तरह दर्शाया गया है जिससे लगे की मौके पर जो चकबंदी कार्य किया जा रहा है उसमें पूरे 37 मजदूर दिखे अगर दोनों फोटो को गौर से देखा जाए तो दोनों फोटो में एक ही व्यक्ति सफेद कपड़े पहने दिखाई देगा जो पहली फोटो में भी होगा और दूसरी में भी और कई ऐसे व्यक्ति उस तस्वीर में दिख जाएंगे जो पहली फोटो में दिख रहे होंगे। अगर 13/12/2025 के मास्टर रोल रिकॉर्ड एवं आई डी संख्या-1023/0430 की अगर जांच की जाए तो एक ही फोटो कई बार दोहराई गई है। फर्जी 37 मजदूरों को दर्शाकर लाखों रुपये की मजदूरी चढ़ाई जा चुकी है। इसी तरीके का खेल रामपुरा की सभी ग्राम पंचायतों में भी खेल जारी है चकबंदी के नाम पर चल रहा फर्जीवाड़ा आखिर अधिकारियों को क्यू नहीं दिख रहा इस कार्य की डिमांड 3 दिसंबर 2025 को शुरू हुई थी और यह 16 दिसंबर 2025 तक चलनी है यानि कि 14 दिन 12 दिनों के मास्टर रोल की जांच की जाए तो एक ही फोटो बार-बार कई जगह उपयोग में लाई गई है जो साफ तौर पर एनएमएमएस ऐप एवं जॉब कार्ड का दुरुपयोग है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह सब कुछ विकास खंड अधिकारी बीडीओ रामपुरा की सहमति और संरक्षण में हो रहा है। ठेकेदारों,सचिव एवं प्रधान को खुली छूट मिली हुई है और मेट्स द्वारा दिनदहाड़े फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। अगर समय रहते इस पर कार्यवाही नहीं हुई तो मनरेगा योजना अपने मूल उद्देश्य से पूरी तरह भटक जाएगे। यह भी सामने आया है कि मजदूरों को कोई सूचना नहीं दी जा रही है और उनके जॉब कार्ड का प्रयोग कर भुगतान उठाया जा रहा है। यानी गरीबों को इस योजना का सबसे ज्यादा लाभ मिलना था वे आज भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। जांच की मांग कार्रवाई का इंतजार लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह भ्रष्टाचार और अधिक गहराता चला जाएगा और मजदूरों को कभी उनका हक नहीं मिल पाएगा। यह मामला न सिर्फ एक एक प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक है बल्कि यह भी दर्शाता है कि योजनाओं को लागू करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता के नाम पर कितनी बड़ी लापरवाहियां की जा रही है। विकास खंड रामपुरा का यह मामला उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत को उजागर करता है। एक और सरकार डिजिटल तकनीक के जरिए पारदर्शिता लाने की बात करती है वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर अधिकारी और कर्मचारी उसका दुरुपयोग कर रहे हैं। जरूरत है कि इस पूरे घोटाले को निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में कोई भी गरीब मजदूर के हक पर इस तरह डाका ना डाल सके। आंगे भी रामपुरा विकास खंड में हो रहे मनरेगा योजना के कार्यों में इस तरह के खुलासे हमारे द्वारा अब लगातार किए जाएंगे।

# शीतलहर में गोवंश संरक्षण को लेकर डीएम ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । उरई**

सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत माधौगढ़ के ग्राम मींगनी स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंशों को शीतलहर से बचाने हेतु चारों ओर त्रिपाल लगाए जाने तथा अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित मिली। जिलाधिकारी ने गोवंशों को स्वयं गुड़-चना खिलाकर उनके प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना को दर्शाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए भुसाघर में पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध रखा जाए तथा हरे चारे की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे ठंड के मौसम में गोवंशों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और सर्दी के दौरान उनकी सुरक्षा, पोषण एवं देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। इस अवसर पर चेयरमैन राघवेंद्र व्यास, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, उप जिलाधिकारी राकेश सोनी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, डीपीआरओ राम अयोध्या प्रसाद आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

अरवल थाना क्षेत्र के तेरा पुरसौली गांव निवासी अधेड़ को सड़क पार करते समय अज्ञात बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था।चार दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई।घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के सेमरा मजरा तेरा पुरसौली गांव निवासी धनीराम राजपूत पुत्र रामप्रकाश राजपूत चार दिन पूर्व थाना क्षेत्र के देवकली चौराहे पर ट्रैक्टर से उतरकर रोड पार कर रहे थे।अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी थी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।परिजनों ने एंबुलेंस से स्थानीय सीएससी में भर्ती कराया था। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर होने के बाद परिजनों ने लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था।जहां पर धनीराम की उपचार के दौरान शनिवार की रात मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो को बुरा हाल हो रहा है. मृतक खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था.मृतक के परिवार में पत्नी सहित पांच पुत्र व एक पुत्री हैं। अरवल के थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला महिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ, डीएम पिलाई पोलियो ड्रॉप

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिला महिला चिकित्सालय में स्थापित पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने नवजात शिशुओं को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को दिव्यांगता से बचाने के लिए पोलियो की दवा अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो रोग के प्रति 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए दवा पिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पोलियो टीमों के आने पर पूर्ण सहयोग करते हुए अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से दवा पिलवाएं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय-अंतराल पर पल्स पोलियो अभियान, विटामिन-ए कार्यक्रम, मीजिल्स-रूबैला उन्मूलन सहित अन्य टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने जानकारी दी कि जनपद में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत कुल 1188 बूथ बनाए गए हैं, जिन पर आज 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 2,19,356 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे बूथ पर दवा पीने से छूट जाएंगे, उन्हें 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2025 तक 590 टीमों द्वारा



3,31,802 घरों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। घर-घर भ्रमण करने वाली टीमों के पर्यवेक्षण हेतु 190 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त 22 दिसम्बर को घर-घर भ्रमण के उपरांत गांवों के बाहर अथवा बीमार होने के कारण दवा से वंचित रह गए बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। यात्रा करने वाले बच्चों को कवर करने के लिए 41 ट्रांजिट टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान की प्रतिदिन सायं समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी तथा पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डॉ. आनंद प्रकाश वर्मा, जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद उपाध्याय, जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. एसके पाल, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनेश कुमार, अपर शोध अधिकारी आरपी विश्वकर्मा, अंकिता त्रिपाठी सहित जिला महिला चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# हाई टेंशन लाइन से करंट लगा, ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद क्षेत्र में घूरे को पलटते समय कंप्रेसर ट्राली हाई टेंशन लाइन से टच हो गई जिससे ट्राली जलने लगी और ट्रैक्टर चालक करंट की चपेट में आ गया। तत्काल उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी रितेश 28 वर्ष पुत्र रामकृष्ण राजपूत खेत में ट्रैक्टर ट्राली से घूरा डाल रहा था। कंप्रेसर ट्राली से उसने जैसे ही घूरा पलटा तो ट्राली ऊपर उठ गई और अचानक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई जिससे ट्राली भयंकर रूप से जलने लगी। चालक की सीट पर बैठा रितेश भी जलने लगा। तत्काल रितेश को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक विवाहित था उसके एक बच्चा भी है। अस्पताल द्वारा पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सूचना दी गई है।

# संडीला पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन में संलिप्त 6 वाहन किये सीज, दो आरोपी गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।संडीला थाना क्षेत्र के महसोन गांव में बीती 13/14 दिसम्बर की रात पुलिस ने अवैध रूप से मिट्टी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अबैध खनन में संलिप्त 6 वाहनों को सीज कर दिया।साथ ही दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार संडीला पुलिस को बीती 13/14 दिसम्बर की रात सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के महसोना गांव में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है।सूचना मिलते ही थाना संडीला पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर छापेमारी करते हुए मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी, एक कार और चार डंपरों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।पुलिस टीम द्वारा मौके से दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में इकबाल पुत्र सूबेदार निवासी हरदासपुर थाना कछौना जनपद हरदोई तथा जफर पुत्र हजारी निवासी कोड़रा कहचारी थाना कासिमपुर जनपद हरदोई शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस द्वारा अवैध खनन में प्रयुक्त सभी वाहनों को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस पूरी कार्रवाई में थाना संडीला की पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही, जिसके चलते अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सका।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र में बघौरा चौराहे पर ट्रक ने साइकिल सवार वृद्ध किसान को टक्कर मार दी। हादसे में घायल किसान की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।

शहर के मुहल्ला बघौरा निवासी 65 वर्षीय प्रतीप पाल उर्फ भगत जी शनिवार की रात में खेत से चारा लेकर बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही बाइक बघौरा चौराहे पर पहुंची। तभी पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिस कारण किसान उछलकर सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा से जा टकराया और घायल हो गए। इसके बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत उसके पुत्र राजन व देवेंद्र को सूचना दी। साथ ही पुलिस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से पत्नी द्विजा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा देने उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को थाना क्षेत्र के बरनई गांव में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया। महिला सशक्तीकरण के तहत हरपालपुर थाने की मिशन शक्ति टीम व समाजसेविका शालिनी सिंह द्वारा 150 महिलाओं व छात्राओं को आपातकाल में प्रयोग किये जाने बाले हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत थाने पर तैनात महिला आरक्षी आशा सिंह व विनीता शर्मा,आरक्षी ओम प्रकाश मौर्य सहित मिशन शक्ति टीम ने रविवार को थाना क्षेत्र के बरनई गांव पहुंचकर महिलाओं एवं किशोरियों तथा छात्राओं को अराजक तत्वों से बचाव के तरीके बताए। महिला आरक्षी आशा व विनीता शर्मा ने महिलाओं को किसी तरह आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,1076,112 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# घरेलू कार्य करते समय करंट लगने से वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम नरौल घर मे काम करते समय करेंट लगने से वृद्ध की मौत हो गई। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम नरौल निवासी शेरे पाल 58 वर्ष पुत्र स्व कालीचरण पेशे से बिजली के उपकरणों के मिस्त्री थे। बताया गया कि वह रविवार की सुबह चाय बनाते समय बिजली के करेंट की चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जब पत्नी राममूर्ति घर में आई तब उसे घटना की जानकारी हुई। पति को मृत अवस्था में पड़ा देख वह चीखने लगी। अचानक महिला की चीख-पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक के तीन पुत्र है। जिनकी शादी हो चुकी है, और वह अपनी पत्नी के साथ दूसरे घर मे रहता था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जमीनी रंजिश के चलते दो पक्षो में चले इंटा पत्थर चलने से तीन लोग घायल, फायरिंग का आरोप

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

सांडी थाना क्षेत्र के चौधरियापुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में जमकर ईटा पत्थर चलने लगे।हालांकि इस घटना में फायरिंग का भी आरोप है।बताया जा रहा है एक युवक के हाथ के उंगली में गोली लगने से वह घायल हो गया। दो पक्षों के इस विवाद में तीन लोग घायल हुए हैं।जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के जनकपुरवा गांव निवासी शिशुपाल सिंह ने चौधरियापुर गांव में 4 साल पहले जमीन खरीदी थी। जिस पर वह रविवार की सुबह निर्माण कार्य कर रहे थे इसी बीच विपक्षी संतोष ,शैलेंद्र, कैलाश निर्माण को रोकने लगे। मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दिया और जमकर मारपीट करने लगे।बताया जा रहा है कि इसी बीच एक साथी ने फायरिंग कर दी। जिससे



धर्मेंद्र के दाहिने हाथ की उंगली में गोली लगने का आरोप है। दोनों पक्षों की मारपीट में तीन लोग घायल हो गए हैं थाने पर दी गई तहरीर पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

# 75 मरीजों को ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा गया निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद के प्रसिद्ध संकटा देवी मंदिर कैंपस में रविवार को जय भोले सेवा समिति द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांडी विधान सभा क्षेत्र के भाजपा विधायक की पत्नी और समाजसेवी निरमा देवी रहीं। जय भोले सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के गरीब बेसहारा मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कानपुर के शंकरा हॉस्पिटल के कुशल डाक्टरों द्वारा करवाया जाता है। रविवार को कानपुर से आई डाक्टर चित्रांशा और उनकी टीम के अभय यादव, आरती पाल,गोविंद त्रिवेदी,डाक्टर पुनीत आदि के द्वारा क्षेत्र से आए 150 मरीजों का नेत्र



परीक्षण किया गया।जिसमे 75 मरीजों को मोतिया बिंद के ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने बताया कि संस्था द्वारा गरीबों का निशुल्क ऑपरेशन करवाया जाता है। जिसमें मरीजों के भोजन से लेकर चश्मा दिलाने तक पूरी व्यवस्था की जाती है।हॉस्पिटल के वाहन से ले जाकर ऑपरेशन के बाद उन्हें घर तक भिजवाया जाता है।संस्था द्वारा समय समय पर जनहित में समाज सेवा के कार्य निशुल्क किए जाते हैं।इस अवसर पर समिति पदाधिकारी स्वामी वृंदानंद महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष,पूजा गुप्ता, अवंतिका तिवारी, लालाराम दीक्षित,रामसिंह राठौर, मयंक राजपूत, आशीष गुप्ता वंदना गुप्ता, रामू राठौर, गीता गुप्ता, मदन सिंह राठौर,रामजी वर्मा, अमित कश्यप, विवेक कुमार वर्मा, मानसी राजपूत, तैय्यब खाँ, शिवानंद, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पंकज चौधरी बने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, महाराजगंज में जश्न

जन एक्सप्रेस । महराजगंज





जनपद की माटी से निकलकर सातवीं बार सांसद एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री रहे पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर महराजगंज में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नगर के सक्सेना चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और मिठाइयों के वितरण के साथ इस उपलब्धि का भव्य जश्न मनाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक भाजपा प्रकोष्ठ राकेश गुप्ता ने किया। उन्होंने इसे महराजगंज के राजनीतिक इतिहास की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष बनना जिले ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वांचल के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश में 350 से अधिक सीटें हासिल करेगी। राकेश गुप्ता ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंकज चौधरी एक जमीनी नेता हैं, जिन्होंने पार्षद से लेकर सांसद और केंद्रीय मंत्री तक का सफर तय किया है। वे हर परिस्थिति में कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहते हैं और उनका संगठनात्मक अनुभव पार्टी को नई मजबूती देगा। कार्यक्रम में सहप्रभारी मणिकांत द्विवेदी, डॉ. सूरज सिंह, विष्णु मद्धेशिया, सनत पांडे, विश्वनाथ शर्मा, हरिद्वार वर्मा, गोरख गुप्ता, गौतम अग्रहरि, मिश्रीलाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### नौतनवा में भाजपाइयों ने मिठाइ बांटकर खुशी जताई-

सोनौली प्रतिनिधि के अनुसार। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर नौतनवा सहित जनपद में जश्न का माहौल रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े बजाए, पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। भाजपा नेता जितेंद्र जायसवाल ने कहा कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस अवसर पर किशोर मद्धेशिया, उमेश जायसवाल, हरिशंकर जायसवाल, गोपाल सोनकर, विशाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### पंकज चौधरी के यूपी भाजपा अध्यक्ष बनने पर पनियरा ब्लॉक प्रमुख ने दी बधाई

पनियरा प्रतिनिधि के अनुसार। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री व महराजगंज सांसद पंकज चौधरी के भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर जनपद में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पनियरा ब्लॉक प्रमुख एवं प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। वेद प्रकाश शुक्ल ने कहा कि पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष बनना पार्टी के लिए ऐतिहासिक है। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा जनकल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचेंगी। वहीं पंकज चौधरी ने बधाई देने पहुंचे जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का भरोसा दिलाया।

# लोक निर्माण विभाग ने जर्जर टंकी को किया ध्वस्त, विद्यालय प्रबंधन ने जताया आभार



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर स्थित श्री जगतपाल रंगनाथ द्विवेदी इण्टर कालेज के भवन से सटी हुई जर्जर पानी की टंकी को जिला प्रशासन के आदेश पर रविवार शाम को लोक निर्माण विभाग की टीम ने पहुंचकर ध्वस्त कराया। मालूम हो कि सीएचसी परिसर में स्थित व विद्यालय भवन के निकट जर्जर पानी की टंकी जो उपयोग में नहीं थी, विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों के लिए खतरा बनी हुई थी। विद्यालय के प्रबंधक पं. रमाकांत द्विवेदी ने सूबे में निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक जर्जर पानी की टंकी के ध्वस्तीकरण हेतु प्रार्थनापत्र दिया था। करीब कई सालों के लगातार प्रयास के बाद रविवार शाम को जर्जर टंकी को विभाग द्वारा ढहाया गया। विद्यालय के लिए खतरा बनी जर्जर पानी की टंकी को रविवार शाम लोक निर्माण विभाग द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होने के बाद विद्यालय प्रबंधन ने राहत की सांस ली। विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत द्विवेदी ने शासन प्रशासन के साथ ही सम्बन्धित विभाग को धन्यवाद देने के साथ ही समस्या का समाधान करने हेतु आभार जताया है।

# मिशन शक्ति अभियान- जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के महेशगंज थाना इलाके में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ हु टीम द्वारा मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा एवं नारी स्वावलंबन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में भी बताया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में संवाद कर उन्हें यह आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर पुलिस सदैव उनकी सहायता हेतु तत्पर है। इसके अलावां थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क की जानकारी प्रदान करते हुए थाने का सीयूजी नम्बर उपलब्ध कराते हुए बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं सीधे संपर्क कर सकती हैं। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास, जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

## सड़क पर लड़ रहे सांड से बाइक सवार दो घायल

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

फाजिलनगर-समउर मार्ग पर चौराखास के अमवा महंत गांव के पास शनिवार की सड़क किनारे लड़ रहे दो सांड में से एक सांड अचानक सड़क पर आ गया इससे बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार वैभव कुमार (18) और विनय शर्मा (19) निवासी कस्बा फाजिलनगर, शनिवार शाम करीब चार बजे बाइक से समउर की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अमवा महंत गांव के पास पहुंची, तभी सड़क की पटरी पर लड़ रहे दो सांडों में से एक सांड अचानक उनकी बाइक पर कूद पड़ा। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से घायल युवकों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर पहुंचाया गया, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया जा

# सेवा, स्मृति और सम्मान का संगम- गरीबों में कंबल वितरण

## सेवा निवृत्त सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार गुप्ता ने स्व. पिता वरिष्ठ पत्रकार व स्व. पत्नी की स्मृति में किया सामाजिक सरोकार का आयोजन

जन एक्सप्रेस । टूटीबारी/महराजगंज




सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण रविवार को गड़ौरा बाजार में देखने को मिला। सेवा निवृत्त सब इंस्पेक्टर उत्तर प्रदेश पुलिस अजीत कुमार गुप्ता ने अपने पैतृक स्थान गड़ौरा बाजार में अपने स्वर्गीय पिता रामप्रीत गुप्ता (वरिष्ठ पत्रकार, राष्ट्रीय सहारा, ठूठीबारी) एवं स्वर्गीय पत्नी सरिता गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया।
कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कड़जा, लोहरौली, बेलवा, डिगही, गड़ौरा, निपनिया सहित अन्य गांवों के असहाय व जरूरतमंद 120 गरीबों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। वहीं समाज के सम्मानित व्यक्तियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में मानवीय संवेदना और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केडीएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक उमेश चंद्र मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली प्रभारी कोतवाल महेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्व. रामप्रीत गुप्ता के पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें निडर एवं जनपक्षीय पत्रकार बताया तथा स्व. सरिता गुप्ता के सरल, सेवा भावपूर्ण जीवन को नमन किया।
इस अवसर पर सेवा निवृत्त सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार गुप्ता, जिन्हें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 'सराहनीय सेवा पदक' से सम्मानित किया जा चुका है, उन्होंने बताया कि माता-पिता और जीवनसंगिनी की स्मृति में समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि पुण्यतिथि केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि सेवा और संकल्प का अवसर होना चाहिए।
कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधान सुभाष गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, संजय रौनियार, हीरालाल गुप्ता, जितेंद्र पाण्डेय, स्वामीनाथ गुप्ता, सूरज मद्धेशिया, जय हिंद, मुक्तिनाथ, मोनू मद्धेशिया, जगदीश जायसवाल, दीपू पाण्डेय सहित अनेक पत्रकार बंधु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाजपा की कथित कूटनीति के खिलाफ जनता जाग चुकी है: वीरेंद्र

## दिल्ली रैली में महराजगंज की दमदार मौजूदगी, वोट चोर गद्दी छोड़ो के नारों से गूंजी राजधानी

जन एक्सप्रेस । महराजगंज




देश की राजधानी दिल्ली में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित विशाल रैली में उत्तर प्रदेश के महराजगंज जनपद से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई और 'वोट चोर, गद्दी छोड़ो' के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा।
रैली में फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में महराजगंज से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। इस दौरान नेताओं ने कहा कि भाजपा की कथित कूटनीति और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अब जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। यह रैली केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक नए राजनीतिक परिवर्तन की शुरुआत है।
विधायक वीरेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और आम जनता की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जनता भाजपा की नीतियों का करारा जवाब देगी।
रैली में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, सुरेश सहानी, जिला पंचायत सदस्य अनवर, गोविंद मिश्र, शरदेंदु पांडेय, राजू कुमार गुप्ता, हृदय नारायण पांडेय, चंदन तिवारी, रामनारायण, मोहम्मद गनी, हनुमान कन्नौजिया, राजेश मौर्य सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कथा सुनने से नष्ट हो जाते हैं मनुष्य के समस्त पाप

जन एक्सप्रेस । देवरिय

भागलपुर ब्लॉक के एकौना गांव में सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन केरल से आए कथा व्यास पंडित राघवेंद्र शास्त्री ने श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुनाई। इस दौरान झांकी भी निकाली गई। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश हो जाता है। कथावाचक पं. राघवेंद्र शास्त्री ने कहा कि संत को कोई दुख नहीं होता। श्रीमद्भागवत महापुराण प्रत्यक्ष भगवान श्री कृष्ण का विग्रह है। हमें संत और ग्रंथ की बात माननी चाहिए। इस दौरान प्रमुख रूप से मुख्य यजमान वशिष्ठ शुक्ला, रामविलास शुक्ला, डॉ. राममनोहर त्रिपाठी, रामभरोसा शुक्ला, अमित त्रिपाठी, भूपेंद्र शुक्ला, बृजेश शुक्ला मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति की सराहनीय पहल - पति-पत्नी के विवाद को सुलझाकर भेजा घर

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की अंतू थाने की मिशन शक्ति टीम ने एक पारिवारिक विवाद को सुलझाया है। थाना इलाके के कटका मानापुर गांव निवासी एक महिला की अपने पति से कहासुनी हो गई। जिसके बाद महिला ने पति के खिलाफ प्रार्थनापत्र दिया। उक्त मामले में एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति प्रभारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर दोनों पक्षों को बुलाकर आवेदिका द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की गई। जांच एवं काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों के मध्य आपसी बातचीत कराई गई, जिसके फलस्वरूप आपसी सुलह-समझौता कराया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार हो गए हैं। टीम ने पति-पत्नी को समझाया-बुझाया, जिसके बाद दोनों खुशी-खुशी एक साथ रहने को तैयार हो गए। उनके बीच अब कोई विवाद नहीं है। पुलिस ने दोनों को सकुशल उनके घर भेज दिया।

# जमीनी विवाद में हवाई फायरिंग, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के नगर कोतवाली थाना इलाके के होमगार्ड ऑफिस के पास रविवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हवाई फायरिंग और मारपीट की घटना सामने आई।
मिली जानकारी के अनुसार बरही कार्यक्रम के दौरान खाली जमीन पर टेंट लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दी। गोली चलने की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट करने लगे। पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को अलग किया और हिरासत में लेकर नगर कोतवाली ले गई। घटना के बाबत सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि दो पक्षों में जमीनी विवाद था। एक पक्ष के घर में कार्यक्रम था और उसके द्वारा खाली जमीन पर टेंट लगाया जा रहा था जिसे लेकर कहासुनी हुई। दूसरे पक्ष ने असलहे से हवाई फायरिंग कर दी। फायरिंग करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## देवरिया की सरकारी वेबसाइट पर चेक करें वोटर लिस्ट में अपना नाम

जन एक्सप्रेस । देवरिय

अगर आप जिले के नागरिक हैं और वयस्क हैं तो देवरिया जिले की सरकारी वेबसाइट deoria.nic.in पर जाकर जिले की वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक कर सकते हैं। यहां जिले की सभी सात विधानसभाओं के मतदाताओं की अपडेट सूची दी गई है। इसमें अपना नाम देखकर सुनिश्चित कर लें कि एसआईआर के बाद आपका नाम वोटर लिस्ट में है अथवा नहीं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व एएसडीएम अवधेश निगम ने बताया कि अगर देवरिया की सरकारी वेबसाइट पर जारी वोटर लिस्ट में नाम कट गया है और वह पात्र व्यक्ति है तो 26 दिसंबर तक अपना आवेदन देकर नाम जोड़वा सकते हैं।

# कूड़ा गाड़ी से कम्बल ढोने का वीडियो वायरल, चैयरमैन प्रतिनिधि ने बताई सच्चाई

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




नगर पंचायत गड़वारा में शनिवार को चैयरमैन प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू ने कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें काफी संख्या में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। रविवार को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी से कम्बलों को ढोया जा रहा था। जिन कूड़ा वाहनों में गंदगियों का अंबार ढोया जाता है उसी वाहन में रखे कम्बल लोगों को वितरित करने के लिए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों ने कमेंट करना शुरू कर दिया। ठंड में जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लाए गए कंबल को नगर पंचायत की कूड़ा-सिल्ट ढोने वाली गाड़ी से ढोया जा रहा था। रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल कंबल को ले जाते जिसने भी देखा, उन्होंने नगर पंचायत की व्यवस्था पर सवाल उठाया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम शिव सहाय अवस्थी और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव और ओम प्रकाश मौजूद थे। जहां हजारों जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह ने बताया कि वाहन को धुलवाकर साफ करवाया गया। फिर उसमें प्लास्टिक बिछवाया गया उसके बाद कम्बल लोडकर तब कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। राजनीतिक द्वंद के शिकार कुछ लोगों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है जो सरासर गलत है।

# पंकज चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष
# निर्विरोध चयन से संगठन में उत्साह

- लखनऊ से जौनपुर तक जश्न, कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में की। जैसे ही यह घोषणा हुई, प्रदेश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। जौनपुर में जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को टीवी पर लाइव देखा। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और नए प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी। जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि सर्वसम्मति से पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष चुना जाना पार्टी संगठन की एकजुटता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पंकज चौधरी का प्रशासनिक अनुभव और केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में कार्य करने का अनुभव उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उनके नेतृत्व में पार्टी आगामी चुनावों में बेहतर रणनीति के साथ जनता के बीच जाएगी और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सफल होगी। जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने कहा कि पंकज चौधरी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले इकलौते नेता थे। शनिवार को जब उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उनके प्रस्तावक बने। उनका निर्विरोध चयन इस बात का प्रमाण है कि पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को उन पर पूरा भरोसा है। उन्होंने पंकज चौधरी को अनुभवी, कर्मठ और जमीनी नेता बताते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भाजपा और अधिक सशक्त होगी तथा संगठनात्मक कार्यों को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही विकास योजनाओं को संगठनात्मक स्तर पर और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पंकज चौधरी के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर रोहन सिंह, सिद्धार्थ राय, परविंदर चौहान, इंद्रसेन सिंह, घनश्याम यादव, प्रमोद प्रजापति, संदीप सिंह, उमेश सिंह, आदित्य मौर्य, शुभम मौर्य, आशुतोष उपाध्याय, अमित पाठक, के.के. विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वायरल वीडियो पर कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई
# मारपीट के मामले में दो बाल अपचारी सहित चार गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो बाल अपचारी भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### घटना का विवरण

दिनांक 13 दिसंबर 2025 को थाना कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें बाबा के भेष में मौजूद दो व्यक्तियों के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट की जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोनों पीड़ितों को थाना कोतवाली लाया। पीड़ित साधु विवेक पुत्र रामसरन निवासी जोगीपुर, थाना कोतवाली सिटी जनपद हरदोई की तहरीर पर थाना कोतवाली में मु0अ0सं0-368/25 धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ितों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया। उपनिरीक्षक राहुल रंजन,उपनिरीक्षक सुनील यादव,हेड कांस्टेबल राकेश कुमार सिंह,कांस्टेबल राजीव नयन त्रिवेदी,हेड कांस्टेबल सोमेश कुमार,थाना कोतवाली, जनपद जौनपुर।

### पुलिस की कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम ने जांच के दौरान दो बाल अपचारियों सहित कुल चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

- कृष सोनकर पुत्र संजय सोनकर, निवासी मछलीशहर पड़ाव, थाना कोतवाली, जौनपुर
- सूरज सोनकर पुत्र श्यामजी सोनकर, निवासी रुहट्टा, थाना कोतवाली, जौनपुर
- बाल अपचारी – 1 (नाम गोपनीय)
- बाल अपचारी – 2 (नाम गोपनीय)

## एक्सप्रेस खबरें...

### वालीबाल चैंपियनशिप के लिए कुशुमेश का हुआ चयन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जौनपुर खुटहन भारतीय वालीबाल संघ कीओर से राजस्थान में 16से 21दिसम्बर तक होने वाली राष्ट्रीय जूनियर वालीबाल चैंपियनशिप के लिए प्राथमिक विद्यालय नदौली में कार्यरत सहायक अध्यापक श्री प्रमोद कुमार वर्मा के पुत्र कुशुमेश वर्मा का चयन हुआ। उनका चयन होने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि श्री वर्मा के चयन होने से ग्रामीण क्षेत्र में भी होनहार बच्चों का चयन भविष्य में हो सकता है। कुशुमेश वर्मा से बात होने पर उन्होंने बताया कि इसका श्रेय हमारे माता-पिता और गुरु जन का है।

### रामकथा के परायण पर पूर्णाहुती हवन एंव भण्डारा

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज। गंगाघाट श्रेत्र के अंतर्गत पोनी रोड डाकतार कालोनी बम बम चौराहा पर विगत एक सप्ताह से चल रही रामकथा का आज परायण हुआ और हवन के साथ पूर्णआहुति दी गई श्री मां गंगा सेवा समिति एवं राम नाम लेखन महायज्ञ सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही श्री राम कथा में आए हुए प्रबुद्ध जनों का हमारे सीमित के संरक्षक श्री कैप्टन चंद्रशेखर सिंह एवं बड़े लाल बाजपेई जी तथा महामंत्री अंजनी कुमार अग्निहोत्री एवं सीमित के उपाध्यक्ष निर्भय कुमार मिश्रा द्वारा सभी लोगों का व्यास पीठ से विश्राम दिवस पर सभी का मनोरथ पूर्ण हो इस कामना से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान का चित्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया जिसमें नगर व उन्नाव जनपद से अधिवक्ता बंधुओ तथा शुक्ला गंज से सभी सम्मानित वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया कथा ब्यास कनक पाण्डेय की सुन्दर रामकथा सुनकर नगर वासियो में ब्याप हर्ष की अनुभूति का अंदाजा भंडारे में सेवारत भक्तो के उत्साह से लगाया जा सकता है जहाँ जय सियाराम राम के जयघोष के साथ भक्त प्रसाद वितरण कर रहे थे।

### अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज। नवाबगंज में गौरा कठेरवा में स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी एवं श्री राम मूर्ति स्मारक हॉस्पिटल के आपसी सहयोग से अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रांगण में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर प्लांट के यूनिट हेड श्री पी. के. धाकड़, मैनेजर श्री संजीव श्रीवास्तव, दीक्षा बर्गे भावेश सिंह तथा हॉस्पिटल की ओर से डॉ. दिवेश पांडे, डॉ. अभिषेक एवं डॉ. रेड्डी का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य शिविर का लाभ आसपास के ग्रामीणों, प्लांट के श्रमिकों तथा कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने लिया। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

### युवक की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस। सिधौली-सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत महमूदाबाद मार्ग से जुड़े हरदोईया संपर्क मार्ग पर कोन्हा पुरवा के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राहुल यादव (25) निवासी सिधौली कस्बा के रूप में हुई है, जो डेयरी व्यवसाय करता था। परिजनों के अनुसार राहुल शनिवार रात काम से घर लौट रहा था लेकिन देर तक न पहुंचने पर तलाश शुरू की गई। कुन्हा पुरवा के पास वह सड़क किनारे बाइक सहित गंभीर अवस्था में मिला। पहले सिधौली के निजी अस्पताल फिर लखनऊ रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह व कोतवाली पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दो लोगों को हिरासत में लिया है जबकि एक आरोपी फरार बताया गया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आधा दर्जन से अधिक तालाब आज गंभीर संकट में

जन एक्सप्रेस। सिधौली-सीतापुर। कस्बे की ऐतिहासिक पहचान रहे खेरवा तालाब, रानी ताल और बाजार वाला जलबिहार सहित आधा दर्जन से अधिक तालाब आज गंभीर संकट में हैं। प्रशासनिक अनदेखी का लाभ उठाकर भू-माफियाओं ने इन पवित्र जलस्रोतों पर पक्के निर्माण कर लिए हैं। मोहल्ला बाजार स्थित जलबिहार तालाब, जो कभी लगभग 65 एकड़ में फैला था, जहां जलबिहार पर पक्कू कहार और लल्तू गोड़ियां नाव खेते थे और नाग नाथा की परंपरा निभाई जाती थी, आज कूड़ा पटान और अवैध निर्माण से कराह रहा है।

## रामलीला मैदान पक्का तालाब पर हो रहे अतिक्रमण को जल्द ही हटाया जाएगा: अध्यक्ष श्री रामलीला समिति मडियाहूं

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर मडियाहूं स्थानीय तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत मडियाहूं स्थित रामलीला मैदान पक्का तालाब पर अगल-बगल के निवासियों द्वारा मैदान की ओर दरवाजा खोलकर रामलीला मैदान की संपत्ति पर की जा रही अवैध अतिक्रमण को लेकर श्री रामलीला समिति अध्यक्ष नागेश निगम ने अतिक्रमण कार्यों को दी बड़ी चेतावनी, ज्ञात हो की स्थानीय नगर में सैकड़ो वर्षो से करोड़ों की बेस कीमती जमीन का संरक्षण समय-समय पर नगर वासियों द्वारा चुनाव किए गए रामलीला समिति के अध्यक्ष द्वारा किया जाता है तथा रामलीला मैदान पक्का तालाब समिति रामलीला की समस्त संपत्ति का देखभाल भी इन्हीं के द्वारा किया जाता है। मामला तब तूल पकड़ लिया जब रविवार की सुबह बुलडोजर लगाकर तालाब बांटने का कार्य अतिक्रमण कार्यो द्वारा किया जा रहा था वही रामलीला मैदान से सके वैष्णव मैरिज हाल द्वारा मैरिज हॉल में उत्सव के उपरांत बच्चे और सिस्टर को तालाब गड्ढे में फेंक कर पाठ दिया गया यह हाल देखकर रामलीला समिति के अध्यक्ष व स्थानीय नगर वासी व समाज सेवी शिवकुमार जायसवाल व वरिष्ठ अधिवक्ता गोपालचंद केशरी मौके पर पहुंचकर अतिक्रमणकारियों व नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई व्यवस्था सही ढंग से न करने को लेकर सरकार से गुहार लगाई गई की यह रामलीला समिति की संपत्ति है जिसकी साफ सफाई व देखरेख का कार्य रामलीला समिति के नियुक्त अध्यक्ष की अगुवाई में समय-समय पर नगर पंचायत कर्मचारी द्वारा किया जाता है लेकिन सरकार के आदेश के साथ-साथ न्यायालय के आदेशों का भी पालन नगर पंचायत एवं उनके कर्मचारी व स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है।

## परमपूज्य अवधेश चतुर्वेदी जी महाराज को श्रद्धांजलि, हिंदी भवन में उमड़ा जनसैलाब

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर गणपति पूजा महासमिति जौनपुर के तत्वावधान में मुख्य संरक्षक परमपूज्य गुरुदेव अवधेश चतुर्वेदी जी महाराज की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहर के हिंदी भवन के सभागार में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शहर के गणमान्य समाजसेवियों, विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थितजनों द्वारा परमपूज्य गुरुदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात वक्ताओं ने उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि श्रद्धेय गुरुजी का जीवन सदैव निर्विवाद और सादगीपूर्ण रहा। वे जिससे भी मिलते थे, उसके प्रति कृतज्ञता और आत्मीयता का भाव रखते थे। उनके निधन से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि गुरुजी ने अपना संपूर्ण जीवन धर्म के मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा में समर्पित कर दिया। वे किसी एक जाति, धर्म या मजहब तक सीमित नहीं थे, बल्कि मानवता के सच्चे उपासक थे। नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धेय गुरुजी के पुत्र ईशान चतुर्वेदी को ढांढस बंधाया। सभा को मुख्य रूप से महंत विवेकानंद पंडा, अरशद खान (पूर्व विधायक), श्याम मोहन अग्रवाल, संजय सेठ जेब्रा, अरशद कुरैशी, मेहदी रजा एडवोकेट, अतुल सिंह, नेयाज ताहिर शेखू, निखिलेश सिंह, डॉ. अंजना सिंह, श्रीमती उर्वशी सिंह, श्रीमती ऊषा जायसवाल, श्रीमती सारिका सोनी, विकास शर्मा, संजय अस्थाना, हरिद्वार प्रसाद विश्वकर्मा, मनीष देव मंगल, बसंत प्रजापति, विमल सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। सभा में पवन दुबे, विशाल खत्री, सुमित अग्रहरि, चंद्रेश यादव, सुधांशु विश्वकर्मा, प्रिंस सेठ, शिवम जायसवाल, नीरज शाह, विकास पंडा, अजय यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। आगंतुकों का स्वागत कोऑर्डिनेटर संजय जांडवानी एवं अध्यक्ष दीपक जावा ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन संजीव यादव एडवोकेट (मुख्य ट्रस्टी) एवं नवीन सिंह बसगोती ने संयुक्त रूप से किया।

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने दी विवाह के लिए आर्थिक मदद

जन एक्सप्रेस। बस्ती



रविवार को टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा के नेतृत्व में शिव हर्ष किसान पी.जी. कॉलेज परिसर में शिक्षक परिवारों को बेटियों के विवाह हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर चार शिक्षक परिवारों को 55-55 हजार रुपये के चेक सगुन स्वरूप सौंपे गए। कुल 2 लाख 20 हजार रुपये की सहायता से जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी और संतोष की झलक देखने को मिली। जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा ने बताया कि यह सहयोग शिक्षकों द्वारा प्रति कन्या एक रुपये की नाममात्र राशि एकत्र कर किया जाता है, जिससे पात्र परिवारों को कठिन समय में संबल मिल सके। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में प्रदेश भर में कुल 251 परिवारों को बेटियों के विवाह के लिए सहायता दी जा रही है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला प्रवक्ता राजेश कुमार एवं मंडल सह संयोजक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केयर टीम शिक्षकों और उनके परिजनों के सुख-दुख में सहयोग के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्थापक अध्यक्ष विवेकानन्द आर्य तथा सह-संस्थापक सुधेश कुमार पाण्डेय और संजीव रजक की पहल से यह संगठन जरूरतमंद शिक्षक परिवारों के लिए सहारा बना है। उन्होंने यह भी बताया कि असमय निधन की स्थिति में शिक्षक परिवारों को 55 लाख रुपये तक की सहायता भी प्रदान की जाती है। बेटियों के विवाह के लिए अशोक कुमार यादव, पटेश्वरी प्रसाद सिंह, राजीव कुमार और मनोज कुमार उपाध्याय को जब 55-55 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए तो उनके चेहरों पर मुस्कान साफ दिखाई दी। इस अवसर पर आईटी सेल प्रभारी रजनीश मिश्र, कन्यादान प्रभारी अवधेश कुमार, जिला सह संयोजक लक्ष्मन लाल, अमरचंद वर्मा, राहुल राव, मुरलीधर, शैलेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

## पूर्वोत्तर रेलवे बास्केटबॉल की जीत के नायक बने भीम सिंह




जन एक्सप्रेस। बस्ती

सैय्यद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में आयोजित 32वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर रेलवे को 64-50 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत के नायक टीम के कप्तान आरपीएफ इंस्पेक्टर भीम सिंह रहे, जिनके कुशल नेतृत्व और रणनीति ने टीम को चैंपियन बनाया। फाइनल मुकाबले में शुरू से ही पूर्वोत्तर रेलवे की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और पूरे मैच के दौरान बढ़त बनाए रखी। खिलाड़ियों के बेहतरीन तालमेल और कप्तान भीम सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने निर्णायक बढ़त हासिल कर प्रतियोगिता जीत ली। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए तथा कप्तान भीम सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया। बस्ती जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत समसपुर निवासी आरपीएफ इंस्पेक्टर भीम सिंह वर्तमान में गोरखपुर में तैनात हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद के खेल प्रेमियों, रेलवे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने इसे बस्ती के लिए गौरव का क्षण बताते हुए भीम सिंह को बधाइयाँ दी हैं। इस सफलता पर सांसद जगदम्बिका पाल सहित कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और खेल प्रेमियों ने भीम सिंह और उनकी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पार्वती पब्लिक स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर केराकत,क्षेत्र के ग्राम कुसरना हनुमान नगर स्थित पार्वती पब्लिक स्कूल में रविवार पूर्वाह्न विद्यालय का 21वां वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान नृत्य, गीत, नाट्य एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों के आत्मविश्वास, अनुशासन और मंचीय कौशल की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज सभागार में उत्साह का माहौल बनाए रही। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल धन अर्जन का साधन नहीं है, बल्कि समाज सेवा का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि शिक्षित होकर स्वयं के विकास के साथ-साथ समाज को भी आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'मां इस धरती पर सबसे बड़ी देवता होती है। मां के दिए गए संस्कारों से ही बच्चे का भविष्य आकार लेता है।' उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दिनेशचंद सिंह ने कहा कि 'विनम्रता व्यक्ति के जीवन का सबसे बड़ा गुण है। समर्पित भाव से शिक्षा ग्रहण करने वाले शिष्य को गुरु श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे उसका सर्वांगीण विकास संभव होता है।' कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पूरा वार्षिकोत्सव समारोह विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और सांस्कृतिक समृद्धि का सजीव उदाहरण बना। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अरुण पाण्डेय, शिक्षक राजीव सिंह, सरिता सिंह, अतवारु विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक संजय सिंह ने की। विद्यालय के संरक्षक रामऔतार सिंह ने अतिथियों, अभिभावकों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष तिवारी ने किया।


## महानिदेशक ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया महानिदेशक ने पोलियो बूथ देखा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

परिवार कल्याण के महानिदेशक डॉ. पवन कुमार ने रविवार दोपहर राजमार्ग स्थित सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। पोलियो उन्मूलन अभियान के बीच पहुंचे डॉ. कुमार ने सबसे पहले पोलियो बूथ का अवलोकन किया और केंद्र की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएचसी में डॉ. कुमार को पोलियो बूथ प्रभारी ने बताया कि रविवार दोपहर तक 18 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक ने अभियान की प्रगति पर संतोष जताया, लेकिन केंद्र की अन्य कमियों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, एमएनसीयू, महिला वार्ड और ऑपरेशन थिएटर का बारीकी से निरीक्षण किया। सरकारी योजनाओं से जुड़े डिस्प्ले बोर्ड खराब मिले।

## पुलिस की पाठशाला में सबइंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बच्चों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



मौराँवा स्थित डी बी एस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के मन से पुलिस के प्रति भय का भाव खत्म करने और पुलिस की कार्यशैली से उन्हें अवगत कराने के उद्देश्य से प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया , कार्यक्रम की शुरुआत देवी माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन करके की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रहरी व पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव प्रभारी अनूप मिश्र 'अपूर्व' ने कहा कि पुलिस पाठशाला का उद्देश्य पुलिस और बच्चों के बीच संवाद सुरक्षा, जागरूकता और भरोसे पर केंद्रित होता है , उन्होंने बच्चों को हेल्पलाइन नंबर (112, 1090, 1098, 1076), गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध और आपात स्थिति में पुलिस से बिना डर संपर्क करने के तरीके सिखाये।सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस सभी हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से हर संकट में आमजन के साथ खड़ी रहती है। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में डरने की नहीं, बल्कि सही नंबर पर समय से सूचना देने की आवश्यकता होती है, जिससे पुलिस तत्काल सहायता पहुंचा सके। पुलिस सभी के सहयोग के लिए सदैव तत्पर एवं मित्र के रूप में कार्य करती है। बच्चों को आत्मरक्षा के सरल व्यावहारिक तरीके, सतर्कता, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती के गुर सिखाए गए। बाल संवाद के दौरान बच्चों द्वारा बड़ी मासूमियत से ' पुलिस अंकल ' से सवाल पूछे गए और हाथ मिलाकर उनको अपना दोस्त बना लिया। पुलिस अंकल से चॉकलेट और टॉफियाँ पाकर बच्चे खुश हो गये। अनूप ने बच्चों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवन और स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया और ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव मुहिम के तहत पाँच छायादार पौधे लगाये। विशिष्ट अतिथि डा. रचना सिंह (राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका) और डा. रचना त्रिवेदी (एच ओ डी - शिक्षा विभाग, डी एस एन डिग्री कॉलेज ) ने बच्चों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और लक्ष्यों के आधार पर सही शिक्षा और कैरियर के विकल्प चुनने के लिए मार्गदर्शन किया। प्रिंसिपल वंदना अवस्थी एवम अन्य शिक्षकों के बेहतरीन निर्देशन में बच्चों द्वारा महिला सशक्तिकरण , साइबर क्राइम , ट्रैफिक रुल्स और प्राथमिक चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुत लघु नाटिकाओं ने सभी को भावविभोर कर दिया इस प्रस्तुति में युवराज तिवारी, आयुष वर्मा, नबीला, प्रतिष्ठा शुक्ला, ज़ैनह खान व अदित्री ने सराहनीय भूमिका निभाई।विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना अवस्थी ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा की अनूठी पहल पुलिस की पाठशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रम बच्चों को न केवल जागरूक बनाते हैं, बल्कि उन्हें समाज और पुलिस के प्रति भरोसे से भी जोड़ते हैं।विद्यालय के प्रबंधक डी. बी. सिंह, दिनेश सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। अक्षत सिंह और अक्षय सिंह ने बच्चों को बताया कि सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास हैद्य अमित मिश्र सहित प्रबंधन सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# यशस्वी जायसवाल का तूफानी शतक, मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया

एजेंसी

**नई दिल्ली** :भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे यशस्वी जायसवाल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक और यादगार पारी खेलते हुए मुंबई को ऐतिहासिक जीत दिलाई। हरियाणा के खिलाफ सुपर लीग मुकाबले में जायसवाल के विस्फोटक शतक की बदौलत मुंबई ने 235 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज़ दर्ज किया। इस जीत ने न सिर्फ मुंबई की ताकत दिखाई, बल्कि जायसवाल को भारत के सबसे खतरनाक टी20 बल्लेबाज़ों में भी शामिल कर दिया। सुपर लीग के इस अहम मुकाबले में हरियाणा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए विशाल स्कोर खड़ा किया। उनके बल्लेबाज़ों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और मुंबई के गेंदबाज़ों पर दबाव बनाया। 235 रनों का लक्ष्य टी20 क्रिकेट में आसान नहीं माना जाता, खासकर नॉकआउट चरण जैसे मुकाबलों में। लेकिन मुंबई की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई थी और डगआउट में मौजूद खिलाड़ियों को भरोसा था कि अगर शुरुआत अच्छी रही, तो मैच पलट सकता है। लक्ष्य का पीछा करने उतरे यशस्वी जायसवाल ने शुरुआत से ही साफ संकेत दे दिया कि यह उनका दिन है। बाएं हाथ के इस ओपनर ने गेंदबाज़ों को कोई मौका नहीं दिया और मैदान के चारों ओर शानदार शॉट्स लगाए। जायसवाल ने महज 48 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जिसमें 16 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनके ॠ20 करियर का चौथा शतक रहा। उनकी टाइमिंग, फुटवर्क और आत्मविश्वास देखने लायक था, जिसने हरियाणा के गेंदबाज़ी आक्रमण को पूरी तरह बेअसर कर दिया।

# एशेज 2025: ब्रिस्बेन एयरपोर्ट पर इंग्लैंड टीम की सुरक्षा ने कैमरामैन को दिया धक्का, वीडियो वायरल

**ब्रिस्बेन**। एशेज सीरीज के बीच एक नया विवाद सामने आया है। सुबह ब्रिस्बेन एयरपोर्ट पर इंग्लैंड क्रिकेट टीम के एक सुरक्षाकर्मी को ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टर चैनल 7 के कैमरापर्सन को धक्का देते हुए देखा गया। यह घटना उस समय हुई, जब इंग्लैंड की टीम तीसरे एशेज टेस्ट के लिए एडिलेड रवाना होने पहुंची थी। 17 दिसंबर से शुरू होने वाले इस टेस्ट से पहले हुई इस झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ब्रिस्बेन एयरपोर्ट पर हुआ यह वाकया उस समय सामने आया, जब इंग्लैंड टीम तीसरे टेस्ट के लिए यात्रा कर रही थी। वीडियो में साफ दिख रहा है कि जैसे ही कैमरापर्सन खिलाड़ियों के करीब पहुंचने की कोशिश करता है, सुरक्षा गार्ड हस्तक्षेप करता है। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और बहस तेज हो गई। सोशल मीडिया पर क्लिप वायरल होते ही फैंस और एक्सपर्ट्स के बीच मीडिया एक्सेस और टीम सुरक्षा को लेकर बहस छिड़ गई।

# टेस्ट क्रिकेट 2025: ये हैं सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली**। साल 2025 में टेस्ट क्रिकेट में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा साफ दिखाई दिया। इस साल भारत के टॉप-5 टेस्ट रन स्कोररों की सूची में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का शानदार संतुलन देखने को मिला, जिसमें शुभमन गिल सबसे ऊपर रहे।

**2025 में टेस्ट क्रिकेट में भारत के टॉप-5 रन स्कोरर**

1. शुभमन गिल - मैचः 9 7 रनः 983 7 100/50: 5/1
2. केएल राहुल - मैचः 10 7 रनः 813 7 100/50: 3/3
3. रवींद्र जडेजा - मैचः 10 7 रनः 764 7 100/50: 2/6
4. यशस्वी जायसवाल - मैचः 10 7 रनः 745 7 100/50: 3/3
5. ऋषभ पंत - मैचः 7 7 रनः 629 7 100/50: 2/4

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 2025 में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 9 मैचों में कुल 983 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 1 अर्धशतक शामिल रहा। गिल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 269 रन रहा, जो उनके करियर की सबसे यादगार पारियों में से एक माना जा रहा है।


# हैदराबाद में बच्चों संग फुटबॉल खेले मेसी, सांसद राहुल गांधी व मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मिले

**हैदराबाद**। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी इन दिनों तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। उन्होंने हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मेसी ने अपने साथी खिलाड़ियों रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ दर्शकों की ओर फुटबॉल भी उछाली। मेसी दोपहर करीब 2 बजे कोलकाता से रवाना होकर शाम 5 बजे हैदराबाद पहुंचे और रात 8 बजे उप्पल स्टेडियम पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी उनसे मुलाकात की। स्टेडियम में आयोजित लेजर शो में मेसी का चेहरा उकेरा गया, जिसने दर्शकों को खासा आकर्षित किया। इससे पहले शनिवार सुबह मेसी ने कोलकाता में अपनी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान भी मौजूद रहे। मेसी को सॉल्ट लेक स्टेडियम में लगभग एक घंटे रुकना था, लेकिन वे मात्र 22 मिनट बाद ही वहां से रवाना हो गए। इससे नाराज प्रशंसकों ने स्टेडियम में कुर्सियां फेंककर तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे भगदड़ जैसे हालात बन गए। मेसी रात करीब 2.30 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे थे। भारत दौरे के अगले चरण में वे मुंबई जाएंगे, जहां उनकी मुलाकात सचिन तेंदुलकर और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री से होने की संभावना है।

# 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप : रायजा ढिल्लों का दबदबा, महिला और जूनियर महिला स्कीट में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**नई दिल्ली**। ओलंपियन रायजा ढिल्लों ने 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं (एनएससीसी) के पहले फाइनल दिवस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला और जूनियर महिला स्कीट स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर गोल्डन डबल अपने नाम कर लिया। यह मुकाबले तुगलकाबाद स्थित डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के शॉटगन रेंज पर खेले गए। महिला स्कीट फाइनल में रायजा ढिल्लों ने 56 का उत्कृष्ट स्कोर दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। राजस्थान की यशस्वी राठौड़ 55 के स्कोर के साथ रजत पदक पर रहीं, जबकि ओलंपियन गनेमत शेखों ने 45 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। दर्शन राठौड़, रिशम कौर गुरोन और वंशिका तिवारी को क्रमशः चौथा, पांचवां और छठा स्थान मिला। क्वालिफिकेशन दौर में यशस्वी राठौड़ ने 118 हिट्स के साथ पहला स्थान प्राप्त किया था। रायजा ढिल्लों



और गनेमत शेखों ने 116-116 का समान स्कोर किया, जिसके बाद शूट-ऑफ के जरिए उनकी रैंकिंग तय हुई। टीम स्पर्धा में महिला स्कीट का स्वर्ण राजस्थान के खाते में गया। यशस्वी राठौड़, दर्शन राठौड़ और ओलंपियन महेश्वरी चौहान की टीम ने कुल 343 हिट्स के साथ पहला स्थान हासिल किया। मध्य प्रदेश की टीम दूसरे और पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर रही। रायजा ढिल्लों ने जूनियर महिला स्कीट फाइनल में भी शानदार निरंतरता दिखाते हुए 55 का स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता। वंशिका तिवारी ने 54 के स्कोर के साथ रजत और मानसी रघुवंशी ने 45 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहीं यशस्वी राठौड़ फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर महिला टीम स्कीट स्पर्धा में मध्य प्रदेश की टीम विजेता बनी। वंशिका तिवारी, मानसी रघुवंशी और ओशमी श्रीवास की टीम ने कुल 328 हिट्स के साथ स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान को रजत और पंजाब को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप की प्रतियोगिताएं आगे भी जारी रहेंगी। आगामी दिनों में महिला और जूनियर महिला 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल खेले जाएंगे, जहां देश के शीर्ष निशानेबाज़ खिताब के लिए अपना दमखम दिखाएंगे।

# किसी भी क्रम में खेलने के लिए फ्लेक्सीबल हैं टीम के खिलाड़ी : तिलक वर्मा

एजेंसी

**धर्मशाला**। भारत के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि हमारे अधिकतर खिलाड़ी किसी भी क्रम में खेलने के लिए फ्लेक्सीबल हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी किसी भी क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए पूरी तरह से फ्लेक्सिबल हैं। धर्मशाला स्टेडियम में पत्रकारों से बातचीत में तिलक वर्मा ने कहा कि हमारे खिलाड़ी मेंटली उस तरह से पूरी तरह से तैयार हैं तथा इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रेक्टिस भी कर रहे हैं। टी-20 सीरिज के धर्मशाला में तीसरे मुकाबले को लेकर



तिलक वर्मा ने कहा कि हर स्थान में ओस व ठंड का फेक्टर देखने को मिल रहा है। धर्मशाला में भी उसी तर्ज पर गेंद को गीली करके अभ्यास कर रहे हैं। बकौल तिलक पिछले टी-20 में ओस था, टॉस हाथ में रहता हैं, ऐसे में दोनों स्थितियों में हम खेलने को तैयार रहते हैं। अक्षर पटेल वर्ल्ड कप में ऊपर खेले थे, टीम के लिए जहां भी बेटिंग मिले, खिलाड़ी खेलने को तैयार हैं। प्रेक्टिस लगातार कर रहे है, इसमें माइंड सेट का बहुत बड़ा गेम रहा है। दो मैच में पहले बैटिंग करने वाले ही जीत रहे हैं। पिच में नमी भी रह रही है। ओस दोनों टीमों के लिए ही रहेगी।

# वीमेंस अंडर-19 वनडे: झारखंड, हैदराबाद और हिमाचल की जीत

एजेंसी

**लखनऊ**। वीमेंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-सी मुकाबलों में झारखंड, हैदराबाद और हिमाचल प्रदेश की टीमों ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। लखनऊ के अलग-अलग मैदानों पर खेले गए इन मुकाबलों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के संतुलित प्रदर्शन ने दर्शकों का ध्यान खींचा।लखनऊ के इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड पर खेले गए मैच में झारखंड ने जम्मू-कश्मीर को नौ विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जम्मू-कश्मीर की टीम कम स्कोर पर सिमट गई। झारखंड की गेंदबाज कुमारी पलक ने तीन जबकि भूमिका ने दो विकेट लेकर विपक्षी टीम को दबाव में रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए झारखंड ने केवल एक विकेट गंवाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। आरुषी ने नाबाद अर्धशतक जमाया, जबकि गुरुलीन कौर 49 रन बनाकर नाबाद रही। लखनऊ के जीसीआरजी ग्राउंड पर हैदराबाद और मुम्बई के बीच खेला गया



मुकाबला भी एकतरफा रहा। मुम्बई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 94 रनों पर ऑलआउट हो गई। मुंबई की ओर से जिया ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। हैदराबाद की जैजमिन गिल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में पांच मेडन डालते हुए 19 रन देकर तीन विकेट झटके। जवाब में हैदराबाद ने चार विकेट खोकर 16वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेले गए तीसरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने चंडीगढ़ पर 106 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। हिमाचल प्रदेश ने निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट पर 291 रन बनाए। टीम की ओर से अहाना शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 80 गेंदों पर 120 रन ठोके, जिसमें 18 चौके और चार छक्के शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ की टीम 185 रनों पर सिमट गई। गेंदबाजी में पल्लवी ठाकुर ने तीन जबकि अहाना शर्मा ने दो विकेट लिए। इन मुकाबलों में मिली जीत के साथ ही झारखंड, हैदराबाद और हिमाचल प्रदेश ने ग्रुप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

# लखनऊ में शुरू हुई 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-17 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

एजेंसी

**लखनऊ**। लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-17 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन शुरू हो गया है। यह प्रतियोगिता 13 से 17 दिसंबर तक पांच दिन तक चलेगी, जिसमें देश भर की 41 टीमें हिस्सा ले रही हैं। कुल 1594 एथलीट और 221 कोच व मैनेजर इस राष्ट्रीय मंच पर भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों के साथ-साथ सीबीएसई, आईसीएसई, नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विद्यालय संगठन, विद्या भारती, डीएवी और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज की टीमें भी शामिल हैं। लखनऊ डिवीजन के ज्वाइंट डायरेक्टर एजुकेशन डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह चैंपियनशिप बालक और बालिका वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है। निर्णायक मंडल में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नामित 20 राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ और राज्य स्तर पर कार्यरत 35 अनुभवी कोच शामिल



हैं। प्रतियोगिता में एथलीट कुल 19 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। दौड़ में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर और 3000 मीटर शामिल हैं। इसके अलावा 110 मीटर और 400 मीटर की बाधा दौड़ भी आयोजित होगी। कूद स्पर्धाओं में ऊंची कूद, लंबी कूद, त्रि-कूद और पोल वॉल्ट शामिल हैं। फेंक स्पर्धाओं में गोला, चक्का, हैमर और भाला क्षेपण की प्रतियोगिताएं होंगी। साथ ही 4×100 मीटर और 4×400 मीटर रिले दौड़ के साथ बालक वर्ग के लिए 5000 मीटर और बालिका वर्ग के लिए 3000 मीटर पैदल चाल भी आयोजित होगी। आयोजकों ने शहर में खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और परिवहन की पूरी व्यवस्था की है। 50 से अधिक बसों और छोटी गाड़ियों के माध्यम से परिवहन का इंतजाम किया गया है, जबकि होटलों में पर्याप्त कमरे उपलब्ध कराए गए हैं। इस तरह लखनऊ शहर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का गोवा में मेगा आयोजन, खेल जगत की दिग्गज हस्तियां होंगी शामिल

एजेंसी

**पणजी**। गोवा की खूबसूरत तटरेखा फिटनेस, देशभक्ति और सामूहिक सहभागिता का साक्षी बनेगी, जब 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का विशेष विजय दिवस संस्करण आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन देश की सशस्त्र सेनाओं को समर्पित होगा। यह साइकिल रैली सुबह 07 बजे मीरामार बीच सर्कल से शुरू होकर डोना पाउला सर्कल तक जाएगी। यह कार्यक्रम युवा मामले और खेल मंत्रालय की प्रमुख पहल है, जिसे गोवा में खेल निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।आयोजन से पहले गोवा में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव और खेल प्राधिकरण गोवा के सचिव डॉ अजय गऊडे ने कार्यक्रम की जानकारी साझा की। मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' केवल साइक्लिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक फिटनेस कार्निवल के रूप में जुम्बा, योग, रस्सी कूद जैसी कई




गतिविधियों को भी शामिल करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अब तक अपने 53वें संस्करण तक पहुंच चुका है और बीते एक वर्ष में देशभर से करीब 20 लाख लोग इसमें भाग ले चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पहले यह मेगा इवेंट केवल दिल्ली में आयोजित होता था, लेकिन लोगों की मांग और देशभर में फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब इसे विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली के बाहर पहला आयोजन वाराणसी में हुआ था और अब गोवा इसकी मेजबानी कर रहा है। डॉ अजय गऊडे ने कहा कि यह आयोजन नागरिकों के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि खेल प्राधिकरण गोवा आम नागरिकों के लिए एक साइक्लिंग क्लब की शुरुआत करने जा रहा है। इस विशेष संस्करण में गोवा सरकार के खेल मंत्री डॉ रमेश तवाड़कर और खेल सचिव संतोष गुनवंतराव सुखदेव, आईएएस की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा ओलंपियन और विश्व चैंपियन मुक्केबाज जैस्मिन लांबोरिया, ओलंपियन सूबेदार मनीष कौशिक, अर्जुन पुरस्कार विजेता फुटबॉलर ब्रूनो काउटिन्हो और पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित फुटबॉल लीजेंड ब्रह्मानंद संखवलकर भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। भारतीय महिला सीनियर फुटबॉल टीम की पहली महिला मुख्य कोच मयमोल रॉकी भी इस साइकिल राइड में हिस्सा लेंगी।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने बीबीएल 15 से पहले एंड्रयू टाय के साथ किया करार

एजेंसी

**मेलबर्न**। मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (BBL 15) के आगामी सीजन से पहले अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज एंड्रयू टाय को टीम में शामिल करने की घोषणा की। रेनेगेड्स का सीजन का पहला मुकाबला सोमवार रात ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ गाबा स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच से ठीक पहले टाय को टीम में शामिल किया गया है, जो चोट के कारण बाहर हुए गेंदबाज टॉम रोजर्स की जगह लेंगे। एंड्रयू टाय का बिग बैश लीग में रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। वह अब तक 105 बीबीएल मैच खेल चुके हैं और 150 से अधिक विकेट अपने नाम कर चुके हैं। खास तौर पर डेथ ओवर्स में उनकी गेंदबाजी उन्हें लीग के सबसे खतरनाक गेंदबाजों में शुमार करती है। टीम से जुड़ने पर टाय ने कहा, 'मैं इस मौके को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह एक शानदार टीम है, जिसमें जबरदस्त प्रतिभा है। मैं मैदान पर उतरने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। रेनेगेड्स जिस तरह का क्रिकेट खेलते हैं और कोच कैमरन व्हाइट (व्हाइटी) के नेतृत्व में क्लब जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह मुझे काफी पसंद है। कोचिंग स्टाफ के साथ हुई बातचीत से साफ है कि वे जानते हैं कि कैसे खेलना है और उसमें मेरी भूमिका क्या होगी। मैं हमेशा अहम मौकों पर जिम्मेदारी लेने और मुकाबला करने में भरोसा रखता हूं और इस टीम के लिए योगदान देने को लेकर उत्सुक हूं।' रेनेगेड्स में टाय की मुलाकात कुछ पुराने साथियों से भी होगी, जिनमें पूर्व पर्थ स्कॉर्चर्स के साथी जेसन बेहरेंडॉर्फ शामिल हैं, जो इस साल की शुरुआत में क्लब से जुड़े थे।

# टी-20 मैच : मैदान और नेट पर टीम इंडिया ने जमकर बहाया पसीना

एजेंसी

**धर्मशाला**। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कल धर्मशाला में खेले जाने वाले सीरीज के तीसरे टी-20 क्रिकेट मैच के मुकाबले से पूर्व भारतीय टीम ने मैदान और नेट पर जमकर पसीना बहाया। इंडियन टीम 3.30 बजे प्रैक्टिस को मैदान पर उतरी। हालांकि, बीसीसीआई द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार इंडिया टीम ने शाम 7:30 बजे से 10 तक तक अभ्यास करना था। मगर मौसम बदलने के बाद ठंड की वजह से भारतीय टीम के खिलाड़ी दोपहर बाद ही अभ्यास को मैदान पर पंहुचे।

बता दें कि धर्मशाला में शनिवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। इससे ठंड में इजाफा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार धर्मशाला में बारिश के आसार नहीं है। मगर सामने नजर आने वाली धौलाधार की



पहाड़ियों पर हल्का हिमपात हो सकता है। इससे मैच के दौरान ठंडी हवाएं चल सकती है जो कि गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है।

इस मैच का रोमांच इसलिए बढ़ गया है, क्योंकि 5 मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। बीते वीरवार को चंडीगढ़ में हुए मुकाबले में भारत 51 रन से हार गया था। ऐसे में धर्मशाला का यह तीसरा मुकाबला सीरीज में बढ़त हासिल करने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए अहम हो गया है। आज टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी अभ्यास के लिए मैदान और नेट पर उतरे। इस दौरान बड़ी संख्या में आने पसंदीदा खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में पंहुचे। इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सहित अन्य तेज व स्पिन गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने जमकर पसीना बहाया और कल के मैच के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता किया।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने नही किया अभ्यास**

उधर तय कार्यक्रम के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका की टीम ने आज अभ्यास नही किया। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी होटल में ही रहे। मौसम के मिजाज के चलते उनका कल सुबह या दिन में अभ्यास का कार्यक्रम रहेगा।

# हरमनप्रीत कौर के सम्मान में स्टैंड का नामकरण होने पर मंधाना ने दी अपने कप्तान को बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कप्तान हरमनप्रीत कौर को बधाई दी है। यह बधाई उन्हें उस खास मौके पर मिली, जब पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हरमनप्रीत कौर के नाम पर एक स्टैंड का उद्घाटन किया। यह समारोह आयोजित किया गया था।

इस मौके पर स्टेडियम में दो नए स्टैंड खोले गए। एक स्टैंड भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम पर रखा गया, जबकि दूसरा स्टैंड पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर समर्पित किया गया। उद्घाटन समारोह में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पीसीए अध्यक्ष अमरजीत मेहता मौजूद रहे। इसके अलावा बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

बीसीसीआई ने इस समारोह का वीडियो अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा करते हुए स्मृति मंधाना ने लिखा, 'बधाई हो हरमनप्रीत! महिला क्रिकेट के लिए यह एक बहुत ही खास दिन है और मुझे आप पर गर्व है।' वीडियो में हरमनप्रीत कौर ने इस सम्मान पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का बेहद भावुक और गर्व भरा पल है। उन्होंने कहा कि जिस मैदान पर उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था, उसी जगह उनके नाम पर स्टैंड बनना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने इसके लिए पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन का आभार भी जताया। गौरतलब है कि हाल ही में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने इतिहास रचा था। टीम इंडिया ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपनी पहली सीनियर आईसीसी महिला क्रिकेट ट्रॉफी जीती थी। हरमनप्रीत कौर यह सम्मान पाने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। इससे पहले झूलन गोस्वामी और मिताली राज के नाम पर भी देश के प्रमुख क्रिकेट स्टेडियमों में स्टैंड बनाए जा चुके हैं। खास बात यह है कि हरमनप्रीत कौर इस समय सक्रिय क्रिकेटर होते हुए भी इस सम्मान को पाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप पोस्टर विवाद: पाक कप्तान को नहीं मिली जगह, PCB ने ICC से की शिकायत

एजेंसी

**नई दिल्ली**। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के टिकट पोस्टर से पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा को बाहर रखे जाने को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कड़ा ऐतराज जताया है। PCB का कहना है कि ICC का यह फैसला संतुलन और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है, क्योंकि पाकिस्तान विश्व क्रिकेट की बड़ी टीमों में से एक है। PCB ने इस मुद्दे पर ICC को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। बोर्ड का मानना है कि ऐसे प्रमोशनल पोस्टर करोड़ों फैंस तक पहुंचते हैं और इनमें कप्तान की गैरमौजूदगी पाकिस्तान क्रिकेट की छवि को नुकसान पहुंचाती है।

**एशिया कप की पुरानी मिसाल दिलाई याद**

PCB सूत्रों के मुताबिक, एशिया कप के दौरान भी पाक कप्तान को प्रमोशनल कैंपेन से बाहर रखा गया था। उस वक्त ACC के हस्तक्षेप के बाद सुधार किया गया था। PCB को उम्मीद है कि इस बार भी ICC इस मामले में सकारात्मक कदम उठाएगा। हालांकि पाकिस्तान फिलहाल ICC टी20 रैंकिंग में सातवें स्थान पर है, लेकिन PCB का तर्क है कि रैंकिंग के आधार पर किसी देश के कप्तान को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बोर्ड का कहना है कि पाकिस्तान की वैश्विक फैन फॉलोइंग मजबूत है और उसे बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। फिलहाल ICC की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# केंद्रीय मंत्री मांडविया ने सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ, कहा- हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स हब बनेगा पौड़ी

एजेंसी

**पौड़ी गढ़वाल**। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने पौड़ी जनपद के कंडोलिया मैदान में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने खेलों को राष्ट्र निर्माण का माध्यम बताते हुए पौड़ी को हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने की दिशा में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी।

केंद्रीय मंत्री के पौड़ी आगमन पर स्थानीय परंपरा के अनुरूप सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं की ओर से मांगलिक गीतों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर सांसद खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद खेल महोत्सव की टी-शर्ट एवं ट्रैकसूट का भी विमोचन किया गया।

कंडोलिया मैदान में मौजूद खिलाड़ियों एवं जनमानस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप देश में खेल संस्कृति को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। सांसद युवा महोत्सव से निकलने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी भविष्य में 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि पूरा देश जीतता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देशभर में खेल सुविधा अंतर के विश्लेषण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें खेल अवसंरचना के विकास हेतु पौड़ी जनपद को भी विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाई एल्टीट्यूड की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए



खेल अवसंरचना विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव पौड़ी के लिए गौरव का विषय है। यह प्रधानमंत्री के उस विजन को साकार करता है, जिसके अंतर्गत प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौड़ी हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग के लिए आदर्श स्थान है, जहां देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी प्रशिक्षण हेतु आते हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पूरे क्षेत्र को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करने, स्विमिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना, शीतकालीन खेलों के दृष्टिगत औली को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल प्लेटफार्म के रूप में विकसित करने के लिए सहयोग की मांग रखी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से युवाओं को खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिला है। इस मंच से ऐसी प्रतिभाएं सामने आएंगी, जो भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान उन्होंने कंडोलिया स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित पिट्ठू खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय खेल मंत्री, गढ़वाल सांसद एवं हरिद्वार सांसद ने स्वयं बैडमिंटन व टेबल टेनिस खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र अण्थवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, नगर पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी, खेल सचिव अमित सिन्हा, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार आदि उपस्थित रहे।

# मोदीजी का कॉन्फिडेंस खत्म: राहुल

## शाह के हाथ कांपते हैं, उनकी वोट चोरी पकड़ी गई, खड़गे बोले, हमारा वंदेमातरम् भी इन्होंने चोरी किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस ने 'वोट छोड़ गद्दी छोड़' रैली निकाली। पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा-पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो गया है। अमित शाह के हाथ कांपते हैं। वो जानते हैं कि उनकी चोरी पकड़ी गई है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- इन लोगों ने (केंद्र सरकार) ने हमारा वंदेमातरम् भी चोरी किया है। ये लोग नेहरू-पटेल के बीच दरार पैदा करते हैं। गांधी-नेहरू अंबेडकर पर हमला बोलते हैं। इन गद्दारों को आपको हटाना होगा। वहीं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा- आज न्यायालय पर दबाव है। सारी मीडिया अंबानी-अडाणी की है। कांग्रेस के नेताओं को तरह-तरह के आरोप लगाकर जेल में बंद किया गया। जो उनकी पार्टी में शामिल हो गए, उसे उनकी वॉशिंग मशीन ने साफ कर दिया।



### खड़गे बोले, बेटे को कुछ भी हो, देश के लोगों को नहीं

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मेरे बेटे का आठ घंटे का ऑपरेशन होना था। मुझे घर से भी फोन आया कि आपको आना चाहिए, लेकिन जब देश के लिए जवान मर रहे हैं, इंदिरा-राजीव ने कुर्बानी दी, सोनिया ने सबकुछ त्याग दिया। मैं अपने बेटे के लिए इस लड़ाई को छोड़कर नहीं जा सकता। बेटे को कुछ भी हुआ कोई बात नहीं, मगर देश के लोगों को कुछ नहीं होना चाहिए। हमें पीछे नहीं हटना है, पीछे हट जाएंगे तो मर जाएंगे।

### प्रियंका बोलीं, हमने जो बनाया, बीजेपी ने सब बिखेर दिया

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आज पीएम मोदी बड़े-बड़े राष्ट्रपतियों के साथ हाथ में हाथ डालकर फोटो खिंचाते हैं, लेकिन जनता के साथ नहीं खड़े होते हैं। ये आपसे नहीं पूछ सकते कि आपके दुख क्या हैं। संसद में इनका आत्मविश्वास घट जाता है। आंख से आंख नहीं मिला पाते। जनता का विश्वास मोदी शाह से हट चुका है। आज इनको चुनाव आयोग की जरूरत है, इसके बिना ये नहीं जीत सकते। पीएम ऑफिस के अधिकारी बेटिंग एप चला रहे थे, इसकी चर्चा क्यों नहीं होती। जो इतने सालों में हमने बनाया, इन्होंने सब बिखेर दिया।

### गौरव गोगोई ने कहा, चुनाव आयोग बीजेपी की कठपुतली

गौरव गोगोई ने रैली में कहा- वोट चोरी की गूंज हमने सदन के अंदर सुनी, चुनाव आयोग बीजेपी की कठपुतली बन चुका है। सत्ता में बैठे लोग सुन लें कि उनकी चोरी को पकड़ने के लिए कांग्रेस का कार्यकर्ता लड़ाई लड़ेगा। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने सदन में सरकार की आंख में आंख में डालकर उन्हें ललकारा। उनकी बातें सुनकर अमित शाह हड़बड़ा गए। जब बीजेपी का 400 सीट का सपना विफल हो गया तो उन्होंने वोट चोरी शुरू की।

### राहुल के भाषण की 3 बड़ी बातें...

- चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह, विवेक जोशी बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम ने इनके लिए कानून बदला है। हम इस कानून को बदलेंगे और इन लोगों के खिलाफ एक्शन लेंगे। इन लोगों को नहीं भूलना चाहिए कि ये हिंदुस्तान के इलेक्शन कमिश्नर हैं, बीजेपी के नहीं।
- मोहन भागवत ने कहा विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है। ये आरएसएस की विचारधारा है। मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य का मतलब नहीं है, केवल सत्ता जरूरी है। देश में सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है। गांधी कहते थे कि सत्य सबसे जरूरी है। हमारे धर्म में सत्य को सबसे जरूरी माना जाता है।
- कांग्रेस के डीएनए में सत्य है, उनके डीएनए में असत्य और वोट चोरी है। वोट चोरी अंबेडकर के संविधान पर हमला है। ये लोग वोट चोरी करके सरकार चलाते हैं। नोटबंदी, जीएसटी से छोटे व्यापारियों को मारा है। ये सबकुछ इसलिए हो रहा, क्योंकि वोट चोरी हो रही है। ये लोग वोट चोरी नहीं करते तो 5 मिनट में सरकार से बाहर हो जाते।



सनी चतुर्वेदी, प्रदेश महासचिव, यूथ कांग्रेस, दिल्ली अपनी टीम के साथ मौजूद रहे

### मोदी एक बार हारे तो उनका नामो-निशान नहीं मिलेगा: खड़गे

खड़गे ने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे तो मोदी कहीं नजर नहीं आएंगे। मोदी जीतने के बाद बहुत बड़ा भाषण करते हैं। हम हारे हैं, लेकिन हमारी विचारधारा जिंदा है। एक बार वो हारे तो उनका नामो-निशान नहीं मिलेगा। मैं केरल के लोगों को बधाई देता हूं, उन्होंने एनडीए को कुचल दिया। खड़गे ने कहा- परसों राहुल गांधी ने पूछा आप बैंगलोर जा रहे हैं। मैंने कहा- हां, फिर कहा ना। उन्होंने पूछा क्यों- मैंने कहा वोट चोरी रैली में आ रहे लोगों को छोड़कर नहीं जा सकता हूं। मेरे बेटे का आठ घंटे का ऑपरेशन था, घर से फोन आया कि आपको आना चाहिए, लेकिन जब देश के लिए जवना मर रहे हैं, इंदिरा राजीव ने कुर्बानी दी, सोनिया ने सबकुछ त्याग दिया, मैं बेटे के लिए इस लड़ाई को छोड़कर नहीं जा सकता। अगर मेरे बेटे को कुछ भी हुआ कोई बात नहीं, मगर देश के लोगों को कुछ नहीं हो चाहिए। हमें पीछे नहीं हटना है, पीछे हट जाएंगे तो मर जाएंगे।


### सरकार ने संस्थाओं पर कब्जा किया: सचिन पायलट

कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट ने कहा- आज हम देश की सरकार को चुनौती देने के लिए साथ आए हैं। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि आपने जो संस्थाओं पर कब्जा किया हुआ है अब वो नहीं चलेगा। ये ताकत और पक्षपात से चुनाव जीतना चाहते हैं। दुनिया में भारत को लोकतंत्र का उदाहरण मानते हैं। राहुल गांधी ने इतनी बर सबूत दिए लेकिन चुनाव आयोग ने कोई जांच नहीं करी। हमें आंदोलन के लिए सड़क पर आना होगा। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। सैकड़ों बीएलओ ने आत्महत्या कर ली। लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है।

# देशभर में अगले हफ्ते से कड़ाके की सर्दी

- उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, बिहार में घना कोहरा, 7 गाड़ियां आपस में टकराईं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसंबर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है। 21 और 22 दिसंबर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी। इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिल्ली में आज एक्यूआई 497 पहुंच गया। कल ही वहां ग्रैप-4 लागू किया गया था। पिछले हफ्ते राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि इस साल दिल्ली का एक्यूआई 450 के पार नहीं गया है। उधर, हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। आज पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3 डिग्री और गिर सकता है। कश्मीर में 21 दिसंबर से 40 दिन तक चलने वाला सर्दियों का सबसे कड़ा दौर 'चिल्लई कलां' शुरू होगा। इस दौरान भीषण ठंड, बर्फबारी और पाला पड़ता है। पश्चिमी हिमालयी इलाकों में आखिरी बार 4 और 5 नवंबर को अच्छी बारिश और बर्फबारी हुई थी। इससे पहले अक्टूबर के पहले हफ्ते में 2 अक्टूबर को हल्की और 6 अक्टूबर को भारी बर्फबारी हुई थी। उस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल के ऊपरी इलाकों का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा बर्फ से ढक गया था। अब 18-19 दिसंबर को फिर अच्छी बर्फबारी के आसार हैं।

# मेसी के टूर ऑर्गनाइजर को जमानत नहीं

## 14 दिन की कस्टडी में भेजा, जांच पैनल और गवर्नर स्टेडियम पहुंचे, नाराज फैंस ने तोड़-फोड़ की थी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के ऑर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था। दरअसल, 13 दिसंबर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गए थे।

### जांच टीम भी स्टेडियम का जायजा लेने पहुंची

जांच समिति के सदस्यों ने रविवार को वेन्यू का दौरा किया और नुकसान का जायजा लिया। तीन सदस्यों की टीम ने स्टेडियम के ऑन-ग्राउंड निरीक्षण के दौरान टूटी हुई प्लास्टिक कुर्सियों, मुड़े हुए मेटल बैरिकेड्स और बिखरी हुई गैलरी की जांच की। यह स्टेडियम भारत के सबसे बड़े फुटबॉल मैदानों में से एक है। कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस असीम कुमार रे की अगुवाई में टीम ने उस जगह से जांच शुरू की, जहां से मेसी ने एंट्री की थी। पैनल को नुकसान का आकलन करने और अराजकता की वजह बनने वाली घटनाओं के क्रम को फिर से बनाने की अनुमति देने के लिए सफाई और मरम्मत रोक दी गई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जांच टीम को चूक के लिए जिम्मेदारी तय करने और हाई-प्रोफाइल इवेंट में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सुधारात्मक कदम सुझाने का काम सौंपा है।

### बंगाल के गवर्नर सॉल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे

मेसी के इवेंट के दौरान हुए हंगामे के एक दिन बाद, पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी वी आनंद बोस ने रविवार को मौके पर जाकर जायजा लिया। शनिवार को मेसी के इवेंट में हंगामे और भीड़ की गड़बड़ी के बाद बोस को सॉल्ट लेक स्टेडियम में एंट्री नहीं दी गई थी। उनके पहुंचने पर गेट बंद थे और स्टेडियम की लाइटें बंद थीं। गवर्नर ने आरोप लगाया था कि यह कदम उनकी एंट्री रोकने के लिए था। उन्होंने इस पर डिटेल में जवाब मांगा था। बोस ने पहले सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुई घटना को कोलकाता के खेल प्रेमी लोगों के लिए काला दिन बताया था। उन्होंने राज्य सरकार को इवेंट ऑर्गनाइजर को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। उन्हें हंगामे के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया था। कोलकाता पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आयोजकों ने स्टेडियम परिसर के अंदर पानी की बॉटल और कोल्ड ड्रिंक्स ले जाने की अनुमति कैसे दी जो ऐसे आयोजनों के दौरान प्रतिबंधित चीजें हैं।

# दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे: अब्दुल रउफ

- पाकिस्तान ने भारत को सबक सिखाया, 50 साल तक हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर हाफिज अब्दुल रऊफ ने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया है। उसने कहा कि हम दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे। यह वीडियो नवंबर का है, लेकिन अभी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। रऊफ ने कहा, 'मक्की साहब कहते थे, हम एक दिन दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे और ये होकर रहेगा। गजवा-ए-हिंद होकर रहेगा। हम एक दिन ये निजाम बदल देंगे और इस मुल्क में शरिया की हुकूमत लेकर आएंगे। हम जीती हुई कौम हैं।' रऊफ ने दावा किया कि भारतीय वायुसेना पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में घुसने की हिम्मत नहीं करेगी और पाकिस्तान इस्लामी देशों में इकलौती परमाणु शक्ति है। रऊफ ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अगले 50 साल तक पाकिस्तान पर हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा। वीडियो में रऊफ ने जिस मक्की का नाम लिया है, वह मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का साला है। पिछले साल दिसंबर में दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। रऊफ, लश्कर सरगना हाफिज सईद का करीबी सहयोगी है। अब्दुल रऊफ पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा है।



### पाकिस्तानी सेना ने रऊफ को आम आदमी बताया था

अब्दुल रऊफ 1999 से लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है और फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन का प्रमुख है। आतंकियों के जनाजे में अब्दुर रऊफ के मौजूद होने की बात सामने आने के बाद पाकिस्तानी सेना ने उसे 'आम आदमी' बताकर बचाने की कोशिश की थी। भारत ने 7 मई को पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की थी। इस दौरान रऊफ पाकिस्तानी अफसरों के साथ मारे गए आतंकियों की जनाजे की नमाज पढ़ता हुआ नजर आया था। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया था-आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ाने वाला इंसान एक मौलवी है और पाकिस्तान मार्कजी मुस्लिम लीग का मेंबर है। उसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। उन्होंने रऊफ का आईडी नंबर (35202-5400413-9) और जन्म तारीख (25 मार्च 1973) का जिक्र किया था, लेकिन ये डिटेल अमेरिका के स्पेशली डेजिग्नेटेड नेशनल्स एंड ब्लॉक्ड पर्सन्स लिस्ट में मौजूद हाफिज अब्दुर रऊफ की डिटेल से पूरी तरह मेल खाती है।

### रऊफ बोला, कश्मीर की लड़ाई खत्म नहीं हुई

वीडियो में रऊफ ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कम होने की बातों को खारिज करते हुए कहा कि कश्मीर की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। रऊफ ने चेतावनी दी कि जो लोग इसके उलट सोचते हैं, वे गलत हैं। रऊफ ने लश्कर चीफ हाफिज सईद के साले अब्दुल रहमान मक्की का हवाला देते हुए दावा किया कि हमारा मकसद दिल्ली पर हुकूमत करना है। इसके अलावा रऊफ ने भारत की सैन्य ताकत को कमजोर बताते हुए कहा कि उनके राफेल लड़ाकू विमान, एस-400 मिसाइल सिस्टम और ड्रोन कुछ नहीं कर सकते।

# नितिन नबीन बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने

- बिहार सरकार में मंत्री हैं, नए अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को भाजपा के पार्लियामेंट्री बोर्ड के इस फैसले की जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दी। नबीन की उम्र 45 साल है, वे 2010 से बांकीपुर सीट से विधायक हैं। नबीन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। वहीं पीएम मोदी ने नितिन नबीन को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा-नितिन नबीन ने मेहनती कार्यकर्ता के तौर पर अलग पहचान बनाई है। वे युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है। बिहार में वे कई कार्यकालों तक विधायक और मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने की बधाई। फिलहान नितिन नबीन को पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उनकी उम्र 45 साल है। भविष्य में नितिन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले सबसे युवा व्यक्ति होंगे।

### भाजपा अध्यक्ष बनने के महिला-पुरुष दावेदार

**शिवराज सिंह चौहान:** शिवराज सिंह चौहान 6 बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 4 बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए लाडली बहना योजना शुरू की, जो विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित हुई। ये योजना दूसरे राज्यों के लिए रोल मॉडल बन गई। 13 साल की उम्र में आरएसएस से जुड़े और इमरजेंसी के दौरान जेल भी गए। ओबीसी कैटेगरी से हैं। 2005 में मध्य प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष रहे हैं। आरएसएस की लिस्ट में शिवराज सबसे ऊपर हैं।

**सुनील बंसल:** सुनील बंसल के पास 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी और फिर 2017 में प्रभारी की जिम्मेदारी रहते हुए पार्टी को कामयाबी दिलाई। इसके अलावा ओडिशा, बंगाल और तेलंगाना के प्रभारी के रूप में मिली कामयाबी भी बड़ा प्लस पॉइंट है। सुनील बंसल को यूपी में बीजेपी का चाणक्य तक कहा गया है। संघ से नजदीकी के साथ-साथ संगठन में भी अच्छी पकड़ है।

**धर्मेन्द्र प्रधान:** वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा के एक अनुभवी संगठनकर्ता हैं। ओडिशा से आते हैं, जहां बीजेपी अपनी पकड़ और भी ज्यादा मजबूत करना चाहती है। मोदी और शाह की टीम के भरोसेमंद सदस्य। 40 साल का राजनीतिक अनुभव, बड़े ओबीसी नेता है। 14 साल की उम्र में एबीवीपी से जुड़े और 2010 में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बने। संगठन में मजबूत पकड़, 2 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा सदस्य बने।

**रघुवर दास:** रघुवर दास झारखंड के पहले गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने झारखंड में 5 साल का स्थिर शासन दिया, जो राज्य में पहली बार हुआ। उनकी जमीनी कार्यकर्ताओं और भाजपा संगठन में मजबूत पकड़ है। ओबीसी समुदाय से आने के कारण भाजपा को सामाजिक समीकरण में नई बढ़त मिल सकती है। उनकी वजह से पूर्वोत्तर में भाजपा को विस्तार मिल सकता है।

**वानति श्रीनिवासन:** वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। ऐसे में संगठनात्मक कार्यों में उनका अनुभव है। 1993 से भाजपा से जुड़ी हुई हैं। तमिलनाडु में कोयंबटूर दक्षिण सीट से कमल हासन जैसे बड़े नेता को हराया था। तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पति श्रीनिवासन विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री रह चुके हैं।



### कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर किसने क्या कहा...

**गृह मंत्री अमित शाह:** नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव हो या बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष या छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, उन्होंने संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। बिहार में 5 बार विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में उनके पास जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव है।

**केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा:** बिहार के ओजस्वी भाजपा नेता एवं बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर आत्मीय बधाई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में संगठन राष्ट्र व जनसेवा की भावनाओं के साथ नये आयाम स्थापित करेगा।

### कौन हैं नितिन नबीन

- 45 साल के नितिन नबीन बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री हैं।
- 23 मई 1980 को पटना में जन्म हुआ था।
- उनके पिता नबीन किशोर सिन्हा भाजपा के बड़े नेता थे।
- 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली के सीएमकेएम पब्लिक स्कूल से की है।
- नितिन के खिलाफ 5 केस दर्ज हैं, 3.1 करोड़ रुपए की संपत्ति है।
- 2010, 2015 और 2020 और 2025 में लगातार बांकीपुर सीट से विधायक बने।
- 2025 के चुनाव में उन्हें 98,299 वोट मिले। राजद प्रत्याशी रेखा कुमारी को 51,936 वोटों से हराया।
- 9 फरवरी 2021 को पहली बार बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री बने थे।



# लोनी मीरपुर में नकली दवाइयों की फैक्ट्री का भंडाफोड़

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी मीरपुर इलाके में प्रशासन और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली दवाइयों की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। अधिकारियों के अनुसार यह अवैध फैक्ट्री बीते सितंबर महीने से संचालित की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में भारी मात्रा में नकली दवाइयां, कच्चा माल, पैकिंग मशीनें और फर्जी लेबल बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री में प्रसिद्ध ब्रांड्स के लेबल लगाकर कर दवाइयां तैयार की जा रही थीं, जिन्हें स्थानीय बाजारों के साथ-साथ आसपास के जिलों में भी सप्लाई किया जा रहा था। इन नकली दवाइयों से आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना हुआ था। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों से पूछताछ की गई, जबकि दवाइयों के संचालक को हिरासत में ले लिया गया है। बड़ी मात्रा में तैयार और अधूरी दवाइयों को जब्त कर फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। औषधि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरामद दवाइयों के सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं, ताकि उनकी गुणवत्ता और रासायनिक संरचना की पुष्टि की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस गोरखधंधे में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में गंदे नाले पर लगने वाला अवैध बाजार बंद, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद में पिछले पांच साल से गंदे नाले के ऊपर लगाए जा रहे अवैध बाजार को नगर निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बंद करा दिया गया है। नगर निगम के जोन अधिकारी और एसीपी कोतवाली ने पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और साफ किया कि आगे इस अवैध बाजार को दोबारा नहीं लगने दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि लंबे समय से इस अवैध बाजार की शिकायतें मिल रही थीं। हाल ही में व्यापारियों द्वारा कोतवाली में धरना दिए जाने के बाद प्रशासन एक्शन मोड में आया और तत्काल कार्रवाई करते हुए बाजार को हटवा दिया गया। प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों और गंदे नालों पर अवैध कब्जे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी आरडब्लूए में अपात्रों के कब्ज़े का मामला गहराया

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी आरडब्लूए की कार्यकारिणी में अपात्रों के काबिज़ होने का आरोप सोसायटी के कुछ रहवासियों ने लगाया है। सोसायटी के ही रहने वाले रामसरन ने जिलाधिकारी गाजियाबाद कार्यालय व उपाध्यक्ष जीडीए और डिप्टी रजिस्ट्रार को लिखित शिकायती पत्र देकर मामले की शिकायत किया है। आम प्रचलन के अनुसार सोसायटी के आरडब्लूए चुनाव या मतदाता लिस्ट में केवल फ्लैट मालिक को ही चुनाव लड़ने या वोट डालने का अधिकार होता है। लेकिन इसके विपरीत गुलमोहर एन्क्लेव में ऐसे लोगों को भी मतदाता सूची में शामिल कर वोट लड़ने का अधिकार दिया गया था ,जिनके नाम फ्लैट ही नहीं है। वहीं ऐसे लोग आरडब्लूए कार्यकारिणी में भी कब्जा जमाए बैठे हैं। ऐसे ही एक मामले में दो लोगों के खिलाफ शिकायत राम सरन ने जिलाधिकारी कार्यलय में किया है। राम सरन ने इसे अपार्टमेंट एक्ट विधि 15 का उलंघ्घन बताया है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि 13 अक्टूबर व 15 नवम्बर को लिखित रूप में डिप्टी रजिस्ट्रार से शिकायत की गई थी जिसका उन्होंने संज्ञान तो लिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की। शिकायतकर्ता ने आदिश्वर जैन व विनम्र जैन को तत्काल प्रभाव से मुक्त किये जाने की मांग भी की है, क्योंकि इन दोनों का नाम संशोधित वोटर लिस्ट में नहीं है। एडीएम प्रशासन ने उन्हें शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शिकायत को डिप्टी रजिस्ट्रार को जांच के लिए भेज दिया है।